ISSN: 3139-5260
BJAR (https://bjar.in) | April-June | 2026 | Volume-2 | Issue-2

BUNDELKHAND JOURNAL OF ACADEMIC RESEARCH

An International Open Access,
Quarterly Peer Reviewed,
Referred Journal of Academic Research

बुन्देलखण्ड जर्नल ऑफ अकादमिक रिसर्च

Bundelkhand Journal of Academic Research

अकादमिक शोध का त्रैमासिक पीयर रीव्यूड, ओपन एक्सेस, रेफर्ड, द्विभाषी (हिंदी एवं अंग्रेजी)
अंतर्राष्ट्रीय जर्नल
A Quarterly Peer Reviewed, Open Access, Referred, Bi-lingual (Hindi & English)
International Journal of Academic Research

Year: 2026 **Quarter: April-June** **Volume: 02**

प्रधान संपादक
Editor-in-Chief
डॉ. गजेन्द्र सिंह 'मधुसूदन'
Dr. Gajendra Singh 'Madhusudan'
E-mail: gayatripublication2025@gmail.com

4

प्रबंध संपादक
Managing Editor
बृजेन्द्र सिंह
Brijendra Singh
E-mail: gayatri.kbs@gmail.com

Published by:
Gayatri Shodh Evam Prashikshan Sansthan,
Krishna Nagar, Atarra (Banda), UP: 210201

In collaboration with:
Goswami Tulsidas Government Post Graduate College Karwi,
Chitrakoot, Uttar Pradesh: 210205

Bundelkhand Journal of Academic Research
BJAR
2025

बीजेएआर का संपादक मंडल
(Editorial Board of the BJAR)

Dr. Ajay Singh, Professor, Department of Management & Information Systems, College of Business Administration, University of Hail: **Saudi Arabia,** E-mail: a.singh@uoh.edu.sa

Dr. Sunil Kumar, Professor (Sociology), Department of Sociology, Kurukshetra University, Thanesar: **Haryana.**
E-mail: sksoc@kuk.ac.in

Dr. Andrew T. Kugedera, Agriculture and Research, Morgenster Teachers College Morgenster, Masvingo: **Zimbabwe**
E-mail: kugederaandrew48@gmail.com

Dr. N. K. Gupta, Professor & Director (PM&E), Department of Basic Science, Sri Karan Narendra Agriculture University Jobner-Jaipur: **Rajasthan.**
E-mail: nkgupta.pphy@sknau.ac.in

Dr. Mukesh Kumar, Assistant Professor, Department of Economics, Goswami Tulsidas Government Post Graduate College Karwi, Chitrakoot: **Uttar Pradesh**.
E-mail: mukeshkumar@gtgdc.org

Dr. Atul Kumar Kushwaha, Assistant Professor, Department of Chemistry, Goswami Tulsidas Government Post Graduate College Karwi, Chitrakoot: **Uttar Pradesh**.
E-mail: atulkk2008@gtgdc.org

Dr. Rachit Jaiswal, Assistant Professor, Department of Commerce, Goswami Tulsidas Government Post Graduate College Karwi, Chitrakoot: **Uttar Pradesh**.
E-mail: rachitjaiswal@gtgdc.org

Mr. Ram Lakhan Research Scholar, Gayatri Shodh Evam Prashikshan Sansthan (GSPS), Krishna Nagar, Atarra (Banda): **Uttar Pradesh**.
E-mail: potteras9125@gmail.com

Dr. Sanjaya Acharya, Professor, Department of Economics, Tribhuvan University Kirtipur; Kathmandu: **Nepal.**
E-mail: sanjaya.acharya@cdec.tu.edu.np

Dr. Bhupendra Kumar, Professor, Amity Business School, Amity University, Gwalior: **Madhya Pradesh.**
E-mail: bkumar@gwa.amity.edu

Dr. Shambhu Nath Singh, Professor, Institute of Economics & Finance, Bundelkhand University Jhansi; **Uttar Pradesh.** E-mail: drsnsingh@bujhansi.ac.in

Dr. Rajesh Kumar Pal, Principal, Goswami Tulsidas Government Post Graduate College Karwi, Chitrakoot: **Uttar Pradesh.**
E-mail: dr.rajeshkumar@gtgdc.org

Dr. Amit Kumar Singh, Assistant Professor, Department of Sociology, Goswami Tulsidas Government Post Graduate College Karwi, Chitrakoot: **Uttar Pradesh.**
E-mail: amitkumarsingh@gtgdc.org

Dr. Sonu Jain, Assistant Professor (Agricultural Economics), S.K.N. College of Agriculture, Sri Karan Narendra Agriculture University Jobner- Jaipur: **Rajasthan.**
E-mail: sonujain.ageco@sknau.ac.in

Dr. Siddhant Chaturvedi, Assistant Professor, Department of Botany, Goswami Tulsidas Government Post Graduate College Karwi, Chitrakoot: **Uttar Pradesh**.
E-mail: siddhantau1@gtgdc.org

Dr. Amit Kumar Yadav, Assistant Professor (Sociology), Government Degree College Pahi, Chitrakoot: **Uttar Pradesh**.
E-mail: sch.amitkum58@bujhansi.ac.in

=====

Bundelkhand Journal of Academic Research
BJAR
2025

बीजेएआर के विशेषज्ञ (Experts of the BJAR)

Dr. C. B. Singh, Professor, Department of Economics & Finance, Former Dean of Arts Faculty, Bundelkhand University, Jhansi: **Uttar Pradesh.** E-mail: dr.cbsingh195@bujhansi.ac.in

Dr. Girdhari Lal Meena, Professor, Department of Agricultural Economics, College of Agriculture, Maharana Pratap University of Agriculture and Technology, Udaipur: **Rajasthan.** E-mail: glm57@rediffmail.com

Dr. Rakesh Rana, Professor, Department of Sociology, Mahanand Mission Harijan College, Gaziabad, Chaudhary Charan Singh University, Meerut: **Uttar Pradesh.**
E-mail: ranarakesh@gmail.com

Dr. B. S. Badhola, Assistant Professor, (Agriculture Extension Education), S.K.N. College of Agriculture, Sri Karan Narendra Agriculture University Jaipur: **Rajasthan.**
E-mail: bsbadhola.ext@sknau.ac.in

Dr. Sheela Kharkwal, Assistant Professor, S.K.N. College of Agriculture, Sri Karan Narendra Agriculture University (SKNAU) Jobner- Jaipur: **Rajasthan.**
E-mail: sheela.ageco@sknau.ac.in

Dr. Krishna Kumari, Assistant Professor, Department of Psychology, Rajkiya Mahavidyalay Agra cantt, Agra: **Uttar Pradesh.**
E-mail: kkumarigdc21@gmail.com

Dr. Dinesh Meena, Assistant Professor, Department of Commerce, Sri Aurobindo College, Malviya Nagar, New Delhi, Delhi University: **New Delhi.**
E-mail: dmeena_comm@aurobindo.du.ac.in

Dr. Vinay Kumar Patel, Assistant Professor (History), Department of History, Government Girls PG College Banda: **Uttar Pradesh.**
E-mail: vinay.net2012@gmail.com

Dr. Subhita Kumawat, Assistant Professor, Department of Agricultural Economics, S.K.N. College of Agriculture, Sri Karan Narendra Agriculture University (SKNAU) Jobner- Jaipur: **Rajasthan.** E-mail: subhita.ageco@sknau.ac.in

Dr. Uma Ratan Yadav, Professor, Department of Economics, Bundelkhand Degree College Jhansi: **Uttar Pradesh.**
E-mail: uryadav69@gmail.com

Dr. Hari Singh, Professor, Department of Agricultural Economics, Maharana Pratap University of Agriculture and Technology, Udaipur: **Rajasthan**.
E-mail: singhhari71@gmail.com

Dr. Onkar Nath Mishra, Assistant Professor (Sr. Grade), Department of Economics, Bhupendra Narayan Mandal University, Madhepura, **Bihar.**
E-mail: aavirmishra@gmail.com

Dr. Mithilesh Kumar Singh, Assistant Professor (Sociology), Savitri Bai Fule Government College Chakia, Chandauli: **Uttar Pradesh.**
E-mail: dr.mithileshkumarsingh@gmail.com

Dr. Prahlad Singh, Assistant Professor, Department of Mathematics, Rajkiya Mahavidyalay Agra cantt, Agra: **Uttar Pradesh.**
E-mail: prahladanora9@gmail.com

Dr. Ajay Singh, Assistant Professor (English), Goswami Tulsidas Government Post Graduate College Karwi, Chitrakoot: **Uttar Pradesh.** E-mail: ajaysingh@gtgdc.org

Dr. Shyam Singh Gaur, Assistant Professor, Deptt. of Education & Humanities, Mahatma Gandhi Chitrakoot Gramodaya Vishwavidyalaya Chitrakoot: **Madhya Pradesh.**
E-mail: shyamsinghedu3@gmail.com

Dr. Dharmendra Singh, Assistant Professor, Department of Zoology, Government Degree College Sirathu, Kaushambi: **Uttar Pradesh.**
E-mail: dr.dharmendrasingh67@gmail.com

Dr. Pratibha Manohar, Assistant Professor, Department of Statistics, Mathematics & Computer Science, Sri Karan Narendra Agriculture University Jaipur: **Rajasthan.**
E-mail: pratibha.maths@sknau.ac.in

=====

Bundelkhand Journal of Academic Research
BJAR
2025

बीजेएआर के सलाहकार (Advisors of the BJAR)

Dr. Kiran Gaur, Professor, Department of Statistics, Mathematics & Computer Science, S.K.N. College of Agriculture, Sri Karan Narendra Agriculture University Jobner-Jaipur: **Rajasthan.** E-mail: kirangaur.stats@sknau.ac.in

Durgesh kumar Shukla, Principal & Professor, Government Degree College, Manikpur, Chitrakoot: **Uttar Pradesh.**
E-mail: durgeshshukla70707@gmail.com

Dr Vinod Kumar, Principal & Associate Professor, Government Model Degree College Piparahari, Banda: **Uttar Pradesh.**
E-mail: drvinodkumar786@gmail.com

Dr. Manjri Damele, Professor, Department of Economics, Bundelkhand Degree College Jhansi, Bundelkhand University, Jhansi: **Uttar Pradesh.** E-mail: manjridamele@gmail.com

Dr. Gajendra Nath, Principal, Rajarshi Purushottam Das Tandon Government Post Graduate, Lalitpur: **Uttar Pradesh.**
E-mail: gajendranath11@gmail.com

Dr. Manoj Kumar Sharma, Assistant Professor, Department of Statistics, Mathematics & Computer Science, S.K.N. College of Agriculture, Sri Karan Narendra Agriculture University Jobner-Jaipur: **Rajasthan.**
E-mail: mksharma.stats@sknau.ac.in

Dr. Virendra Pratap Chaurasia, Assistant Professor, Department of Economics, Government Degree College Kalpi, Jalaun: **Uttar Pradesh.**
E-mail: virendraauphd@gmail.com

Dr. Maneesh Kumar, Assistant Professor, Department of Economics, D.D.U. Gorakhpur University Gorakhpur: **Uttar Pradesh.**
E-mail: maneeshkumar61@gmail.com

Dr. Brijendra Singh Boudh, Professor, Department of Economics, Bundelkhand Degree College Jhansi, Bundelkhand University, Jhansi: **Uttar Pradesh**.
E-mail: dr.bsboudha1999@gmail.com

Dr. Vinay Kumar Chaudhary, Professor & Principal, Government Degree College, Mathura: **Uttar Pradesh.**
E-mail: vkc2014eng@gmail.com

Dr. Ramesh Singh, Assistant Professor (Botany), B.R. Ambedkar Girls Government PG College, Fatehpur: **Uttar Pradesh.**
E-mail: rameshgdcbotany1980@gmail.com

Dr. Sandeep Kumar, Associate Professor, Department of Physics, Government Degree College Sirathu, Kaushambi: **Uttar Pradesh.**
E-mail: sandeepsps@gmail.com

Dr. Sachendra Kumar, Principal, Fundi Singh Launa Government Post Graduate College, Jalaun: **Uttar Pradesh.**
E-mail: sachendra877@gmail.com

Dr. Ravindra Singh Shekhawat, Senior Scientist, Indian Council of Agricultural Research (ICAR), Indian Institute of Wheat and Barley Research (IIWBR), Karnal: **Haryana.**
E-mail: ravindra.shekhawat@icar.org.in

Dr. Jay Prakash Singh, Assistant Professor, Department of History, Government Girls PG College Banda: **Uttar Pradesh.**
E-mail: jayprakash7619@gmail.com

Dr. Ashutosh Kumar Shukla, Assistant Professor (Political Science), Goswami Tulsidas Government Post Graduate College Karwi, Chitrakoot: **Uttar Pradesh.**
E-mail: ashutoshshukla0907@gmail.com

=====

Bundelkhand Journal of Academic Research
BJAR
2025

बीजेएआर के समीक्षक (Reviewers of the BJAR)

Dr. Mahendra Singh, Assistant Professor (Economics), Veerabhumi Government PG College Bhatipura, Mahoba: **Uttar Pradesh.**
E-mail: mahendrasinghalld1990@gmail.com

Dr. Brijesh Kumar Pal, Assistant Professor (Hindi), Dr. B.R. Ambedkar Girls Government PG College, Fatehpur: **Uttar Pradesh.**
E-mail: brijeshjaishree@gmail.com

Dr. Sanju Kumawat, Assistant Professor, Department of Agriculture, University School of Agriculture Science, Rayat Bahra University, Mohali: **Punjab.**
E-mail: sanju.19117@rayatbahrauniversity.edu.in

Dr. Deepak Gupta, Assistant Professor, Department of Genetics & Plant Breeding, Pulses, Pearlmittet, College of Agriculture, Fatehpur Shekhawati, Sikar, **Rajasthan.**
E-mail: deepakgupta.pbg@sknau.ac.in

Dr. Vinod Kumar, Assistant Professor, Library Science, Dr. S. R. Ranganathan Institute of Library and Information Science, Bundelkhand University, Jhansi: **Uttar Pradesh.**
E-mail: drvinoddlis79@gmail.com

Dr. Shiv Kumar, Assistant Professor, Department of Economics, Government Girls Post Graduate College, Banda: **Uttar Pradesh.**
E-mail: shivkumar25678@rediffmail.com

Dr. Ramesh Chand Asiwal, Assistant Professor (Economics), S.K.N. College of Agriculture, Sri Karan Narendra Agriculture University (SKNAU) Jobner- Jaipur: **Rajasthan.**
E-mail: rcasiwalageco.coalalsot@sknau.ac.in

Dr. Sandeep Kumar Pundir, Assistant Professor, Department of Physics, University of Lucknow: **Uttar Pradesh.**
E-mail: pundir_s@lkouniv.ac.in

Dr. Shelly Gupta, Assistant Professor (Law), Vaish College of Law, Rohtak, Maharishi Dayanand University, Rohtak: **Haryana.**
E-mail: shellysushil@gmail.com

Dr. Anand Kumar, Assistant Professor, Department of Computer Science, Jagadguru Rambhadracharya Divyang State University, Sitapur, Chitrakoot: **Uttar Pradesh.**
E-mail: anand_smsvns@yahoo.co.in

Dr. Devendra Nath Giri, Assistant Professor, Department of History, Smt. Indira Gandhi Government PG College Lalganj, Mirzapur: **Uttar Pradesh.**
E-mail: giridevendranath@gmail.com

Dr. Amita Singh, Assistant Professor, Department of Sanskrit, Savitri Bai Fule Government College Chakia, Chandauli: **Uttar Pradesh.**
E-mail: singhamita1984@gmail.com

Dr. Veer Pratap Singh, Assistant Professor (Botany), Maharani Lal Kunwari (MLK) PG College, Balrampur: **Uttar Pradesh.**
E-mail: drvpsingh1984@gmail.com

Dr. Ram Chiranjeev, Assistant Professor (Sociology), Chaudhary Mahadeo Prasad (CMP) Degree College, Prayagraj, University of Allahabad, **Uttar Pradesh.**
E-mail: chiranjivpal75@gmail.com

=====

Bundelkhand Journal of Academic Research

बुंदेलखण्ड जर्नल ऑफ अकादमिक रिसर्च (बीजेएआर)

Bundelkhand Journal of Academic Research (BJAR)

वर्ष: 02	त्रैमासिक: अप्रैल-जून, 2026	वॉल्यूम-2	अंक-2
Year: 02	**Quarterly: April-June, 2026**	**Volume-2**	**Issue-2**

अकादमिक शोध का त्रैमासिक पीयर रीव्यूड, ओपन एक्सेस, रेफर्ड, द्विभाषी (हिंदी एवं अंग्रेजी) अंतर्राष्ट्रीय जर्नल

(A Quarterly Peer Reviewed, Open Access, Referred, Bi-lingual (Hindi & English) International Journal of Academic Research)

प्रारंभिक वर्ष: 2025 **The Starting Year:** 2025

प्रकाशन: सुरेन्द्र कुमार (महासचिव), गायत्री शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, कृष्णा नगर, अतर्रा (बांदा), उत्तर प्रदेश।

Publisher: Surendra Kumar (General Secretary), Gayatri Shodh Evam Prashikshan Sansthan, Krishna Nagar, Atarra (Banda), UP: 210201

मुद्रक: गायत्री शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, कृष्णा नगर, अतर्रा (बांदा), उत्तर प्रदेश।

Printer: Gayatri Shodh Evam Prashikshan Sansthan, Krishna Nagar, Atarra (Banda), Uttar Pradesh.

टिप्पणी: सभी प्रकार के भुगतान 'बीजेएआर' अतर्रा के नाम से देय है।

Note: All payments are payable in the name of 'BJAR' Atarra.

2. बीजेएआर के प्रधान संपादक और संपादक के पद मानद और अवैतनिक हैं। जबकि प्रबंध संपादक का वैतनिक है।

The positions of Editor-in-Chief and Editors of BJAR are honorary and unpaid, while the Managing Editor is paid.

हमसे संपर्क करें (कार्यालय):

: सुरेन्द्र कुमार, प्रकाशक, बुंदेलखण्ड जर्नल ऑफ अकादमिक रिसर्च (बीजेएआर), गायत्री शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, 226, कृष्णा नगर, अतर्रा (बांदा), उत्तर प्रदेश: 210201

दूरभाष: +918750184716 ई-मेल: gayatripublication2025@gmail.com

: बृजेन्द्र सिंह, प्रबंध निदेशक, बुंदेलखण्ड जर्नल ऑफ अकादमिक रिसर्च (बीजेएआर), गायत्री शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, 226, कृष्णा नगर, अतर्रा (बांदा), उत्तर प्रदेश: 210201

दूरभाष:+918423141082 ई-मेल: gayatri.kbs@gmail.com

Contact Us (Office):

: Surendra Kumar, Publisher, Bundelkhand Journal of Academic Research (BJAR), Gayatri Shodh Evam Prashikshan Sansthan, 226, Krishna Nagar, Atarra (Banda), Uttar Pradesh: 210201.
Telephone: +91-8750184716, Email: gayatripublication2025@gmail.com

: Brijendra Singh, Managing Director, Bundelkhand Journal of Academic Research (BJAR), Gayatri Shodh Evam Prashikshan Sansthan, 226, Krishna Nagar, Atarra (Banda), Uttar Pradesh: 210201
Telephone: +91-8423141082 Email: gayatri.kbs@gmail.com

सुरेन्द्र कुमार (महासचिव, गायत्री शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, कृष्णा नगर, अतर्रा, बांदा) मुद्रक, प्रकाशक और स्वामी द्वारा गायत्री शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान से मुद्रित करवाकर प्रकाशित। प्रबंध संपादक: बृजेन्द्र सिंह, बुंदेलखण्ड जर्नल ऑफ अकादमिक रिसर्च (बीजेएआर), कृष्णा नगर, अतर्रा (बांदा), उत्तर प्रदेश: 210201

Note: The views expressed in the published articles are their writers own. The agreement of the Editorial Board or the Shodh Pratisthan is not necessary Disputes, if any shall be decided by the court at Atarra (Banda), Uttar Pradesh.

Bundelkhand Journal of Academic Research

वर्ष: 02	त्रैमासिक: अप्रैल-जून, 2026	वॉल्यूम-2	अंक-2
Year: 02	Quarterly: April-June, 2026	Volume-2	Issue-2

अनुक्रमणिका (Table of Contents)

01. चित्रकूट जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन — 1-23
डॉ. गजेन्द्र सिंह 'मधुसूदन', डॉ. अमित कुमार यादव

02. विकसित भारत की आधारशिला के रूप में नागरिक कर्तव्यों का अवलोकन — 24-30
बृजेश कुमार पाल, धर्मकीर्ति कुशवाहा

03. भारत के आर्थिक विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रदर्शन का अध्ययन — 31-41
डॉ. मुकेश कुमार

04. सिकंदरा स्थित सम्राट अकबर के मकबरे के स्थापत्य का ऐतिहासिक विश्लेषण — 42-47
डॉ. विनय कुमार पटेल

05. भारत में तीन तलाक की स्थिति का समाजशास्त्रीय विश्लेषण — 48-52
डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. रवीश कुमार सिंह, डॉ. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव

06. उत्तर प्रदेश में सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों के वित्तीय निष्पादन का विश्लेषणात्मक अध्ययन — 53-58
डॉ. वीरेन्द्र प्रताप चौरसिया

07. चित्रकूट जिले के गरीबी निवारण में सरकारी योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन — 59-78
डॉ. गजेन्द्र सिंह 'मधुसूदन', राम लखन

08. A Comparative and Growth-Based Classification Matrix of Primary Agricultural Credit Societies at the State Level: An Empirical Study — 79-86
Rachit Jaiswal, Dr Abhilash Kumar Srivastava

09. Effect of Integrated Nutrient Management on Productivity and Profitability of Maize (Zea mays L.) Under Irrigated Conditions of Punjab — 87-92
Malvi Katoch, Sanju Kumawat

10. Constraint Faced by Sorghum Grower in Ajmer district of Rajasthan — 93-97
Narendra Yadav, Sonu Jain

11. A Review on Preservatives Present in Packaged Food Items — 98-105
Dr. Atul Kumar Kushwaha

12. The Prospects for the Development of IPRs in Indian Knowledge Systems — 106-113
Mr. Saurabh Sunil Mali

13. Combined Effect of Nano Urea and Sulphur on Growth, Development and Yield of Mustard — 114-119
Randhir, Sanju Kumawat

14. Constraints faced by Soyabean cultivators in Jhalwar district of Rajasthan — 120-124
Amit Kumar Kasotiya, Sonu Jain, Shivraj Kumawat

Published by: Gayatri Shodh Evam Prashikshan Sansthan, 226, Krishna Nagar, Atarra (Banda), UP: 210201
In collaboration with: Goswami Tulsidas Govt. Post Graduate College Karwi, Chitrakoot, Uttar Pradesh: 210205

Bundelkhand Journal of Academic Research

चित्रकूट जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन

डॉ. गजेन्द्र सिंह 'मधुसूदन'[1], डॉ. अमित कुमार यादव[2]

1. **असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र),** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी, चित्रकूट, उत्तर प्रदेश।
2. **असिस्टेंट प्रोफेसर (समाजशास्त्र),** संघटक राजकीय महाविद्यालय पाही, चित्रकूट, उत्तर प्रदेश।

(**Corresponding Author:** gajendrashodh1988@gmail.com)

https://doi.org/10.5281/zenodo.21787217

सारांश

महिला सशक्तिकरण हमारे आर्थिक और सामाजिक विकास का एक मापदंड है। यह समावेशी एवं सतत विकास का एक महत्वपूर्ण आधार है, क्योंकि महिला सशक्तिकरण एक बहुआयामी अवधारणा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को निर्णय लेने की स्वतंत्रता, अधिकारों में समानता और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक एवं राजनीतिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। बुंदेलखंड के ग्रामीण बहुल जिला चित्रकूट में सरकारी योजनाओं ने जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव और प्रभाव दिखाया है। अध्ययन में पाया गया कि सरकारी योजनाओं से महिलाओं के आर्थिक स्तर में सुधार हुआ है और उन्हें आत्म–निर्भरता मिली है, जिससे परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका मजबूत हुई है। आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय महिलाओं को वित्तीय सहायता मिलने से वे दैनिक जीवन की बुनियादी जरूरतें पूरी करने में सक्षम हुई हैं। इससे संकटग्रस्त परिवारों में महिलाओं की आर्थिक स्थिति कुछ हद तक स्थिर हुई है। आजीविका के अवसर बढ़ने और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के बाद महिलाओं में सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर निर्णय लेने की क्षमता बढ़ी है। चित्रकूट एक आकांक्षी एवं मुख्यतः ग्रामीण जिला है, जहाँ गरीबी, अशिक्षा और सीमित रोजगार अवसर जैसी चुनौतियाँ विद्यमान हैं। इसलिए महिलाओं के सशक्तिकरण पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन आवश्यक है।

आलेख सूचना			
	प्राप्त: 29 मार्च, 2026	**स्वीकृत:** 16 अप्रैल, 2026	**प्रकाशित:** 30 जून, 2026
	सारणी: 36	**चित्र एवं ग्राफ:** 00	**स्रोत एवं संदर्भ:** 24
	मुख्य शब्द: सशक्तिकरण, समावेशन, एसएचजी, सुरक्षा, निर्णय क्षमता, वित्तीय, विकास।		

1. परिचय एवं पृष्ठभूमि : महिला सशक्तिकरण वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षिक तथा कानूनी रूप से सक्षम बनाया जाता है, ताकि वे अपने जीवन से जुड़े निर्णय स्वतंत्र रूप से ले सकें, अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें, समाज में पुरुषों के समान अवसर एवं सम्मान प्राप्त कर सकें। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य महिलाओं की निर्णय–निर्माण क्षमता, संसाधनों पर नियंत्रण तथा समान अवसरों तक पहुँच सुनिश्चित करना है।

भारत सरकार ने वर्ष 2001 में पहली आधिकारिक राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण नीति की घोषणा की थी, जिसे बाद में बदलती सामाजिक–आर्थिक स्थितियों के अनुसार 'महिलाओं के कल्याण' से बढ़ाकर 'महिलाओं के नेतृत्व में विकास' के दृष्टिकोण में ढाला गया है। भारत की महिला सशक्तिकरण नीति केवल योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को सुरक्षा, संसाधन और स्वतंत्रता देकर राष्ट्र निर्माण में समान भागीदार बनाने का एक विजन है।

भारत में महिला सशक्तिकरण के प्रयास समाज, अर्थव्यवस्था, कानून और शिक्षा के हर स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। महिलाओं को सिर्फ लाभार्थी बनाने के बजाय विकास प्रक्रिया की अगुआ बनाने की दिशा में कई अहम कदम उठाए गए हैं। देश में 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक

महिलाएँ जुड़ी हुई हैं। इनमें से 1 करोड़ से अधिक महिलाओं को 'लखपति दीदी' (वार्षिक आय 1 लाख रुपए या अधिक) बनाया जा चुका है। मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत दिए गए ऋणों में लगभग 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएँ हैं। इससे जमीनी स्तर पर महिला उद्यमिता को काफी बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 70 प्रतिशत से अधिक घर पूरी तरह या संयुक्त रूप से महिलाओं के नाम पर आवंटित किए गए हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना ने बाल–लिंगानुपात सुधारने, बालिकाओं के नामांकन एवं शिक्षा को बढ़ावा देने में बड़ी भूमिका निभाई है। बेटियों की उच्च शिक्षा और विवाह की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में सुकन्या समृद्धि योजना एक बेहद लोकप्रिय छोटी बचत योजना है। मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम के तहत कामकाजी महिलाओं के लिए सवेतन मातृत्व अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया गया है। स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए पहले से ही 33 से 50 प्रतिशत तक आरक्षण का प्रावधान लागू है। वन स्टॉप सेंटर के तहत हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे चिकित्सा, कानूनी, पुलिस और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जाती है। देश में महिला हितैषी प्रयासों का परिणाम है कि महिला श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) जो 2017–18 में लगभग 23.3 प्रतिशत थी, वह 2023–24 तक बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गई है।

इस तरह महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं के विकास का विषय नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय, आर्थिक प्रगति और सतत विकास की आधारशिला है। जब महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, समान अवसर और निर्णय लेने का अधिकार मिलता है, तब परिवार, समाज और राष्ट्र का समग्र विकास सुनिश्चित होता है। इसलिए महिला सशक्तिकरण के लिए सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सामाजिक जागरूकता तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देना आवश्यक है।

1.1. महिला सशक्तिकरण के आयामः महिला सशक्तिकरण एक बहुआयामी अवधारणा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को निर्णय लेने की स्वतंत्रता, समान अधिकार और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। इसके प्रमुख आयाम निम्नलिखित हैं:

1. शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सामाजिक सम्मान की प्राप्ति से महिलाओं का सामाजिक सशक्तिकरण।
2. रोजगार, स्वरोजगार, आय के साधनों और वित्तीय संसाधनों तक पहुँच से महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण।
3. स्थानीय निकायों एवं राजनीतिक संस्थाओं में भागीदारी से महिलाओं का राजनीतिक सशक्तिकरण।
4. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास एवं डिजिटल साक्षरता से महिलाओं का शैक्षिक सशक्तिकरण।
5. संविधान एवं कानूनों द्वारा प्रदत्त अधिकारों के प्रभावी उपयोग से महिलाओं का कानूनी सशक्तिकरण।
6. आत्मविश्वास, आत्मसम्मान एवं नेतृत्व क्षमता के विकास से महिलाओं का मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण।

1.2. महिला सशक्तिकरण का औचित्यः महिला सशक्तिकरण से महिलाएं सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से मजबूत होती हैं, जिससे वे अपने जीवन से जुड़े निर्णय स्वयं लेने में सक्षम होती हैं। यह लैंगिक समानता लाने, गरीबी दूर करने और एक स्वस्थ, विकसित समाज के निर्माण के लिए बेहद आवश्यक है। इससे लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलता है और परिवार एवं समाज का समग्र विकास होता है। महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी बढ़ने से देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। वित्तीय स्वतंत्रता उनके जीवन स्तर में सुधार लाती है। इससे गरीबी एवं बेरोजगारी में कमी आती है। शिक्षित और सशक्त महिलाएं अपने स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा और परिवार के कल्याण पर बेहतर ध्यान देती हैं, जिससे संपूर्ण समाज का विकास होता है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा के स्तर में सुधार से अंततः सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी), विशेषकर एसडीजी–5 (लैंगिक समानता) की प्राप्ति में सहायता मिलती है।

1.3. महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु योजनाएं: चित्रकूट जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु संचालित एवं अध्ययन में शामिल प्रमुख सरकारी योजनाएं निम्न प्रकार हैं:

1.3.1. **दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई–एनआरएलएम)** ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित भारत सरकार की एक प्रमुख गरीबी उन्मूलन योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में संगठित करके, उन्हें कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और आजीविका के साधन प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है।

1.3.2. **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई)** भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 1 मई 2016 को शुरू की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों की महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन प्रदान करना है ताकि उन्हें पारंपरिक अस्वच्छ ईंधन (जैसे लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले) के धुएं से मुक्ति मिल सके। कनेक्शन के साथ पहला रिफिल सिलेंडर और एक गैस चूल्हा मुफ्त दिया जाता है। चित्रकूट में पीएमयूवाई के कुल 129,915 लाभार्थी हैं, जिन्हें योजना के विभिन्न चरणों के तहत आच्छादित किया गया है।

1.3.3. **प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई)** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित एक प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना है। इसके तहत पहले जीवित बच्चे के जन्म पर 5000 रुपए और दूसरी संतान बालिका होने पर 6000 रुपए की वित्तीय सहायता गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को दी

जाती है। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को मजदूरी के नुकसान की आंशिक भरपाई करना, उचित पोषण और आराम सुनिश्चित करना है। चित्रकूट में पीएमएमवीवाई से अब तक 25,000 से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। योजना में लक्ष्य के सापेक्ष 106 प्रतिशत उपलब्धि के साथ चित्रकूट जिले का प्रदेश में पहला स्थान है। चित्रकूट में योजना के संचालन का प्रदर्शन काफी उत्कृष्ट रहा है।

1.3.4. **प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई)** भारत सरकार की एक राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक, विशेषकर गरीब एवं वंचित वर्ग को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना और उन्हें बैंकिंग, बीमा, पेंशन तथा ऋण जैसी वित्तीय सेवाओं की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसका शुभारंभ 28 अगस्त 2014 को हुआ। चित्रकूट जिले में पीएमजेडीवाई के खाताधारकों की संख्या 3.12 लाख है और कुल लाभार्थियों में महिलाओं की भागीदारी 55 प्रतिशत से अधिक है।

1.3.5. **प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई)** भारत सरकार की एक कल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य बेघर और कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त पक्के मकान उपलब्ध कराना है। इसमें पक्के मकान के साथ–साथ उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, बिजली की सुविधा और नल से जल जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी एकीकृत किया जाता है।

1.3.6. **प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई)** भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है जो सूक्ष्म उद्यमों को बिना किसी गारंटी के 20 लाख रुपये तक का लोन प्रदान करती है। यह ऋण बिना गारंटी के शिशु, किशोर और तरुण श्रेणियों के तहत विनिर्माण, व्यापार और सेवा क्षेत्र के साथ–साथ कृषि से जुड़ी गतिविधियों के लिए भी उपलब्ध है। चित्रकूट जिले में पीएमएमवाई के तहत अब तक 50 हजार से अधिक लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। इन लाभार्थियों में महिला उद्यमियों और वंचित वर्गों की भागीदारी 70 प्रतिशत है।

1.4. अध्ययन के उद्देश्यः प्रस्तुत शोध के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया गया है कि क्या चित्रकूट जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण पर योजनाओं का प्रभाव हो रहा है और यदि हो रहा है तो महिलाओं के जीवन–स्तर में कितना सुधार हुआ है? इसलिए प्रस्तुत शोध के प्रमुख उद्देश्य निम्न प्रकार हैं:

1. चित्रकूट में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु सरकारी योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन करना।
2. महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु सरकारी योजनाओं के आर्थिक प्रभाव का मूल्यांकन करना।
3. महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु सरकारी योजनाओं के सामाजिक प्रभाव का आकलन करना।
4. योजनाओं के क्रियान्वयन में निहित चुनौतियों की पहचान एवं सुझाव प्रस्तुत करना।

2. साहित्य की समीक्षा : शोध साहित्य की समीक्षा किसी विशेष शोध विषय पर पहले से प्रकाशित पुस्तकों, लेखों और शोध–पत्रों का आलोचनात्मक विश्लेषण है। इसका उद्देश्य स्रोतों का सारांश देना, उनके निष्कर्षों का मूल्यांकन करना और वर्तमान शोध में मौजूद अंतरालों की पहचान करके अपने शोध के लिए आधार तैयार करना है, क्योंकि इससे यह स्पष्ट होता है कि संबंधित विषय पर पूर्व में क्या अध्ययन हुए हैं, उनकी प्रमुख प्राप्तियां क्या हैं और किन क्षेत्रों में अभी भी शोध की आवश्यकता है।

महिलाओं से संबंधित शोध साहित्य से स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार आ रहा है, लेकिन विकास के विभिन्न स्तरों में चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। लैंगिक भेदभाव, अशिक्षा एवं कम साक्षरता, घरेलू हिंसा, आर्थिक निर्भरता, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा, रोजगार के सीमित अवसर, सामाजिक रूढ़ियाँ एवं पितृसत्तात्मक व्यवस्था जैसी चुनौतियां योजनाओं के सशक्तिकरण के प्रभाव को कमजोर करती हैं (दीनदयाल शोध संस्थान)।

चित्रकूट उत्तर प्रदेश का एक आकांक्षी एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा जिला है, यहाँ की सामाजिक–आर्थिक स्थिति, जल–संकट, भौगोलिक चुनौतियाँ और पारंपरिक ढाँचा महिलाओं की स्थिति को सीधे प्रभावित करते हैं। परिणामस्वरूप महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा वित्तीय संसाधनों तक पहुँच अपेक्षाकृत सीमित रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी, अशिक्षा, रूढ़िवादी सामाजिक मान्यताएँ तथा सीमित रोजगार अवसर महिलाओं के सशक्तिकरण में प्रमुख बाधाएँ हैं (पावनी एवं कुमार, 2025)।

महिला स्वावलंबन पर सकारात्मक नतीजों के बावजूद चित्रकूट के कई दुर्गम और ग्रामीण इलाकों में कुछ सीमाएं हैं। जिले में योजनाओं के बारे में जागरूकता की कमी है और ग्रामीण इलाकों में महिलाएं आज भी परंपराओं और प्रथाओं से जुड़ी हैं, जिसके चलते दूर–दराज के गांवों में डिजिटल साक्षरता और योजनाओं की पूरी जानकारी न होने से आवेदन प्रक्रिया कठिन होती है। कौशल विकास की पहुंच बढाने के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में ट्रेनिंग सेंटरों और स्किल डेवलपमेंट की मोबाइल यूनिट्स की जरूरत है (ग्रामीण विकास पत्रिका, 2023)।

अध्ययन दर्शाते हैं कि बुंदेलखंड क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) ने महिलाओं में सूक्ष्म बचत, बैंक ऋण तक पहुँच और लघु उद्यमशीलता (जैसे हस्तशिल्प, कृषि प्रसंस्करण) को बढ़ाया है। चित्रकूट जैसे कृषि–प्रधान

और पिछड़े जिलों में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के बाद महिलाओं की पारिवारिक आय में 15 से 20 प्रतिशत तक सुधार दर्ज किया गया है। अनेक शोधों में स्वयं सहायता समूहों को ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बताया गया है। एसएचजी के माध्यम से महिलाओं में बचत की आदत, ऋण प्राप्त करने की क्षमता, लघु उद्यम स्थापना तथा निर्णय लेने का आत्मविश्वास बढ़ा है। उत्तर प्रदेश में एसएचजी और एनआरएलएम के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्थिति एवं सामाजिक प्रतिष्ठा में सकारात्मक परिवर्तन देखा गया है। हालांकि वित्तीय साक्षरता की कमी, डिजिटल भुगतान में झिझक और विपणन के साधनों तक सीधी पहुँच न होना मुख्य बाधाएँ बनी हुई हैं (पांडे एवं शुक्ला, 2026)।

रिचा नागर (2000) ने चित्रकूट में महिलाओं के जमीनी स्तर के आंदोलनों का अध्ययन करते हुए बताया कि सामूहिक संगठन, महिला शिक्षा और सामाजिक संवाद ने महिलाओं में आत्मविश्वास तथा अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाई है। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय एवं अन्य शोधों में भी महिलाओं के कानूनी अधिकारों, जागरूकता और शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

शोध अध्ययन बताते हैं कि स्थानीय निकायों में आरक्षण से महिला प्रतिनिधियों (सरपंच/वार्ड सदस्य) की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन अधिकांशतः 'पति–सरपंच' की प्रथा प्रभावी है, जहाँ वास्तविक शक्तियाँ परिवार के पुरुष सदस्यों के पास रहती हैं। यद्यपि धीरे–धीरे प्रशिक्षण कार्यक्रमों और गैर–सरकारी संगठनों के हस्तक्षेप से महिला प्रतिनिधियों की स्वायत्तता में वृद्धि हो रही है। बालिका शिक्षा योजनाओं से चित्रकूट के ग्रामीण क्षेत्रों में ड्रॉपआउट दर में कमी आई है। हालाँकि, उच्च शिक्षा और तकनीकी/व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों तक भौगोलिक पहुँच कम होना अभी भी एक चुनौती है।

अध्ययन बताते हैं कि चित्रकूट के पठारी क्षेत्रों में पानी जुटाने की मुख्य जिम्मेदारी महिलाओं पर होती है। जल जीवन मिशन के प्रभाव पर अध्ययन बताते हैं कि घर नल योजना से महिलाओं के समय और शारीरिक श्रम की बचत हुई है, जिसे वे आय–उत्पादक गतिविधियों में लगा पा रही हैं। इसी तरह बुंदेलखंड से होने वाले मौसमी पलायन के कारण घर की देखरेख और खेती की जिम्मेदारी महिलाओं पर रहती है, जिसे शोध साहित्य में 'कृषि का महिलाकरण' कहा गया है।

अध्ययन में यह भी पाया गया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और जननी सुरक्षा योजना ने महिलाओं के स्वास्थ्य संकेतकों में सकारात्मक बदलाव लाया है। हालांकि कई अध्ययनों में पाया गया है कि चित्रकूट की ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। गरीबी, परिवहन की कमी, सामाजिक प्रतिबंध, बाल विवाह तथा योजनाओं की सीमित जानकारी जैसी समस्याएँ उनकी भागीदारी को प्रभावित करती हैं।

2.1. शोध अंतरालः उपर्युक्त शोध साहित्य की समीक्षा से स्पष्ट होता है कि चित्रकूट जिले के पाठा क्षेत्र और दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में अंतर्विभागीय योजनाओं के संयुक्त या समन्वित प्रभाव पर जमीनी अध्ययनों की कमी है। विशेष रूप से यह अध्ययन करने की आवश्यकता है कि क्या सरकारी योजनाओं से निर्गत आर्थिक लाभ महिलाओं में वास्तविक निर्णय लेने की स्वतंत्रता में बदलाव ला पाए हैं या नहीं। उपलब्ध शोध साहित्य से स्पष्ट होता है कि महिलाओं के सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर अनेक अध्ययन हुए हैं, जबकि चित्रकूट जिले के संदर्भ में शोध अपेक्षाकृत सीमित हैं। अधिकांश अध्ययन शिक्षा, कौशल विकास, स्वयं सहायता समूहों या किसी एक कार्यक्रम तक सीमित हैं। योजनाओं के वास्तविक प्रभाव का समग्र मूल्यांकन अभी भी पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं है।

शोध साहित्य से यह स्पष्ट होता है कि अधिकांश अध्ययन किसी एक समय बिंदु पर आधारित हैं। योजनाओं से महिलाओं की आय, आत्मनिर्भरता, सामाजिक भागीदारी और निर्णय लेने की क्षमता में दीर्घकालिक परिवर्तन का अध्ययन अपेक्षाकृत कम है। चित्रकूट जिले की स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने हेतु साक्ष्य–आधारित नीतिगत सुझाव देने वाले अध्ययन बहुत कम उपलब्ध हैं। जिले में विशेष रूप से विभिन्न सरकारी योजनाओं के संयुक्त प्रभाव का व्यापक, क्षेत्रीय एवं तुलनात्मक अध्ययन अपेक्षाकृत कम है। विशेषकर महिलाओं की आर्थिक स्थिति, निर्णय क्षमता, सामाजिक सहभागिता और योजनाओं के वास्तविक लाभ के बीच संबंधों का विश्लेषण भी आवश्यक है।

उपर्युक्त शोध अंतरालों के आधार पर 'चित्रकूट जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन' अत्यंत प्रासंगिक है। यह अध्ययन न केवल विभिन्न सरकारी योजनाओं के वास्तविक प्रभाव का मूल्यांकन करेगा, बल्कि महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक एवं निर्णयात्मक स्थिति में आए परिवर्तनों का समग्र विश्लेषण प्रस्तुत करेगा। साथ ही, यह योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं की पहचान कर भविष्य की नीति–निर्माण प्रक्रिया के लिए उपयोगी सुझाव प्रदान करेगा। इसलिए प्रस्तुत शोध में चित्रकूट जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन किया गया है।

3. अनुसंधान पद्धति : उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में स्थित चित्रकूट जिला भौगोलिक रूप से पथरीला, सूखा प्रवण और सामाजिक–आर्थिक रूप से पिछड़ा क्षेत्र माना जाता है। जिले में महिलाएं आज भी परंपराओं और प्रथाओं से जुड़ी हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों और योजनाओं के जरिए उनका सशक्तिकरण बढ़ रहा है। इसलिए, चित्रकूट जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण पर योजनाओं के मात्रात्मक और गुणात्मक बदलाव का मूल्यांकन करने का प्रयास किया गया है। यह अध्ययन वर्णनात्मक तथा विश्लेषणात्मक अनुसंधान पर आधारित है। हालांकि यह पूर्णतः प्राथमिक आंकड़ों के विश्लेषण तक सीमित है।

3.1. लक्षित जनसंख्याः चित्रकूट जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए लक्षित जनसंख्या का चयन शोध के उद्देश्यों पर निर्भर है। अध्ययन में गरीबी रेखा से नीचे जीवन व्यतीत करने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्तकर्ता महिलाओं को शामिल किया गया है। अध्ययन में जिले के ग्रामीण और शहरी परिवार दोनों शामिल हैं। अध्ययन में चित्रकूट जिले की 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिलाएँ शामिल हैं, विशेष रूप से वे महिलाएँ जो विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी हैं।

3.2. नमूने का आकारः प्रस्तुत शोध अध्ययन में जिले के विभिन्न विकास खंडों से कुल 65 उत्तरदाताओं की प्रतिक्रियाओं को विश्लेषण में शामिल किया गया है। उत्तरदाताओं के नमूने में ऐसी महिलाओं को शामिल किया गया है, जो कम से कम 3 अथवा 3 से अधिक योजनाओं की लाभार्थी हैं। यद्यपि प्रस्तुत अध्ययन के लिए 90 लाभार्थियों को प्रश्नावली वितरित की गई थी, लेकिन विश्लेषण योग्य केवल 65 लाभार्थियों की प्रश्नावलियां थी, जिसके कारण 65 उत्तरदाताओं की प्रतिक्रियाओं को विश्लेषण में शामिल किया गया है।

3.3. नमूनाकरण विधिः प्रस्तुत अध्ययन के लिए खुले प्रश्नों वाली एक संरचित प्रश्नावली तैयार की गई है, जिसमें जनसांख्यिकी, भूमि स्वामित्व, आय के स्रोत, प्राप्त योजनाओं के लाभ और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पर प्रश्न शामिल किए गए हैं। इसके अलावा समूह केंद्रित चर्चा भी की गई है। शोध को सटीक बनाने के लिए जिले के विभिन्न विकास खंडों से स्तरीकृत यादृच्छिक प्रतिचयन विधि का उपयोग करके उत्तरदाताओं का चयन किया गया है। नमूना चयन के लिए बहुस्तरीय नमूनाकरण एवं उद्देश्यपूर्ण विधि को अपनाया गया है। इस तरह बहुस्तरीय नमूनाकरण (मल्टीस्टेज सैंपलिंग) के विभिन्न चरणों में स्तरीकृत यादृच्छिक प्रतिचयन और उद्देश्यपूर्ण विधि दोनों को मिला कर आंकड़ों का संकलन किया गया है।

3.4. अध्ययन की आवश्यकताः चित्रकूट जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन करना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि यह जिला सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से अपेक्षाकृत पिछड़ा और ग्रामीण बहुल क्षेत्र है। अध्ययन से यह स्पष्ट होगा कि योजनाओं के कारण महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आय, निर्णय लेने की क्षमता तथा सामाजिक भागीदारी में कितना सुधार हुआ है। कई बार योजनाओं का लाभ सभी पात्र महिलाओं तक नहीं पहुँच पाता है। अध्ययन से क्रियान्वयन में आने वाली समस्याएँ, जागरूकता की कमी, प्रशासनिक बाधाएँ तथा सामाजिक अवरोधों की पहचान की जा सकती है। चित्रकूट की महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, वित्तीय संसाधनों और सामाजिक समानता से संबंधित जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उनका वास्तविक स्वरूप अध्ययन से सामने आएगा। यह अध्ययन लैंगिक समानता (एसडीजी–5), गरीबी उन्मूलन (एसडीजी–1), गुणवत्तापूर्ण शिक्षा (एसडीजी–4) तथा गरिमापूर्ण रोजगार (एसडीजी–8) जैसे सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति का मूल्यांकन करने में सहायक होगा। चित्रकूट जैसे ग्रामीण बहुल जिले में महिलाओं का सशक्तिकरण परिवार, समुदाय और स्थानीय अर्थव्यवस्था के समग्र विकास का आधार है। इसलिए योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन स्थानीय विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अध्ययन के आधार पर ऐसे सुझाव दिए जा सकते हैं, जिनसे महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सम्मान में वृद्धि हो सके। अध्ययन के निष्कर्ष सरकार एवं नीति–निर्माताओं को योजनाओं में आवश्यक सुधार करने और नई रणनीतियाँ बनाने में उपयोगी होंगे।

3.5. अध्ययन का क्षेत्रः उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित बुंदेलखंड क्षेत्र का चित्रकूट जिला धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से जितना समृद्ध है, आर्थिक रूप से यह लंबे समय से उतनी ही गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। चित्रकूट की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि, धार्मिक पर्यटन और हस्तशिल्प पर निर्भर है। जिले का मुख्य आधार कृषि है। जिले में कृषि पर अत्यधिक निर्भरता और मौसमी रोजगार, महिलाओं की औसत आय अपेक्षाकृत कम होना, भूमि, पूंजी और आधुनिक तकनीक तक सीमित पहुँच, बाजार और विपणन सुविधाओं का अभाव, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण की कमी, घरेलू कार्यों का अधिक बोझ आदि के कारण नियमित आय, समृद्धि और रोजगार के अवसर सीमित हो जाते हैं।

जनगणना, 2011 के अनुसार, चित्रकूट जिले की कुल आबादी 9.92 लाख थी, जिसमें पुरुषों की आबादी 5.28 लाख और महिलाओं की आबादी 4.64 लाख थी। ग्रामीण आबादी 8.95 लाख (90.29 प्रतिशत) और शहरी आबादी 96 हजार (9.71 प्रतिशत) थी। चित्रकूट उत्तर प्रदेश का एक मुख्यतः ग्रामीण एवं आकांक्षी जिला है। यहाँ की अधिकांश महिलाएँ कृषि, पशुपालन, वनोपज संग्रह, मनरेगा तथा असंगठित क्षेत्र के कार्यों पर निर्भर हैं। अधिकांश महिलाएँ खेती,

खेतिहर मजदूरी, पशुपालन तथा कृषि से जुड़े कार्यों में लगी हैं। अनेक महिलाएँ पारिवारिक कृषि कार्यों में योगदान देती हैं, लेकिन भूमि का स्वामित्व प्रायः पुरुषों के नाम होने के कारण उनकी आर्थिक निर्णय क्षमता सीमित रहती है। ग्रामीण महिलाओं की आय मुख्यतः कृषि मजदूरी, मनरेगा, डेयरी, बकरी पालन और छोटे घरेलू व्यवसायों से होती है। रोजगार के अवसर सीमित होने के कारण कई परिवार गरीबी रेखा के आसपास जीवनयापन करते हैं। इसलिए प्रस्तुत अध्ययन में चित्रकूट जिले की महिलाओं के सशक्तिकरण पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव को समझने का प्रयास किया गया है।

4. आंकड़ों का विश्लेषण एवं निर्वचन : प्राथमिक आँकड़ों का विश्लेषण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा प्रश्नावली, साक्षात्कार, अवलोकन आदि से प्राप्त जानकारी को व्यवस्थित करके उसके आधार पर निष्कर्ष निकाले जाते हैं। प्रस्तुत विश्लेषण का उद्देश्य यह बताना है कि एकत्रित आँकड़े शोध के उद्देश्यों को किस प्रकार स्पष्ट करते हैं। किसी व्यक्ति का दृष्टिकोण उसकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति एवं पर्यावरण से प्रभावित होता है। सभी उत्तरदाताओं की किसी योजना के प्रति राय समान नहीं हो सकती। लिंग, आयु, जाति, धार्मिक विश्वास, संस्कृति, शिक्षा आदि चिंतन एव बोध के स्तर पर प्रभाव डालते हैं। उत्तरदाता जिस सामाजिक–आर्थिक संदर्भ समूह में रह रहे होते हैं, उसका प्रभाव उनकी सामाजिक–आर्थिक परिस्थितयों पर भी पड़ता है।

सारणी–1 सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की सामाजिक पृष्ठभूमि को दर्शाती है। इसमें कुल उत्तरदाताओं के आंकड़ों को चार प्रमुख सामाजिक श्रेणियों में विभाजित कर उनकी आवृत्ति और प्रतिशत के आधार पर विश्लेषण किया गया है। सरकारी योजनाओं के 65 लाभार्थियों की सामाजिक पृष्ठभूमि का विवरण स्थानीयता, जाति, धर्म और शैक्षिक स्थिति के आधार पर प्रस्तुत किया गया है। सारणी के अनुसार कुल उत्तरदाताओं में 55.38 प्रतिशत ग्रामीण महिलाएँ और 44.62 प्रतिशत शहरी महिलाएँ हैं। इससे स्पष्ट होता है कि अध्ययन में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का प्रतिनिधित्व अधिक है। यह दर्शाता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षाकृत अधिक महिलाओं तक पहुँच रहा है।

जातीय संरचना के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग के 41.54 प्रतिशत उत्तरदाता जो कि सर्वाधिक हैं। इसके बाद अनुसूचित जाति के 33.85 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग के 24.62 प्रतिशत उत्तरदाता हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकारी योजनाओं का लाभ मुख्यतः सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों तक पहुँच रहा है, जो सामाजिक समावेशन की दिशा में सकारात्मक संकेत है। धार्मिक आधार पर 75.38 प्रतिशत उत्तरदाता हिन्दू और 24.62 प्रतिशत उत्तरदाता मुस्लिम एवं अन्य धर्मों से संबंधित हैं। स्पष्ट है कि अध्ययन में हिन्दू समुदाय का प्रतिनिधित्व अधिक है, जबकि अन्य धर्मों की भागीदारी अपेक्षाकृत कम है।

शैक्षिक स्तर के अनुसार 30.77 प्रतिशत उत्तरदाता प्राथमिक शिक्षित हैं, जो सर्वाधिक हैं। इसके बाद 29.23 प्रतिशत अशिक्षित, 24.62 प्रतिशत माध्यमिक शिक्षित और 15.38 प्रतिशत उच्च शिक्षित उत्तरदाता हैं। इससे स्पष्ट होता है कि अधिकांश लाभार्थियों का शैक्षिक स्तर निम्न या मध्यम है तथा उच्च शिक्षित महिलाओं की संख्या अपेक्षाकृत कम है।

सारणी-1: सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की सामाजिक पृष्ठभूमि का विवरण

सामाजिक पृष्ठभूमि	वर्गीकरण	आवृत्ति	प्रतिशत
स्थानीय संरचना	ग्रामीण महिलाएं	36	55.38
	शहरी महिलाएं	29	44.62
जाति संरचना	सामान्य वर्ग	16	24.62
	अन्य पिछड़ा वर्ग	27	41.54
	अनुसूचित जाति	22	33.85
धार्मिक संरचना	हिन्दू	49	75.38
	मुस्लिम व अन्य	16	24.62
शैक्षिक स्थिति	अशिक्षित	19	29.23
	प्राथमिक शिक्षित	20	30.77
	माध्यमिक शिक्षित	16	24.62
	उच्च शिक्षित	10	15.38
	कुल उत्तरदाता	**65**	**100**

सारणी के आधार पर यह कहा जा सकता है कि अध्ययन में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों में ग्रामीण महिलाओं, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति के उत्तरदाताओं और हिन्दू समुदाय का प्रतिनिधित्व अधिक है। साथ ही अधिकांश लाभार्थी प्राथमिक शिक्षित अथवा अशिक्षित हैं। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ मुख्यतः सामाजिक एवं आर्थिक रूप से अपेक्षाकृत कमजोर और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं तक पहुँच रही हैं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि योजनाएँ वंचित वर्गों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण में सार्थक भूमिका निभा रही हैं।

4.1. चित्रकूट में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु सरकारी योजनाओं के प्रभाव : चित्रकूट जिले की 65 महिला उत्तरदाताओं के आधार पर विभिन्न सरकारी योजनाओं के महिला सशक्तिकरण पर प्रभाव के आकलन को सारणी–2 में प्रस्तुत किया गया है। सारणी में प्रत्येक प्रश्न के लिए समग्र सहमति, अनिश्चित और समग्र असहमति की आवृत्ति और प्रतिशत दिए गए हैं। सारणी के विश्लेषण से स्पष्ट है कि कुल उत्तरदाताओं में से 50.77 प्रतिशत ने स्वीकार किया है कि सरकारी योजनाओं से महिलाओं का जीवन स्तर बेहतर हुआ है, जबकि 30.77 प्रतिशत असहमत तथा 18.46

प्रतिशत अनिश्चित हैं। इससे स्पष्ट होता है कि अधिकांश महिलाओं ने योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव को स्वीकार किया है।

सारणी के दूसरे प्रश्न में कुल उत्तरदाताओं में से 52.31 प्रतिशत महिलाओं ने स्वीकार किया है कि लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं की पहुँच प्रभावी ढंग से हुई है, जबकि 32.31 प्रतिशत असहमत और 15.38 प्रतिशत अनिश्चित थीं। इससे योजनाओं की पहुँच अपेक्षाकृत संतोषजनक प्रतीत होती है। इसी तरह, कुल उत्तरदाताओं में से 47.69 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है कि सरकारी योजनाओं से महिला सशक्तिकरण में सहायता मिली है, जबकि 29.23 प्रतिशत असहमत और 23.08 प्रतिशत अनिश्चित रहे हैं। यह दर्शाता है कि योजनाओं ने महिलाओं के सशक्तिकरण में सकारात्मक योगदान दिया है।

सारणी-2: लिकर्ट स्केल पर सरकारी योजनाओं के महिला सशक्तिकरण पर प्रभाव का आकलन

प्रभाव कारक प्रश्न	इकाई	समग्र सहमति	अनिश्चित	समग्र असहमति	कुल योग
क्या सरकारी योजनाओं से चित्रकूट की महिलाओं का जीवन स्तर बेहतर हुआ है?	आवृत्ति	33	12	20	65
	प्रतिशत	50.77	18.46	30.77	100
क्या सरकारी योजनाएँ लाभार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुँच रही हैं?	आवृत्ति	34	10	21	65
	प्रतिशत	52.31	15.38	32.31	100
क्या सरकारी योजनाओं से महिला सशक्तिकरण में करने में सहायता मिली है?	आवृत्ति	31	15	19	65
	प्रतिशत	47.69	23.08	29.23	100
क्या महिला सशक्तिकरण में सरकारी योजनाओं के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं?	आवृत्ति	30	13	22	65
	प्रतिशत	46.15	20.00	33.85	100
क्या सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन और लाभार्थी चयन में पारदर्शिता है?	आवृत्ति	26	16	23	65
	प्रतिशत	40.00	24.62	35.38	100
क्या राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से आजीविका के साधनों में विविधता आई है?	आवृत्ति	32	09	24	65
	प्रतिशत	49.23	13.85	36.92	100
क्या स्वयं सहायता समूहों ने चित्रकूट की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया है?	आवृत्ति	35	12	18	65
	प्रतिशत	53.85	18.46	27.69	100
क्या प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से महिलाओं की बीमारियों या स्वास्थ्य समस्याओं में कमी आई है?	आवृत्ति	33	10	22	65
	प्रतिशत	50.77	15.38	33.85	100
क्या प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से गर्भवती महिलाओं के पोषण स्तर और संस्थागत प्रसव में वृद्धि हुई है?	आवृत्ति	36	10	19	65
	प्रतिशत	55.38	15.38	29.23	100
क्या प्रधानमंत्री जन धन योजना से महिलाओं का वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है?	आवृत्ति	37	08	20	65
	प्रतिशत	56.92	12.31	30.77	100
क्या प्रधानमंत्री आवास योजना से महिलाओं की गरिमा और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता में वृद्धि हुई है?	आवृत्ति	30	13	22	65
	प्रतिशत	46.15	20.00	33.85	100
क्या प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से महिलाओं में स्वरोजगार और उद्यमिता की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिला है?	आवृत्ति	29	15	21	65
	प्रतिशत	44.62	23.08	32.31	100

सारणी के चौथे प्रश्न में कुल उत्तरदाताओं में से 46.15 प्रतिशत महिलाओं ने स्वीकार किया है कि महिला सशक्तिकरण में सरकारी योजनाओं के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, जबकि 33.85 प्रतिशत असहमत और 20.00 प्रतिशत अनिश्चित हैं। यह संकेत देता है कि सरकारी योजनाओं के प्रदर्शन के संबंध में उत्तरदाताओं की संतुष्टि अपेक्षाकृत कम है। इसी प्रकार, कुल उत्तरदाताओं में से केवल 40.00 प्रतिशत महिलाओं ने स्वीकार किया है कि सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन और लाभार्थी चयन में पारदर्शिता है, जबकि 35.38 प्रतिशत असहमत और 24.62 प्रतिशत अनिश्चित थीं। इससे पता चलता है कि सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन और लाभार्थी चयन में पारदर्शिता का स्तर बहुत कम है, जिसमें काफी सुधार की आवश्यकता है।

सारणी के छठवें प्रश्न में यह जानने का प्रयास किया गया कि क्या राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से आजीविका के साधनों में विविधता आई है और इस संबंध में कुल उत्तरदाताओं में से 49.23 प्रतिशत ने स्वीकार किया है कि आजीविका मिशन से आजीविका के साधनों में विविधता आई है, जबकि 36.92 प्रतिशत असहमत और 13.85

प्रतिशत अनिश्चित थीं। इससे योजना का प्रभाव सकारात्मक दिखाई देता है। इसी तरह, कुल उत्तरदाताओं में से 53.85 प्रतिशत महिलाओं ने स्वीकार किया है कि स्वयं सहायता समूहों ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया है, जबकि 27.69 प्रतिशत असहमत और 18.46 प्रतिशत अनिश्चित थीं। इससे स्पष्ट है कि स्वयं सहायता समूह महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बने हैं।

सारणी के आठवें प्रश्न में यह जानने का प्रयास किया गया कि क्या प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से महिलाओं की बीमारियों या स्वास्थ्य समस्याओं में कमी आई है और इस संबंध में कुल उत्तरदाताओं में से 50.77 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है कि उज्ज्वला योजना से महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, जबकि 33.85 प्रतिशत असहमत और 15.38 प्रतिशत अनिश्चित हैं। इससे योजना के स्वास्थ्य संबंधी सकारात्मक प्रभाव का संकेत मिलता है। इसी प्रकार कुल उत्तरदाताओं में से 55.38 प्रतिशत महिलाओं ने स्वीकार किया है कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से गर्भवती महिलाओं के पोषण एवं प्रसव पूर्व देखभाल में वृद्धि हुई है, जो उच्चतम सहमति प्रतिशतों में से एक है। जबकि 29.23 प्रतिशत असहमत और 15.38 प्रतिशत अनिश्चित हैं। इससे योजना की प्रभावशीलता स्पष्ट होती है।

सारणी के दसवें प्रश्न में यह जानने का प्रयास किया गया कि क्या प्रधानमंत्री जन धन योजना से महिलाओं का वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है और इस संबंध में कुल उत्तरदाताओं में से सर्वाधिक 56.92 प्रतिशत महिलाओं ने स्वीकार किया है कि प्रधानमंत्री जन–धन योजना से महिलाओं की वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है, जबकि 30.77 प्रतिशत असहमत और 12.31 प्रतिशत अनिश्चित थीं। इससे यह योजना महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है। इसी प्रकार कुल उत्तरदाताओं में से 46.15 प्रतिशत महिलाओं ने स्वीकार किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना से महिलाओं की गरिमा और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता में वृद्धि हुई है, जबकि 33.85 प्रतिशत असहमत और 20.00 प्रतिशत अनिश्चित थीं। इससे योजना का प्रभाव मध्यम स्तर का दिखाई देता है।

सारणी के बारहवें प्रश्न में यह जानने का प्रयास किया गया कि क्या प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से महिलाओं में स्वरोजगार और उद्यमिता की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिला है और इस संबंध में कुल उत्तरदाताओं में से 44.62 प्रतिशत महिलाओं ने स्वीकार किया है कि योजना से महिलाओं में स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा मिला है, जबकि 32.31 प्रतिशत असहमत और 23.08 प्रतिशत अनिश्चित थीं। यह दर्शाता है कि स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है, किन्तु इसकी प्रगति और प्रदर्शन सुधारने की आवश्यकता है।

इस तरह सारणी–2 के समग्र विश्लेषण से स्पष्ट है कि चित्रकूट जिले में महिला सशक्तिकरण हेतु संचालित सरकारी योजनाओं का प्रभाव सकारात्मक रहा है। सारणी के अधिकांश प्रश्नों पर लगभग 46 प्रतिशत से 57 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सहमति व्यक्त की है। विशेष रूप से प्रधानमंत्री जन–धन योजना (56.92 प्रतिशत), प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (55.38 प्रतिशत), स्वयं सहायता समूह (53.85 प्रतिशत) तथा सरकारी योजनाओं की पहुँच (52.31 प्रतिशत) को महिलाओं ने अधिक प्रभावी माना है। दूसरी ओर, पारदर्शिता, स्वरोजगार एवं उद्यमिता, योजनाओं के प्रति प्रदर्शन जैसे क्षेत्रों में सहमति का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम है और असहमति का स्तर उल्लेखनीय है। अतः यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं वित्तीय सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, किन्तु इनके प्रभाव को अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने के लिए जागरूकता, प्रदर्शन, पारदर्शिता, लाभार्थी चयन तथा उद्यमिता संवर्धन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

4.2. महिलाओं के सशक्तिकरण में सरकारी योजनाओं का आर्थिक प्रभाव : महिलाओं के सशक्तिकरण में विभिन्न सरकारी योजनाओं के आर्थिक प्रभाव का आकलन सारणी–3 से 20 तक प्रस्तुत किया गया है, जिनके तहत योजनाओं के आर्थिक प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं की राय का विश्लेषण किया गया है।

सारणी-3: महिलाओं की आय पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से महिलाओं की मासिक आय में वृद्धि हुई है?	हां	32	49.23
	नहीं	25	38.46
	अनिश्चित	08	12.31
	कुल योग	65	100

सारणी-4: महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं का महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण हुआ है?	हां	39	60.00
	नहीं	16	24.62
	अनिश्चित	10	15.38
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–3 एवं सारणी–4 में महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित सरकारी योजनाओं के आर्थिक प्रभाव का विश्लेषण प्रस्तुत करती हैं। सारणी–3 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 49.23 प्रतिशत ने बताया कि सरकारी योजनाओं के कारण उनकी मासिक आय में वृद्धि हुई है। इसके विपरीत 38.46 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत है कि उनकी आय में कोई वृद्धि नहीं हुई, जबकि 12.31 प्रतिशत उत्तरदाता प्रभाव के प्रति अनिश्चित हैं। इससे स्पष्ट होता है कि लगभग आधी महिलाओं ने सरकारी योजनाओं के कारण अपनी आय में सकारात्मक परिवर्तन अनुभव

किया है। हालांकि, एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जिसे योजनाओं का प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ प्राप्त नहीं हुआ। यह स्थिति योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लाभार्थियों तक पहुँच और आजीविका के अवसरों में सुधार की आवश्यकता को इंगित करती है।

सारणी–4 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 60.00 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं के कारण उनका आर्थिक सशक्तिकरण हुआ है। वहीं 24.62 प्रतिशत महिलाओं ने इससे असहमति व्यक्त की, जबकि 15.38 प्रतिशत महिलाओं ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। यह दर्शाता है कि अधिकांश महिलाओं ने सरकारी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त होना अनुभव किया है। आर्थिक सशक्तिकरण का अर्थ केवल आय में वृद्धि नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की क्षमता, बचत, ऋण सुविधा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि से भी है।

सारणी-5: आर्थिक निर्णयों में भागीदारी की स्थिति

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या योजनाओं से परिवार के आर्थिक निर्णयों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है?	हां	31	47.69
	नहीं	21	32.31
	अनिश्चित	13	20.00
	कुल योग	65	100

सारणी-6: महिलाओं के कौशल विकास पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या योजनाओं के तहत प्राप्त व्यावसायिक प्रशिक्षण से महिलाओं के कौशल में वृद्धि हुई	हां	34	52.31
	नहीं	19	29.23
	अनिश्चित	12	18.46
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–5 एवं सारणी–6 की व्याख्या महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में सरकारी योजनाओं के आर्थिक निर्णयों में भागीदारी तथा कौशल विकास पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रदर्शित करती हैं। सारणी–5 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 47.69 प्रतिशत ने बताया कि सरकारी योजनाओं के कारण परिवार के आर्थिक निर्णयों में उनकी भागीदारी बढ़ी है। इसके विपरीत 32.31 प्रतिशत महिलाओं का मत है कि योजनाओं से उनकी भागीदारी में कोई वृद्धि नहीं हुई, जबकि 20.00 प्रतिशत महिलाएँ इस विषय में अनिश्चित रहीं हैं। इससे स्पष्ट है कि लगभग आधी महिलाओं ने सरकारी योजनाओं के माध्यम से परिवार के आर्थिक निर्णयों में अपनी भूमिका को अधिक सशक्त एवं प्रभावी माना है। यह दर्शाता है कि योजनाओं ने महिलाओं में आत्मविश्वास, आर्थिक जागरूकता और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ावा दिया है। हालांकि, लगभग एक–तिहाई महिलाओं ने इस प्रकार का कोई परिवर्तन अनुभव नहीं किया, जिससे यह संकेत मिलता है कि योजनाओं का लाभ सभी परिवारों तक समान रूप से नहीं पहुँच पाया है।

सारणी–6 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 52.31 प्रतिशत ने बताया कि योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त व्यावसायिक प्रशिक्षण से उनके कौशल में वृद्धि हुई है। वहीं 29.23 प्रतिशत महिलाओं का मत है कि उनके कौशल में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई, जबकि 18.46 प्रतिशत महिलाएँ इस संबंध में अनिश्चित रहीं हैं। यह दर्शाता है कि आधे से अधिक महिलाओं ने सरकारी योजनाओं के अंतर्गत दिए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को उपयोगी माना और उनके माध्यम से अपने व्यावसायिक कौशल में सुधार का अनुभव किया। कौशल विकास के परिणामस्वरूप महिलाओं की रोजगार क्षमता, स्वरोजगार के अवसर और आय अर्जित करने की संभावनाओं में वृद्धि हुई होगी। फिर भी, कुछ महिलाओं तक प्रशिक्षण का प्रभाव अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुँच सका, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता, नियमितता और पहुँच में सुधार की आवश्यकता महसूस होती है।

सारणी-7: महिलाओं में आत्मनिर्भरता की स्थिति

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या योजनाओं के लाभ से महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता में वृद्धि हुई है?	हां	30	46.15
	नहीं	19	29.23
	अनिश्चित	16	24.62
	कुल योग	65	100

सारणी-8: महिलाओं के गरीबी निवारण पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं के लाभ से महिलाओं को गरीबी कम करने में सहायता मिली है?	हां	37	56.92
	नहीं	18	27.69
	अनिश्चित	10	15.38
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–7 एवं सारणी–8 की व्याख्या महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में सरकारी योजनाओं के आत्मनिर्भरता तथा गरीबी निवारण पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रदर्शित करती हैं। सारणी–7 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 46.15 प्रतिशत ने बताया कि सरकारी योजनाओं के लाभ से उनकी आत्मनिर्भरता में वृद्धि हुई है। इसके विपरीत 29.23 प्रतिशत महिलाओं का मत है कि योजनाओं से उनकी आत्मनिर्भरता में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई, जबकि 24.62 प्रतिशत महिलाओं ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। इससे स्पष्ट होता है कि लगभग आधी महिलाओं ने सरकारी योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन का अनुभव किया है। योजनाओं से प्राप्त आर्थिक सहायता, स्वरोजगार के अवसर, प्रशिक्षण एवं वित्तीय संसाधनों तक पहुँच ने महिलाओं में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा दिया है। हालांकि, कुछ महिलाओं ने इसका अपेक्षित लाभ

अनुभव नहीं किया, जिससे यह संकेत मिलता है कि योजनाओं की पहुँच एवं प्रभावशीलता को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है।

सारणी–8 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 56.92 प्रतिशत ने माना कि सरकारी योजनाओं के लाभ से उन्हें गरीबी कम करने में सहायता मिली है। वहीं 27.69 प्रतिशत महिलाओं ने इससे असहमति व्यक्त की है, जबकि 15.38 प्रतिशत महिलाएँ प्रभाव के प्रति अनिश्चित हैं। यह दर्शाता है कि आधे से अधिक महिलाओं ने सरकारी योजनाओं को गरीबी निवारण के लिए प्रभावी माना है। योजनाओं के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार, वित्तीय सहायता, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ाव और आय के नए स्रोत उपलब्ध होने से महिलाओं एवं उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। फिर भी, लगभग एक–चौथाई महिलाओं ने गरीबी में कोई विशेष कमी अनुभव नहीं की है, जो यह दर्शाता है कि योजनाओं के लाभों का समान एवं व्यापक वितरण अभी भी एक चुनौती है।

सारणी-9: औपचारिक वित्तीय प्रणाली पर विश्वास

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या वित्तीय समर्थन वाली योजनाओं से महिलाओं का आत्म-सम्मान और औपचारिक वित्तीय प्रणाली पर विश्वास बढ़ा है?	हां	31	47.69
	नहीं	22	33.85
	अनिश्चित	12	18.46
	कुल योग	65	100

सारणी-10: महिलाओं की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से प्रत्यक्ष और परोक्ष सब्सिडी मिलने से महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है?	हां	36	55.38
	नहीं	16	24.62
	अनिश्चित	13	20.00
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–9 एवं सारणी–10 की व्याख्या महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में सरकारी योजनाओं के औपचारिक वित्तीय प्रणाली पर विश्वास तथा महिलाओं की आर्थिक स्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रदर्शित करती हैं। सारणी–9 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 47.69 प्रतिशत ने बताया कि वित्तीय समर्थन वाली सरकारी योजनाओं के कारण उनका आत्मसम्मान तथा औपचारिक वित्तीय प्रणाली पर विश्वास बढ़ा है। इसके विपरीत 33.85 प्रतिशत महिलाओं का मत है कि योजनाओं से उनके विश्वास में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई, जबकि 18.46 प्रतिशत महिलाओं की प्रतिक्रिया अनिश्चित रही है। इससे स्पष्ट होता है कि लगभग आधी महिलाओं ने सरकारी योजनाओं के माध्यम से औपचारिक वित्तीय संस्थाओं के प्रति अधिक विश्वास विकसित किया है। इससे महिलाओं में बैंकिंग सेवाओं का उपयोग, बचत की प्रवृत्ति, ऋण सुविधाओं तक पहुँच और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है। हालांकि, लगभग एक–तिहाई महिलाओं ने इस प्रकार का कोई परिवर्तन अनुभव नहीं किया, जिससे यह संकेत मिलता है कि वित्तीय साक्षरता एवं योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

सारणी–10 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 55.38 प्रतिशत ने बताया कि सरकारी योजनाओं से प्राप्त प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सब्सिडी के कारण उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। वहीं 24.62 प्रतिशत महिलाओं ने इससे असहमति व्यक्त की है, जबकि 20.00 प्रतिशत महिलाएँ इस विषय में अनिश्चित हैं। यह दर्शाता है कि आधे से अधिक महिलाओं ने सरकारी योजनाओं को अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने में प्रभावी माना है। योजनाओं के माध्यम से प्राप्त वित्तीय सहायता, सब्सिडी, स्वरोजगार के अवसर, कौशल विकास एवं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ाव ने महिलाओं की आय, बचत और जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फिर भी, कुछ महिलाओं को इन योजनाओं का अपेक्षित लाभ प्राप्त नहीं हुआ, जो योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों तक समुचित पहुँच सुनिश्चित करने की आवश्यकता को इंगित करता है।

सारणी-11: रोजगार के अवसर पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं का लाभार्थी बनने से महिलाओं के प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार के अवसर बढ़े हैं?	हां	34	52.31
	नहीं	21	32.31
	अनिश्चित	10	15.38
	कुल योग	65	100

सारणी-12: सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या वित्तीय समर्थन वाली योजनाओं के लाभ से महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा में वृद्धि हुई है?	हां	37	56.92
	नहीं	17	26.15
	अनिश्चित	11	16.92
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–11 एवं सारणी–12 की व्याख्या महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में सरकारी योजनाओं के रोजगार के अवसरों तथा सामाजिक–आर्थिक सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रदर्शित करती हैं। सारणी–11 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 52.31 प्रतिशत ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभार्थी बनने से उनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है। इसके विपरीत 32.31 प्रतिशत महिलाओं का मत है कि योजनाओं से रोजगार के अवसरों में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई, जबकि 15.38 प्रतिशत महिलाओं की प्रतिक्रिया अनिश्चित रही है। इससे स्पष्ट होता है कि आधे से अधिक महिलाओं ने सरकारी योजनाओं के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि का अनुभव किया है। योजनाओं के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ाव, ऋण एवं वित्तीय सहायता तथा उद्यमिता को प्रोत्साहन मिलने से महिलाओं के लिए आय के नए स्रोत विकसित हुए

हैं। हालांकि, लगभग एक–तिहाई महिलाओं ने रोजगार के अवसरों में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन अनुभव नहीं किया, जो योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों तक उनकी समुचित पहुँच सुनिश्चित करने की आवश्यकता को दर्शाता है।

सारणी–12 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 56.92 प्रतिशत ने माना कि वित्तीय समर्थन वाली सरकारी योजनाओं के लाभ से उनकी सामाजिक–आर्थिक सुरक्षा में वृद्धि हुई है। वहीं 26.15 प्रतिशत महिलाओं ने इससे असहमति व्यक्त की है, जबकि 16.92 प्रतिशत महिलाएँ इस संबंध में अनिश्चित हैं। यह दर्शाता है कि आधे से अधिक महिलाओं ने सरकारी योजनाओं को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में प्रभावी माना है। योजनाओं के माध्यम से नियमित बचत, बीमा, बैंकिंग सुविधाओं तक पहुँच, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ और आर्थिक जोखिमों से निपटने की क्षमता में वृद्धि हुई है। इससे महिलाओं के जीवन स्तर, आत्मविश्वास और भविष्य के प्रति सुरक्षा की भावना में सकारात्मक परिवर्तन आया है। फिर भी, कुछ महिलाओं तक इन योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं पहुँच सका, जो योजनाओं की पहुँच, जागरूकता एवं प्रभावी क्रियान्वयन में सुधार की आवश्यकता को इंगित करता है।

सारणी-13: वित्तीय निर्णयों में महिलाओं की भूमिका

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या अपना बैंक खाता होने से परिवार के वित्तीय निर्णयों में महिलाओं की भूमिका बढ़ी है?	हां	30	46.15
	नहीं	19	29.23
	अनिश्चित	16	24.62
	कुल योग	65	100

सारणी-14: बैंकिंग सेवाओं के उपयोग पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या जन धन खाता खुलने से महिलाओं में बैंकिंग सेवाओं का उपयोग बढ़ा है?	हां	33	50.77
	नहीं	19	29.23
	अनिश्चित	13	20.00
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–13 एवं सारणी–14 की व्याख्या महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में सरकारी योजनाओं के वित्तीय निर्णयों में महिलाओं की भूमिका तथा बैंकिंग सेवाओं के उपयोग पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रदर्शित करती हैं। सारणी–13 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 46.15 प्रतिशत ने बताया कि अपना बैंक खाता होने से परिवार के वित्तीय निर्णयों में उनकी भूमिका बढ़ी है। इसके विपरीत 29.23 प्रतिशत महिलाओं का मत है कि बैंक खाता होने के बावजूद उनकी भूमिका में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई, जबकि 24.62 प्रतिशत महिलाओं ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। इससे स्पष्ट होता है कि लगभग आधी महिलाओं ने बैंक खाता होने के कारण परिवार के आर्थिक एवं वित्तीय निर्णयों में अपनी भागीदारी बढ़ने का अनुभव किया है। बैंक खाते के माध्यम से महिलाओं को अपनी आय एवं बचत पर अधिक नियंत्रण प्राप्त हुआ है, जिससे उनमें आत्मविश्वास, आर्थिक स्वतंत्रता तथा निर्णय लेने की क्षमता का विकास हुआ है। हालांकि, लगभग एक–तिहाई महिलाओं ने इस प्रकार का कोई परिवर्तन अनुभव नहीं किया, जो यह संकेत देता है कि केवल बैंक खाता होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि वित्तीय साक्षरता एवं परिवार में महिलाओं की निर्णयात्मक भूमिका को भी सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

सारणी–14 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 50.77 प्रतिशत ने बताया कि जन–धन खाता खुलने के बाद उनके द्वारा बैंकिंग सेवाओं का उपयोग बढ़ा है। वहीं 29.23 प्रतिशत महिलाओं ने इससे असहमति व्यक्त की है, जबकि 20.00 प्रतिशत महिलाएँ इस विषय में अनिश्चित हैं। यह दर्शाता है कि आधे से अधिक महिलाओं ने जन–धन योजना के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं जैसे बचत, धन जमा एवं निकासी, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, डिजिटल भुगतान और अन्य वित्तीय सुविधाओं का अधिक उपयोग करना प्रारम्भ किया। इससे महिलाओं का औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जुड़ाव बढ़ा और वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहन मिला है। फिर भी, कुछ महिलाओं द्वारा बैंकिंग सेवाओं का सीमित उपयोग यह संकेत देता है कि वित्तीय जागरूकता, डिजिटल साक्षरता एवं बैंकिंग सुविधाओं की सहज उपलब्धता को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

सारणी-15: औपचारिक बचत की आदत पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या जन धन खाता से महिलाओं की औपचारिक बचत करने की आदत में सुधार हुआ है?	हां	37	56.92
	नहीं	17	26.15
	अनिश्चित	11	16.92
	कुल योग	65	100

सारणी-16: महिलाओं के वित्तीय समावेशन पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या योजनाओं का लाभार्थी बनने से महिलाओं का वित्तीय समावेशन हुआ है?	हां	35	53.85
	नहीं	16	24.62
	अनिश्चित	14	21.54
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–15 एवं सारणी–16 की व्याख्या महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में सरकारी योजनाओं के औपचारिक बचत की आदत तथा वित्तीय समावेशन पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रदर्शित करती हैं। सारणी–15 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 56.92 प्रतिशत ने बताया कि जन–धन खाता खुलने के बाद उनकी औपचारिक रूप से बचत करने की आदत में सुधार हुआ है। इसके विपरीत 26.15 प्रतिशत महिलाओं का मत है कि उनकी बचत करने की आदत में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ, जबकि 16.92 प्रतिशत महिलाओं ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। इससे

स्पष्ट होता है कि आधे से अधिक महिलाओं ने जन–धन योजना के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली से जुड़ने के बाद नियमित बचत की प्रवृत्ति विकसित की है। बैंक खाते की उपलब्धता ने महिलाओं को सुरक्षित बचत करने, धन का बेहतर प्रबंधन करने तथा भविष्य की आवश्यकताओं के लिए आर्थिक संसाधन संचित करने हेतु प्रेरित किया है। इसके अतिरिक्त प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, सरकारी सहायता राशि और अन्य वित्तीय सुविधाओं ने भी औपचारिक बचत की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। हालांकि, कुछ महिलाओं में बचत की आदत में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ, जो वित्तीय जागरूकता एवं आय के सीमित स्रोतों जैसी चुनौतियों की ओर संकेत करता है।

सारणी–16 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 53.85 प्रतिशत ने माना कि सरकारी योजनाओं का लाभार्थी बनने से उनका वित्तीय समावेशन हुआ है। वहीं 24.62 प्रतिशत महिलाओं ने इससे असहमति व्यक्त की है, जबकि 21. 54 प्रतिशत महिलाएँ इस संबंध में अनिश्चित हैं। यह दर्शाता है कि आधे से अधिक महिलाओं का औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जुड़ाव बढ़ा है। बैंक खाते, सरकारी अनुदान, ऋण सुविधाओं, बीमा योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों तथा डिजिटल बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच ने महिलाओं को वित्तीय मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे महिलाओं की आर्थिक भागीदारी, वित्तीय सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता में वृद्धि हुई है। हालांकि, कुछ महिलाओं तक इन सुविधाओं का पूर्ण लाभ नहीं पहुँच पाया है, जो वित्तीय साक्षरता, डिजिटल जागरूकता एवं योजनाओं की प्रभावी पहुँच में सुधार की आवश्यकता को दर्शाता है।

सारणी-17: लाभार्थियों के उपभोग स्तर पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या योजनाओं के लाभ से महिलाओं के उपभोग स्तर में सुधार हुआ है?	हां	38	58.46
	नहीं	18	27.69
	अनिश्चित	09	13.85
	कुल योग	65	100

सारणी-18: बचत और बीमा में वृद्धि पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं की बचत और बीमा में वृद्धि हुई है?	हां	32	49.23
	नहीं	18	27.69
	अनिश्चित	15	23.08
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–17 एवं सारणी–18 की व्याख्या महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में सरकारी योजनाओं के उपभोग स्तर तथा बचत एवं बीमा पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रदर्शित करती हैं। सारणी–17 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 58.46 प्रतिशत महिलाओं ने बताया कि सरकारी योजनाओं के लाभ से उनके उपभोग स्तर में सुधार हुआ है। इसके विपरीत 27.69 प्रतिशत महिलाओं का मत है कि योजनाओं से उनके उपभोग स्तर में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ, जबकि 13.85 प्रतिशत महिलाओं ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। इससे स्पष्ट होता है कि आधे से अधिक महिलाओं ने सरकारी योजनाओं के कारण अपने परिवार की उपभोग आवश्यकताओं की पूर्ति क्षमता में वृद्धि का अनुभव किया है। योजनाओं से प्राप्त आर्थिक सहायता, स्वरोजगार के अवसर, डीबीटी और आय में वृद्धि के परिणामस्वरूप महिलाओं के भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक उपभोग संबंधी व्ययों में सुधार हुआ है। यद्यपि कुछ महिलाओं ने इस प्रकार का कोई परिवर्तन अनुभव नहीं किया, जिससे यह संकेत मिलता है कि योजनाओं के लाभों का समान वितरण तथा प्रभावी क्रियान्वयन अभी भी आवश्यक है।

सारणी–18 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 49.23 प्रतिशत ने माना कि सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने से उनकी बचत तथा बीमा से जुड़ाव में वृद्धि हुई है। वहीं 27.69 प्रतिशत महिलाओं ने इससे असहमति व्यक्त की है, जबकि 23.08 प्रतिशत महिलाएँ इस संबंध में अनिश्चित हैं। यह दर्शाता है कि लगभग आधी महिलाओं ने सरकारी योजनाओं के माध्यम से बचत करने तथा बीमा योजनाओं से जुड़ने की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन का अनुभव किया है। बैंक खाते, स्वयं सहायता समूह, वित्तीय सहायता, सामाजिक सुरक्षा एवं बीमा योजनाओं तक पहुँच ने महिलाओं में भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ किया है। हालांकि, अपेक्षाकृत अधिक संख्या में महिलाओं का अनिश्चित रहना यह संकेत देता है कि बीमा योजनाओं के प्रति जागरूकता तथा वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने की आवश्यकता है।

सारणी-19: वित्तीय समझ और बाजार पहुंच पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से महिलाओं की वित्तीय समझ और बाजार पहुंच में वृद्धि हुई है?	हां	29	44.62
	नहीं	20	30.77
	अनिश्चित	16	24.62
	कुल योग	65	100

सारणी-20: अनौपचारिक ऋण की कमी पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या वित्तीय समर्थन वाली योजनाओं के लाभ से महिलाओं की अनौपचारिक ऋण पर निर्भरता कम हुई है?	हां	31	47.69
	नहीं	19	29.23
	अनिश्चित	15	23.08
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–19 एवं सारणी–20 की व्याख्या महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में सरकारी योजनाओं के वित्तीय समझ एवं बाजार तक पहुँच तथा अनौपचारिक ऋण पर निर्भरता में कमी पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रदर्शित

करती हैं। सारणी–19 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 44.62 प्रतिशत ने बताया कि सरकारी योजनाओं के कारण उनकी वित्तीय समझ तथा बाजार तक पहुँच में वृद्धि हुई है। इसके विपरीत 30.77 प्रतिशत महिलाओं का मत है कि योजनाओं से इस क्षेत्र में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ, जबकि 24.62 प्रतिशत महिलाओं की प्रतिक्रिया अनिश्चित है। इससे स्पष्ट होता है कि लगभग आधी महिलाओं ने सरकारी योजनाओं के माध्यम से वित्तीय ज्ञान, बाजार की जानकारी तथा अपने उत्पादों एवं सेवाओं के विपणन के अवसरों में सुधार का अनुभव किया है। योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता, कौशल विकास, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ाव तथा उद्यमिता को प्रोत्साहन मिलने से महिलाओं की आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ी है। हालांकि, लगभग एक–तिहाई महिलाओं ने इस प्रकार का कोई विशेष परिवर्तन अनुभव नहीं किया, जबकि एक उल्लेखनीय वर्ग अनिश्चित रहा है। इससे यह संकेत मिलता है कि वित्तीय शिक्षा, बाजार संपर्क तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

सारणी–20 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 47.69 प्रतिशत ने माना कि वित्तीय समर्थन वाली सरकारी योजनाओं के लाभ से उनकी अनौपचारिक ऋण (जैसे साहूकार या निजी उधार) पर निर्भरता में कमी आई है। वहीं 29.23 प्रतिशत महिलाओं ने इससे असहमति व्यक्त की है, जबकि 23.08 प्रतिशत महिलाएँ इस संबंध में अनिश्चित हैं। यह दर्शाता है कि लगभग आधी महिलाओं ने सरकारी योजनाओं के माध्यम से बैंकिंग सुविधाओं, स्वयं सहायता समूहों, रियायती ऋण और अन्य औपचारिक वित्तीय स्रोतों तक पहुँच प्राप्त की, जिससे उन्हें अनौपचारिक ऋण पर कम निर्भर रहना पड़ा। इससे महिलाओं पर उच्च ब्याज दरों का आर्थिक बोझ कम हुआ तथा उनकी वित्तीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता में वृद्धि हुई। हालांकि, कुछ महिलाओं तक औपचारिक ऋण सुविधाओं का अपेक्षित लाभ नहीं पहुँच पाया, जो वित्तीय समावेशन एवं ऋण सुविधाओं की पहुँच को व्यापक बनाने की आवश्यकता को दर्शाता है।

4.3. महिलाओं के सशक्तिकरण में सरकारी योजनाओं का सामाजिक प्रभाव : महिलाओं के सशक्तिकरण में विभिन्न सरकारी योजनाओं के सामाजिक प्रभाव का आकलन सारणी–21 से 36 तक प्रस्तुत किया गया है, जिनके तहत योजनाओं के सामाजिक प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं की राय का विश्लेषण किया गया है।

सारणी-21: परिवार और समाज में सम्मान पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से परिवार और समाज में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है?	हां	30	46.15
	नहीं	20	30.77
	अनिश्चित	15	23.08
	कुल योग	65	100

सारणी-22: सामाजिक सशक्तिकरण पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से महिलाओं का सामाजिक सशक्तिकरण बढ़ा है?	हां	33	50.77
	नहीं	21	32.31
	अनिश्चित	11	16.92
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–21 एवं सारणी–22 में महिलाओं के सशक्तिकरण में सरकारी योजनाओं के सामाजिक प्रभाव का आकलन करती हैं। इनमें परिवार एवं समाज में सम्मान तथा सामाजिक सशक्तिकरण पर योजनाओं के प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं के विचार प्रस्तुत किए गए हैं। सारणी–21 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 46.15 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं से परिवार और समाज में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। इसके विपरीत 30.77 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि योजनाओं का सम्मान बढ़ाने में कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा। वहीं 23.08 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित हैं। इससे स्पष्ट होता है कि अधिकांश (46.15 प्रतिशत) उत्तरदाताओं का विश्वास है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा और पारिवारिक सम्मान में सकारात्मक वृद्धि की है। यद्यपि लगभग एक–तिहाई उत्तरदाताओं ने इस प्रभाव को स्वीकार नहीं किया, फिर भी सकारात्मक मत रखने वालों का प्रतिशत अधिक होने से यह कहा जा सकता है कि योजनाओं ने महिलाओं की सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सारणी–22 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 50.77 प्रतिशत ने माना कि सरकारी योजनाओं से महिलाओं का सामाजिक सशक्तिकरण बढ़ा है। जबकि 32.31 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इससे असहमति व्यक्त की है। इसके अतिरिक्त 16.92 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित हैं। यह दर्शाता है कि आधे से अधिक उत्तरदाता सरकारी योजनाओं को महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम मानते हैं। योजनाओं के माध्यम से महिलाओं की सामाजिक

भागीदारी, निर्णय लेने की क्षमता, आत्मविश्वास तथा सामाजिक पहचान में वृद्धि हुई है। हालांकि कुछ उत्तरदाता अभी भी इन योजनाओं के प्रभाव को पर्याप्त नहीं मानते, फिर भी सकारात्मक प्रतिक्रिया का प्रतिशत अधिक है।

सारणी-23: महिलाओं के जीवन स्तर पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है?	हां	32	49.23
	नहीं	23	35.38
	अनिश्चित	10	15.38
	कुल योग	65	100

सारणी-24: महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से महिलाओं में सामाजिक सुरक्षा का स्तर बढ़ा है?	हां	31	47.69
	नहीं	19	29.23
	अनिश्चित	15	23.08
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–23 एवं सारणी–24 में महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार तथा सामाजिक सुरक्षा पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं की राय प्रस्तुत की गई है। सारणी–23 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 49.23 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं से महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। इसके विपरीत 35. 38 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि योजनाओं से जीवन स्तर में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। वहीं 15.38 प्रतिशत उत्तरदाता इस विषय में अनिश्चित हैं। इससे स्पष्ट होता है कि लगभग आधे उत्तरदाताओं ने सरकारी योजनाओं के कारण महिलाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन को स्वीकार किया है। उनका मानना है कि योजनाओं के माध्यम से महिलाओं की आय, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। हालांकि उत्तरदाताओं के एक उल्लेखनीय प्रतिशत ने इस प्रभाव को स्वीकार नहीं किया, जिससे यह संकेत मिलता है कि योजनाओं का लाभ सभी महिलाओं तक समान रूप से नहीं पहुँच पाया है।

सारणी–24 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 47.69 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं से महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा का स्तर बढ़ा है। जबकि 29.23 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इससे असहमति व्यक्त की है। इसके अतिरिक्त 23.08 प्रतिशत उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया अनिश्चित है। यह दर्शाता है कि अधिकांश उत्तरदाता सरकारी योजनाओं को महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा बढ़ाने में प्रभावी मानते हैं। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता, सामाजिक संरक्षण, स्वास्थ्य सुविधाएँ तथा विभिन्न कल्याणकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ है, जिससे उनके जीवन में सुरक्षा की भावना विकसित हुई है। हालांकि कुछ उत्तरदाताओं ने इस प्रभाव को पर्याप्त नहीं माना तथा कुछ अपनी स्पष्ट राय व्यक्त नहीं कर सके।

सारणी-25: लैंगिक भेदभाव पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से महिलाओं के प्रति लैंगिक भेदभाव का स्तर घटा है?	हां	28	43.08
	नहीं	23	35.38
	अनिश्चित	14	21.54
	कुल योग	65	100

सारणी-26: घरेलू निर्णयों में भूमिका पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से घरेलू निर्णयों में महिलाओं की भूमिका बढ़ी है?	हां	34	52.31
	नहीं	18	27.69
	अनिश्चित	13	20.00
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–25 एवं सारणी–26 में महिलाओं के प्रति लैंगिक भेदभाव में कमी तथा घरेलू निर्णयों में उनकी भूमिका पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं की राय प्रस्तुत की गई है। सारणी–25 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 43.08 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं के कारण महिलाओं के प्रति लैंगिक भेदभाव का स्तर घटा है। इसके विपरीत 35.38 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि योजनाओं का इस दिशा में कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा। वहीं 21.54 प्रतिशत उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया अनिश्चित है। इससे स्पष्ट होता है कि अधिकांश (43.08 प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने यह स्वीकार किया है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं के प्रति समाज की सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने तथा लैंगिक असमानता को कम करने में योगदान दिया है। यद्यपि असहमति व्यक्त करने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत भी उल्लेखनीय है, फिर भी सकारात्मक मत रखने वालों की संख्या अधिक होने से यह कहा जा सकता है कि योजनाओं ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सारणी–26 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 52.31 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं के कारण घरेलू निर्णयों में महिलाओं की भूमिका बढ़ी है। जबकि 27.69 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इससे असहमति व्यक्त की है। इसके अतिरिक्त 20.00 प्रतिशत उत्तरदाता इस विषय में अनिश्चित रहे हैं। यह दर्शाता है कि आधे से अधिक उत्तरदाता सरकारी योजनाओं को महिलाओं की निर्णय लेने की क्षमता और पारिवारिक भागीदारी को सुदृढ़ करने में प्रभावी मानते हैं। योजनाओं के माध्यम से महिलाओं में आर्थिक आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास तथा जागरूकता बढ़ी है, जिसके परिणामस्वरूप वे परिवार के आर्थिक, शैक्षिक एवं सामाजिक निर्णयों में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने लगी हैं। हालांकि

कुछ उत्तरदाताओं ने इस प्रभाव को पर्याप्त नहीं माना, जिससे यह संकेत मिलता है कि सामाजिक परंपराओं और रूढ़िवादी सोच के कारण अभी भी कई परिवारों में महिलाओं की निर्णयात्मक भूमिका सीमित है।

सारणी-27: स्वास्थ्य और पोषण पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार हुआ है?	हां	35	53.85
	नहीं	16	24.62
	अनिश्चित	14	21.54
	कुल योग	65	100

सारणी-28: महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है?	हां	30	46.15
	नहीं	18	27.69
	अनिश्चित	17	26.15
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–27 एवं सारणी–28 में महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण तथा सामाजिक प्रतिष्ठा पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं की राय को दर्शाया गया है। सारणी–27 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 53.85 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं के कारण महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार हुआ है। इसके विपरीत 24.62 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि योजनाओं का स्वास्थ्य एवं पोषण पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है। वहीं 21.54 प्रतिशत उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया अनिश्चित रही है। इससे स्पष्ट होता है कि आधे से अधिक उत्तरदाताओं ने सरकारी योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव को स्वीकार किया है। उनका मानना है कि मातृ वंदना योजना, पोषण अभियान और अन्य स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ, पोषण संबंधी सुविधाएँ तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संरक्षण प्राप्त हुआ है। परिणामस्वरूप महिलाओं के स्वास्थ्य स्तर में सुधार तथा पोषण संबंधी जागरूकता में वृद्धि हुई है। यद्यपि कुछ उत्तरदाताओं ने योजनाओं के प्रभाव से असहमति व्यक्त की या स्पष्ट राय नहीं दी है, फिर भी सकारात्मक मत रखने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत अधिक है।

सारणी–28 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 46.15 प्रतिशत ने माना कि सरकारी योजनाओं के कारण महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है। जबकि 27.69 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने असहमति व्यक्त की है। इसके अतिरिक्त 26.15 प्रतिशत उत्तरदाता इस विषय में अनिश्चित हैं। यह दर्शाता है कि अधिकांश उत्तरदाता सरकारी योजनाओं को महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ाने में सहायक मानते हैं। योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार, आर्थिक सहायता और सामाजिक भागीदारी के अवसर प्राप्त हुए हैं, जिससे परिवार एवं समाज में उनकी पहचान, सम्मान तथा आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। हालांकि कुछ उत्तरदाताओं का मानना है कि सामाजिक प्रतिष्ठा में अपेक्षित सुधार अभी नहीं हुआ है और कुछ उत्तरदाता निश्चित राय व्यक्त नहीं कर सके हैं।

सारणी-29: महिलाओं की डिजिटल साक्षरता पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से महिलाओं की डिजिटल साक्षरता में वृद्धि हुई है?	हां	29	44.62
	नहीं	20	30.77
	अनिश्चित	16	24.62
	कुल योग	65	100

सारणी-30: सामाजिक गतिविधियों पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से महिलाओं की सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ी है?	हां	31	47.69
	नहीं	21	32.31
	अनिश्चित	13	20.00
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–29 एवं सारणी–30 में महिलाओं की डिजिटल साक्षरता तथा सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं की राय को दर्शाया गया है। सारणी–29 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 44.62 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं के कारण महिलाओं की डिजिटल साक्षरता में वृद्धि हुई है। इसके विपरीत 30.77 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि योजनाओं का डिजिटल साक्षरता पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा। वहीं 24.62 प्रतिशत ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। इससे स्पष्ट होता है कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं में डिजिटल ज्ञान एवं तकनीकी जागरूकता बढ़ने की पुष्टि की है। उनका मानना है कि डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों तथा बैंकिंग एवं ऑनलाइन सेवाओं के बढ़ते उपयोग के कारण महिलाएँ मोबाइल, इंटरनेट, डिजिटल भुगतान तथा ऑनलाइन सरकारी सेवाओं का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करने लगी हैं। हालांकि कुछ उत्तरदाताओं ने इस प्रभाव को पर्याप्त नहीं माना और कुछ निश्चित राय व्यक्त नहीं कर सके, फिर भी सकारात्मक मत रखने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत अधिक है।

सारणी–30 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 47.69 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं के कारण महिलाओं की सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ी है। जबकि 32.31 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इससे असहमति व्यक्त की। इसके अतिरिक्त 20.00 प्रतिशत ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। यह दर्शाता है कि अधिकांश उत्तरदाता सरकारी योजनाओं को महिलाओं की सामाजिक सहभागिता बढ़ाने में प्रभावी मानते हैं। योजनाओं के माध्यम से महिलाओं की स्वयं सहायता समूहों, ग्राम सभाओं, सामाजिक संगठनों, सामुदायिक कार्यक्रमों तथा स्थानीय विकास गतिविधियों में भागीदारी बढ़ी है। इससे उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का

विकास हुआ है। हालांकि कुछ उत्तरदाताओं का मत है कि सामाजिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी अभी भी अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुँची है और स्पष्ट राय नहीं दे सके हैं।

सारणी-31: सामाजिक गतिशीलता पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से महिलाओं में आत्मनिर्भरता और सामाजिक गतिशीलता का स्तर बढ़ा है?	हां	32	49.23
	नहीं	19	29.23
	अनिश्चित	14	21.54
	कुल योग	65	100

सारणी-32: महिलाओं के व्यवहार परिवर्तन पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से महिलाओं की पुरानी सोच में सकारात्मक बदलाव लाया है?	हां	34	52.31
	नहीं	18	27.69
	अनिश्चित	13	20.00
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–31 एवं सारणी–32 में महिलाओं की सामाजिक गतिशीलता एवं आत्मनिर्भरता तथा व्यवहार एवं सामाजिक सोच में परिवर्तन पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं की राय दर्शायी गई है। सारणी–31 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 49.23 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं के कारण महिलाओं में आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक गतिशीलता का स्तर बढ़ा है। इसके विपरीत 29.23 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि योजनाओं का सामाजिक गतिशीलता में कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है। वहीं 21.54 प्रतिशत ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। इससे स्पष्ट होता है कि लगभग आधे उत्तरदाताओं ने सरकारी योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव को स्वीकार किया है। उनका मानना है कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, कौशल विकास, स्वरोजगार और आर्थिक सहायता के अवसर प्राप्त हुए हैं, जिससे वे अधिक आत्मनिर्भर बनी हैं और सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों में उनकी सक्रियता बढ़ी है। हालांकि कुछ उत्तरदाताओं ने इस प्रभाव को पर्याप्त नहीं माना और कुछ ने स्पष्ट राय व्यक्त नहीं की है, फिर भी सकारात्मक मत रखने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत अधिक है।

सारणी–32 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 52.31 प्रतिशत ने माना कि सरकारी योजनाओं के कारण महिलाओं की पुरानी सोच एवं व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन आया है। जबकि 27.69 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इससे असहमति व्यक्त की है। इसके अतिरिक्त 20.00 प्रतिशत ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। यह दर्शाता है कि आधे से अधिक उत्तरदाता सरकारी योजनाओं को महिलाओं के व्यवहार, दृष्टिकोण एवं सामाजिक सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने में प्रभावी मानते हैं। योजनाओं के माध्यम से महिलाओं में शिक्षा, जागरूकता, अधिकारों के प्रति समझ, आत्मविश्वास तथा निर्णय लेने की क्षमता का विकास हुआ है। परिणामस्वरूप वे पारंपरिक सीमाओं से बाहर निकलकर सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक गतिविधियों में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने लगी हैं। हालांकि कुछ उत्तरदाताओं ने इस प्रभाव को सीमित माना और कुछ निश्चित राय व्यक्त नहीं कर सके हैं।

सारणी-33: निर्णय निर्माण की प्रक्रिया पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से निर्णय निर्माण की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है?	हां	30	46.15
	नहीं	18	27.69
	अनिश्चित	17	26.15
	कुल योग	65	100

सारणी-34: मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से महिलाओं की मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच बेहतर हुई है?	हां	36	55.38
	नहीं	16	24.62
	अनिश्चित	13	20.00
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–33 एवं सारणी–34 में निर्णय निर्माण की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं की राय को दर्शाया गया है। सारणी–33 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 46.15 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं के कारण निर्णय निर्माण की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। इसके विपरीत 27.69 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि योजनाओं का महिलाओं की निर्णय निर्माण की प्रक्रिया में कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा। वहीं 26.15 प्रतिशत ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। इससे स्पष्ट होता है कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने सरकारी योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव को स्वीकार किया है। उनका मानना है कि महिलाओं को शिक्षा, आर्थिक अवसर और विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों से जुड़ने का अवसर मिलने के कारण वे परिवार, समुदाय तथा स्थानीय स्तर के निर्णयों में पहले की अपेक्षा अधिक सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यद्यपि कुछ उत्तरदाताओं ने इस प्रभाव को स्वीकार नहीं किया और कुछ स्पष्ट राय नहीं दे सके हैं, फिर भी सकारात्मक मत रखने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत अधिक है। इससे यह संकेत मिलता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं की निर्णय क्षमता एवं नेतृत्व कौशल को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

सारणी–34 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 55.38 प्रतिशत ने माना कि सरकारी योजनाओं के कारण महिलाओं की मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच में सुधार हुआ है। जबकि 24.62 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इससे असहमति व्यक्त की है। इसके अतिरिक्त 20.00 प्रतिशत ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। यह दर्शाता है कि आधे से अधिक उत्तरदाता सरकारी योजनाओं को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और पहुँच बढ़ाने में प्रभावी

मानते हैं। जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना, पोषण अभियान, आंगनवाड़ी सेवाएँ तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन आदि के माध्यम से महिलाओं को प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर स्वास्थ्य सेवाएँ, टीकाकरण, पोषण सहायता तथा स्वास्थ्य परामर्श जैसी सुविधाएँ अधिक सुलभ हुई हैं। परिणामस्वरूप मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग में वृद्धि हुई है। हालांकि कुछ उत्तरदाताओं ने इसको पर्याप्त नहीं माना या स्पष्ट राय व्यक्त नहीं की है, फिर भी सकारात्मक मत रखने वालों का प्रतिशत सबसे अधिक है।

सारणी-35: महिलाओं के गरिमापूर्ण जीवन पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या पीएमएवाई के तहत पक्के घर का मालिकाना हक मिलने से महिलाओं का जीवन गरिमापूर्ण हुआ है?	हां	33	50.77
	नहीं	20	30.77
	अनिश्चित	12	18.46
	कुल योग	65	100

सारणी-36: बुनियादी सुविधाओं पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से महिलाओं के लिए बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता में वृद्धि हुई है?	हां	30	46.15
	नहीं	19	29.23
	अनिश्चित	16	24.62
	कुल योग	65	100

उपर्युक्त सारणी–35 एवं सारणी–36 में पीएमएवाई के अंतर्गत महिलाओं को आवासीय स्वामित्व मिलने से उनके जीवन में गरिमा तथा महिलाओं के लिए बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं की राय दर्शायी गई है। सारणी–35 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 50.77 प्रतिशत का मत है कि पीएमएवाई के अंतर्गत पक्के घर का स्वामित्व मिलने से महिलाओं का जीवन अधिक गरिमापूर्ण हुआ है। इसके विपरीत 30.77 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि इस योजना का महिलाओं के गरिमापूर्ण जीवन पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा, वहीं 18.46 प्रतिशत ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। इससे स्पष्ट होता है कि लगभग आधे उत्तरदाताओं ने यह स्वीकार किया है कि आवासीय स्वामित्व ने महिलाओं के आत्मसम्मान, सामाजिक सुरक्षा तथा पारिवारिक प्रतिष्ठा में वृद्धि की है। स्वयं के नाम पर या संयुक्त स्वामित्व में आवास प्राप्त होने से महिलाओं में स्वामित्व की भावना विकसित हुई है, जिससे उनका सामाजिक दर्जा एवं निर्णय क्षमता भी सुदृढ़ हुई है। यद्यपि कुछ उत्तरदाताओं ने इस प्रभाव को स्वीकार नहीं किया और कुछ ने स्पष्ट राय व्यक्त नहीं की है, फिर भी सकारात्मक मत रखने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत अधिक है।

सारणी–36 के अनुसार, कुल उत्तरदाताओं में से 46.15 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं के कारण महिलाओं के लिए बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता में वृद्धि हुई है। इसके विपरीत 29.23 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि योजनाओं का महिलाओं के लिए बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता में कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है, वहीं 24.62 प्रतिशत ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। यह दर्शाता है कि अधिकांश उत्तरदाता सरकारी योजनाओं को महिलाओं के लिए बुनियादी सुविधाओं जैसे स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली, आवास, स्वच्छ ईंधन, स्वास्थ्य सेवाएँ आदि आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाने में प्रभावी मानते हैं। इन सुविधाओं के विस्तार से महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा दैनिक कार्यों में सुविधा आई है। हालांकि कुछ उत्तरदाताओं का मानना है कि इन योजनाओं का लाभ अभी सभी पात्र महिलाओं तक समान रूप से नहीं पहुँच पाया है, जबकि कुछ उत्तरदाता इस विषय में निश्चित राय व्यक्त नहीं कर सके हैं।

5. परिणाम एवं परिचर्चा : प्रस्तुत शोध अध्ययन में चित्रकूट जिले के विभिन्न विकास खंडों से कुल 65 उत्तरदाताओं की प्रतिक्रियाओं को विश्लेषण में शामिल किया गया है। उत्तरदाताओं के नमूने में ऐसी महिलाओं को शामिल किया गया है, जो कम से कम 3 अथवा 3 से अधिक योजनाओं की लाभार्थी हैं। सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों में ग्रामीण महिलाओं, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति के उत्तरदाताओं और हिन्दू समुदाय का प्रतिनिधित्व अधिक है। अधिकांश लाभार्थी प्राथमिक शिक्षित अथवा अशिक्षित हैं। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ मुख्यतः सामाजिक एवं आर्थिक रूप से अपेक्षाकृत कमजोर और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं तक पहुँच रही हैं। यह भी स्पष्ट होता है कि योजनाएँ वंचित वर्गों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण में सार्थक भूमिका निभा रही हैं।

अध्ययन (सारणी–3 एवं सारणी–4) से स्पष्ट है कि सरकारी योजनाओं का महिलाओं के आर्थिक जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जहाँ लगभग 49.23 प्रतिशत महिलाओं ने आय में वृद्धि की पुष्टि की, वहीं 60.00 प्रतिशत महिलाओं ने स्वयं को आर्थिक रूप से सशक्त महसूस किया। इससे यह कहा जा सकता है कि योजनाओं ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। फिर भी, कुछ महिलाओं तक इन योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं पहुँच पाया है। इसलिए योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन, जागरूकता बढ़ाने तथा पात्र महिलाओं तक लाभ पहुँचाने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। यह इस उद्देश्य की पुष्टि करता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

सारणी–5 एवं सारणी–6 के विश्लेषण से स्पष्ट है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण में सकारात्मक भूमिका निभाई है। जहाँ 47.69 प्रतिशत महिलाओं ने परिवार के आर्थिक निर्णयों में अपनी भागीदारी बढ़ने की पुष्टि की, वहीं 52.31 प्रतिशत महिलाओं ने व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से अपने कौशल में वृद्धि का अनुभव किया। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता ही नहीं प्रदान कर रही हैं, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की क्षमता, आत्मनिर्भरता तथा कौशल विकास के माध्यम से सशक्त भी बना रही हैं। फिर भी, जिन महिलाओं तक इन योजनाओं का अपेक्षित प्रभाव नहीं पहुँच पाया है, उनके लिए योजनाओं की पहुँच, प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

सारणी–7 एवं सारणी–8 से स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं के आत्मनिर्भरता विकास एवं गरीबी निवारण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जहाँ 46.15 प्रतिशत महिलाओं ने आत्मनिर्भरता में वृद्धि की पुष्टि की, वहीं 56.92 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि योजनाओं से उन्हें गरीबी कम करने में सहायता मिली। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा उनके जीवन स्तर में सुधार लाने में प्रभावी सिद्ध हो रही हैं। फिर भी, सभी पात्र महिलाओं तक योजनाओं का समान लाभ सुनिश्चित करने, जागरूकता बढ़ाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, जिससे महिलाओं का समग्र सामाजिक–आर्थिक सशक्तिकरण सुदृढ़ हो सके।

सारणी–9 एवं सारणी–10 के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं के वित्तीय समावेशन तथा आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जहाँ 47.69 प्रतिशत महिलाओं ने औपचारिक वित्तीय प्रणाली पर अपने विश्वास में वृद्धि की पुष्टि की, वहीं 55.38 प्रतिशत महिलाओं ने प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सरकारी सहायता के कारण अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार अनुभव किया। इन निष्कर्षों से यह स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, वित्तीय संस्थाओं से जोड़ने तथा उनके जीवन स्तर में सुधार लाने में प्रभावी सिद्ध हो रही हैं। तथापि, जिन महिलाओं तक योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं पहुँच पाया है, उनके लिए वित्तीय साक्षरता, जागरूकता कार्यक्रमों, योजनाओं की पारदर्शिता तथा प्रभावी क्रियान्वयन को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। इससे महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण अधिक व्यापक, समावेशी एवं स्थायी रूप से सुनिश्चित किया जा सकेगा।

सारणी–11 एवं सारणी–12 से स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं के रोजगार सृजन तथा सामाजिक–आर्थिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जहाँ 52.31 प्रतिशत महिलाओं ने रोजगार के अवसरों में वृद्धि की पुष्टि की, वहीं 56.92 प्रतिशत महिलाओं ने अपनी सामाजिक–आर्थिक सुरक्षा में सुधार का अनुभव किया। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्हें रोजगार, स्वरोजगार, वित्तीय स्थिरता तथा सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर उनके समग्र सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। तथापि, पात्र महिलाओं तक योजनाओं का समान एवं प्रभावी लाभ पहुँचाने, जागरूकता बढ़ाने, कौशल प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने और तथा योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, जिससे महिलाओं का सतत एवं समावेशी आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सके।

सारणी–13 एवं सारणी–14 से स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री जन–धन योजना एवं अन्य वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों ने महिलाओं की वित्तीय निर्णयों में भागीदारी तथा बैंकिंग सेवाओं के उपयोग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जहाँ 46.15 प्रतिशत महिलाओं ने परिवार के वित्तीय निर्णयों में अपनी भूमिका बढ़ने की पुष्टि की, वहीं 50.77 प्रतिशत महिलाओं ने बैंकिंग सेवाओं के उपयोग में वृद्धि का अनुभव किया। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़कर उनकी आर्थिक स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता तथा वित्तीय सशक्तिकरण को सुदृढ़ कर रही हैं। तथापि, सभी महिलाओं तक योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुँचाने के लिए वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना, बैंकिंग सेवाओं की पहुँच का विस्तार करना तथा योजनाओं के प्रति जागरूकता में वृद्धि करना आवश्यक है। इससे महिलाओं का समावेशी एवं सतत आर्थिक सशक्तिकरण अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जा सकेगा।

सारणी–15 एवं सारणी–16 से स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं में औपचारिक बचत की आदत विकसित करने तथा वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जहाँ 56.92 प्रतिशत महिलाओं ने जन–धन खाते के माध्यम से नियमित बचत की आदत में सुधार की पुष्टि की, वहीं 53.85 प्रतिशत महिलाओं ने सरकारी योजनाओं के कारण वित्तीय मुख्यधारा से जुड़ने का अनुभव किया। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं, बचत, ऋण, बीमा और अन्य वित्तीय सुविधाओं से जोड़कर उनके आर्थिक सशक्तिकरण को सुदृढ़ कर रही हैं। फिर भी, जिन महिलाओं तक इन योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं पहुँच पाया है, उनके लिए वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता, जागरूकता कार्यक्रमों तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है, जिससे महिलाओं का समावेशी, स्थायी एवं व्यापक आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सके।

सारणी–17 एवं सारणी–18 से स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं के उपभोग स्तर, बचत की प्रवृत्ति तथा बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं से जुड़ाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जहाँ 58.46 प्रतिशत महिलाओं ने अपने उपभोग स्तर में सुधार की पुष्टि की, वहीं 49.23 प्रतिशत महिलाओं ने बचत एवं बीमा में वृद्धि का अनुभव किया। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं की आय, वित्तीय सुरक्षा तथा जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने के साथ–साथ उन्हें भविष्य के आर्थिक जोखिमों से निपटने के लिए भी सक्षम बना रही हैं। तथापि, सभी पात्र महिलाओं तक योजनाओं का पूर्ण लाभ पहुँचाने के लिए वित्तीय एवं बीमा संबंधी जागरूकता बढ़ाना, योजनाओं की पहुँच का विस्तार करना तथा उनके प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन को सुदृढ़ करना आवश्यक है। इससे महिलाओं का समग्र आर्थिक सशक्तिकरण अधिक प्रभावी एवं स्थायी रूप से सुनिश्चित किया जा सकेगा।

सारणी–19 एवं सारणी–20 से स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं की वित्तीय समझ, बाजार तक पहुँच तथा अनौपचारिक ऋण पर निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जहाँ 44.62 प्रतिशत महिलाओं ने वित्तीय समझ एवं बाजार पहुँच में वृद्धि की पुष्टि की, वहीं 47.69 प्रतिशत महिलाओं ने अनौपचारिक ऋण पर निर्भरता में कमी का अनुभव किया। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़कर, वित्तीय साक्षरता बढ़ाकर तथा सुलभ ऋण सुविधाएँ उपलब्ध कराकर उनके आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूत बना रही हैं। फिर भी, अधिकाधिक पात्र महिलाओं तक योजनाओं का समान एवं प्रभावी लाभ पहुँचाने के लिए वित्तीय जागरूकता, बाजार संपर्क, संस्थागत ऋण की उपलब्धता तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। इससे महिलाओं का समावेशी, आत्मनिर्भर एवं सतत आर्थिक विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा।

सारणी–21 एवं सारणी–22 के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं के परिवार एवं समाज में सम्मान और सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ाने में सकारात्मक योगदान दिया है। क्रमशः 46.15 प्रतिशत और 50.77 प्रतिशत महिलाओं ने इन योजनाओं के अनुकूल प्रभाव को स्वीकार किया है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं की सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ करने, उनके आत्मसम्मान एवं सामाजिक पहचान को बढ़ाने तथा समाज में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। हालांकि कुछ उत्तरदाताओं की असहमति एवं अनिश्चितता यह संकेत देती है कि योजनाओं के प्रभाव को व्यापक एवं प्रभावी बनाने के लिए जागरूकता, क्रियान्वयन तथा लाभों की पहुँच में सुधार की आवश्यकता है।

सारणी–23 एवं सारणी–24 के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाओं का महिलाओं के जीवन स्तर तथा सामाजिक सुरक्षा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। क्रमशः 49.23 प्रतिशत तथा 47.69 प्रतिशत महिलाओं ने योजनाओं के अनुकूल प्रभाव को स्वीकार किया है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक विकास, जीवन की गुणवत्ता में सुधार तथा सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। फिर भी, असहमति और अनिश्चितता व्यक्त करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या यह संकेत देती है कि योजनाओं के प्रभाव को अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने के लिए उनके क्रियान्वयन, जागरूकता तथा लाभों की पहुँच को मजबूत करने की आवश्यकता है।

सारणी–25 एवं सारणी–26 के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में सकारात्मक भूमिका निभाई है। 43.08 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि योजनाओं से महिलाओं के प्रति लैंगिक भेदभाव में कमी आई है, जबकि 52.31 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार घरेलू निर्णयों में महिलाओं की भूमिका बढ़ी है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं में समानता, आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता तथा सामाजिक सम्मान को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। हालांकि कुछ उत्तरदाताओं की असहमति एवं अनिश्चितता यह दर्शाती है कि योजनाओं के प्रभाव को अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने के लिए सामाजिक जागरूकता, लैंगिक संवेदनशीलता तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

सारणी–27 एवं सारणी–28 के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण तथा सामाजिक प्रतिष्ठा में सुधार लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 53.85 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार और 46.15 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि को स्वीकार किया है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं के समग्र सामाजिक विकास, स्वास्थ्य सुरक्षा, आत्मसम्मान तथा समाज में उनकी गरिमापूर्ण स्थिति को सुदृढ़ करने में प्रभावी सिद्ध हो रही हैं। तथापि, असहमति एवं अनिश्चितता व्यक्त करने वाले उत्तरदाताओं की उपस्थिति यह संकेत देती है कि योजनाओं की पहुँच, प्रभावी क्रियान्वयन तथा जन–जागरूकता को अधिक सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक पात्र महिला तक समान रूप से पहुँच सके।

सारणी–29 एवं सारणी–30 के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं की डिजिटल साक्षरता और सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 44.62 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने डिजिटल साक्षरता में वृद्धि तथा 47.69 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सामाजिक गतिविधियों में महिलाओं की बढ़ी हुई भागीदारी को स्वीकार किया है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने, उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और सामाजिक जीवन में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। फिर भी, असहमति एवं अनिश्चितता व्यक्त करने वाले उत्तरदाताओं की उपस्थिति यह संकेत देती है कि योजनाओं की पहुँच, डिजिटल प्रशिक्षण, जन–जागरूकता तथा प्रभावी क्रियान्वयन को अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है, ताकि प्रत्येक पात्र महिला इन योजनाओं का पूर्ण लाभ प्राप्त कर सके।

सारणी–31 एवं सारणी–32 के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता, सामाजिक गतिशीलता तथा व्यवहार एवं सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सार्थक भूमिका निभाई है। 49.23 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने महिलाओं की सामाजिक गतिशीलता एवं आत्मनिर्भरता में वृद्धि और 52.31 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने व्यवहार एवं पारंपरिक सोच में सकारात्मक परिवर्तन को स्वीकार किया है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं को केवल आर्थिक रूप से ही नहीं, बल्कि सामाजिक एवं मानसिक रूप से भी सशक्त बना रही हैं। फिर भी, असहमति एवं अनिश्चितता व्यक्त करने वाले उत्तरदाताओं की उपस्थिति यह संकेत देती है कि योजनाओं के प्रभाव को अधिक व्यापक एवं स्थायी बनाने के लिए जागरूकता, प्रभावी क्रियान्वयन तथा सामाजिक दृष्टिकोण में निरंतर सुधार की आवश्यकता है।

सारणी–33 एवं सारणी–34 के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं की निर्णय निर्माण की प्रक्रिया में भागीदारी और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 46.15 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने निर्णय निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने तथा 55.38 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुँच को स्वीकार किया है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण, नेतृत्व क्षमता, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा परिवार के समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में प्रभावी भूमिका निभा रही हैं। तथापि, असहमति और अनिश्चितता वाले उत्तरदाताओं की उपस्थिति यह संकेत देती है कि योजनाओं के प्रभाव को अधिक व्यापक एवं समावेशी बनाने के लिए जागरूकता, सेवाओं की गुणवत्ता, प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं की पहुँच को सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है।

सारणी–35 एवं सारणी–36 के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं के गरिमापूर्ण जीवन और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 50.77 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से महिलाओं के जीवन में गरिमा एवं सम्मान बढ़ने की पुष्टि की, जबकि 46.15 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने महिलाओं के लिए बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता में वृद्धि को स्वीकार किया। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाएँ महिलाओं के जीवन स्तर, सामाजिक सुरक्षा, आत्मसम्मान और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में प्रभावी भूमिका निभा रही हैं। तथापि, असहमति एवं अनिश्चितता वाले उत्तरदाताओं की उपस्थिति यह संकेत देती है कि योजनाओं के प्रभाव को अधिक व्यापक एवं समावेशी बनाने के लिए उनके प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता, जागरूकता और लाभों की समान पहुँच सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

निष्कर्ष एवं सुझाव : प्रस्तुत अध्ययन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि चित्रकूट जिले में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं ने महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अध्ययन के दौरान प्राप्त आँकड़ों से यह ज्ञात हुआ कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने सरकारी योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव को स्वीकार किया है। आर्थिक दृष्टि से स्वयं सहायता समूहों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और अन्य रोजगारपरक योजनाओं ने महिलाओं की आय में वृद्धि, बचत की प्रवृत्ति, स्वरोजगार के अवसर एवं

आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया है। महिलाओं की बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच, वित्तीय निर्णयों में भागीदारी तथा आर्थिक सुरक्षा में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है।

सामाजिक दृष्टि से अध्ययन में पाया गया कि सरकारी योजनाओं के कारण महिलाओं के परिवार एवं समाज में सम्मान, सामाजिक प्रतिष्ठा, निर्णय निर्माण में भागीदारी, सामाजिक गतिशीलता तथा सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता में वृद्धि हुई है। महिलाओं की डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच तथा बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासीय स्वामित्व मिलने से महिलाओं के आत्मसम्मान एवं गरिमापूर्ण जीवन में भी वृद्धि हुई है। इस तरह चित्रकूट जिले में संचालित सरकारी योजनाओं ने महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक एवं स्वास्थ्य संबंधी सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशेष रूप से स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मातृ एवं बाल कल्याण जैसी योजनाएं महिलाओं के जीवन स्तर, आत्मविश्वास और निर्णय–निर्माण क्षमता में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

यद्यपि अधिकांश उत्तरदाताओं ने योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव को स्वीकार किया है। इसके बावजूद उल्लेखनीय संख्या में असहमति या अनिश्चितता की अभिव्यक्ति से स्पष्ट होता है कि योजनाओं का लाभ सभी पात्र महिलाओं तक समान रूप से नहीं पहुँच पाया है। जागरूकता की कमी, शिक्षा का निम्न स्तर, प्रशासनिक जटिलताएँ, डिजिटल संसाधनों का सीमित उपयोग, सामाजिक बाधाएँ, क्रियान्वयन संबंधी चुनौतियाँ और सामाजिक रूढ़ियाँ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रमुख बाधाएँ हैं। इन बाधाओं और योजनाओं में निहित कमियों को दूर कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से चित्रकूट जिले में महिला सशक्तिकरण को सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

इसके लिए आवश्यक है कि सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए, ताकि प्रत्येक पात्र महिला को योजनाओं की जानकारी समय पर प्राप्त हो सके। ग्राम स्तर पर नियमित जागरूकता शिविर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे महिलाओं में अधिकारों एवं योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़े। डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों का विस्तार किया जाए, जिससे महिलाएँ ऑनलाइन आवेदन, डिजिटल भुगतान तथा सरकारी पोर्टलों का प्रभावी उपयोग कर सकें। जिले के स्वयं सहायता समूहों को तकनीकी, वित्तीय एवं विपणन सहायता प्रदान कर उन्हें अधिक आत्मनिर्भर बनाने की भी आवश्यकता है।

महिलाओं के लिए कौशल विकास एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण को स्थानीय आवश्यकताओं एवं उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप विकसित किया जाए। बैंकिंग एवं ऋण सुविधाओं तक महिलाओं की सरल एवं शीघ्र पहुँच सुनिश्चित की जाए तथा ऋण स्वीकृति प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सरल बनाया जाए। स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करते हुए दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाई जाए। महिलाओं को बाजार, ई–कॉमर्स एवं उद्यमिता से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण एवं विपणन सहायता उपलब्ध कराई जाए। सरकारी योजनाओं के नियमित मूल्यांकन एवं सामाजिक अंकेक्षण की व्यवस्था की जाए, ताकि योजनाओं के वास्तविक लाभार्थियों तक लाभ पहुँच सके। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है, इसलिए सरकारी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय समुदाय के बीच समन्वय बढ़ाकर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जाए।

जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए दोतरफा प्रयासों की आवश्यकता है, जैसे कि एक ओर ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं उद्यमिता के अधिक अवसर उपलब्ध कराए जाने चाहिए, तो दूसरी तरफ शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के समन्वित क्रियान्वयन पर बल दिया जाना चाहिए अर्थात महिलाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं रोजगार से संबंधित योजनाओं को एकीकृत दृष्टिकोण से लागू किया जाए, जिससे समग्र सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके। पंचायत स्तर पर महिलाओं की निर्णय निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नेतृत्व विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। लैंगिक समानता एवं महिला अधिकारों से संबंधित जन–जागरूकता अभियान चलाकर सामाजिक रूढ़ियों एवं भेदभाव को कम करने का प्रयास किया जा सकता है।

चित्रकूट भौगोलिक रूप से पठारी और आर्थिक रूप से आकांक्षी जिला होने के कारण सरकारी योजनाओं को महिला सशक्तिकरण का केवल कल्याणकारी उपक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का बड़ा जरिया बनाना चाहिए। चित्रकूट जिले में सरकारी योजनाओं के प्रति धारणा को महज 'लाभार्थी को लाभांवित' से बदलकर 'महिलाओं को परिवर्तन की एजेंट' बनाने की दिशा में मजबूत नींव रखनी चाहिए। जब एक महिला आर्थिक रूप से सक्षम बनती है तो उसे अपने अधिकारों अथवा सक्षमता का ज्ञान होता है, जिससे अंततः उसका परिवार गरीबी और सामाजिक पिछड़ेपन से बाहर निकलता है।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि चित्रकूट जिले में सरकारी योजनाओं ने महिलाओं के सशक्तिकरण की प्रक्रिया को गति प्रदान की है। इन योजनाओं ने महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक प्रतिष्ठा, स्वास्थ्य,

शिक्षा, निर्णय क्षमता तथा जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ये योजनाएं जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी सिद्ध हुई हैं, किन्तु इनके अधिक व्यापक, समावेशी एवं स्थायी प्रभाव के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन, निगरानी एवं जन–जागरूकता को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। यदि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध निगरानी, व्यापक जन–जागरूकता और सभी पात्र महिलाओं तक समान पहुँच सुनिश्चित की जाए, तो भविष्य में ये योजनाएँ महिलाओं के समग्र एवं सतत् सशक्तिकरण के लक्ष्य को अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त करने में सक्षम होंगी। यह अध्ययन इस तथ्य की पुष्टि करता है कि सरकारी योजनाएँ केवल कल्याणकारी कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक परिवर्तन एवं समावेशी विकास का सशक्त माध्यम हैं।

स्रोत एवं संदर्भः

1. पांडे, अर्चना एवं शुक्ला, एम.एस. (2026)। उत्तर प्रदेश में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) और ग्रामीण महिला आर्थिक सशक्तिकरणरू साहित्य की एक आलोचनात्मक समीक्षा। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च (आईजेएमआर), 12(4), अप्रैल–2026। https://doi.org/10.36713/epra27299
2. कुमार, वैभव एवं मधुसूदन, डॉ. गजेन्द्र सिंह (2025)। चित्रकूट जिले में ग्रामीण मजदूरों के जीवन पर मनरेगा के प्रभाव का अध्ययन। बुंदेलखंड जर्नल ऑफ अकादमिक रिसर्च (बीजेएआर), वॉल्यूम–1, अंक–2, अक्टूबर–दिसंबर 2025, पृष्ठ 20–34। https://doi.org/10.5281/zenodo.21424970
3. कुमार, प्रतीक एवं मधुसूदन, डॉ. गजेन्द्र सिंह (2025)। चित्रकूट जिले में किसानों के वित्तीय समावेशन में किसान क्रेडिट कार्ड के प्रभाव का अध्ययन। बुंदेलखंड जर्नल ऑफ अकादमिक रिसर्च (बीजेएआर), वॉल्यूम–1, अंक–2, अक्टूबर–दिसंबर 2025, पृष्ठ 40–51। https://doi.org/10.5281/zenodo.21425148
4. लखन, राम एवं मधुसूदन, डॉ. गजेन्द्र सिंह (2025)। वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने में फिनटेक की भूमिका का अध्ययन (चित्रकूट जिले के विशेष संदर्भ में)। बुंदेलखंड जर्नल ऑफ अकादमिक रिसर्च (बीजेएआर), वाल्यूम–1, अंक–1, जुलाई–सितंबर 2025, पृष्ठ 36–46। https://doi.org/10.5281/zenodo.21316892
5. शर्मा, पी. एवं वर्मा, आर. (2022)। बुंदेलखंड में महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूहों की भूमिकारू चित्रकूट जिले का एक विशेष अध्ययन। भारतीय सामाजिक शोध पत्रिका, 14(2), 45–58।
6. द्विवेदी, एम. (2021)। बुंदेलखंड की ग्रामीण महिलाएँ और स्थानीय स्वशासनः चित्रकूट क्षेत्र का समाजशास्त्रीय विश्लेषण (अप्रकाशित शोध–प्रबंध)। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।
7. Pawni, & Kumar, D. (2025). Barriers to education and skill development among rural women in Chitrakoot (UP): An empirical study. International Journal for Multidisciplinary Research, 7(4), 1–9. https://doi.org/10.36948/ijfmr.2025.v07i04.53771
8. Tripathi, S. (2025). Barriers to education and skill development among rural women in Chitrakoot (UP): An empirical study. International Journal for Multidisciplinary Research, 7(4), 1–9.
9. Lall, A., & Sharma, R. (2023). An assessment of parity in higher education in Bundelkhand region of Uttar Pradesh. Journal of Emerging Technologies and Innovative Research, 10(5), 234–241.
10. Yadav, P., & Singh, V. (2021). Impact of self-help groups (SHGs) on rural women empowerment in Chitrakoot district of Uttar Pradesh. Indian Journal of Social Work, 82(3), 311–326.
11. International Institute for Population Sciences (2021). National Family Health Survey (NFHS-5), 2019–21: International Institute for Population Sciences (IIPS) & Ministry of Health and Family Welfare, Government of India.
12. NITI Aayog (2021). National Multidimensional Poverty Index: Baseline report based on NFHS-4 (2015–16). Government of India.
13. Thakur, D. J., & Sharma, D. (2020). The Upliftment in Status of Women Empowerment in 20th century: A study of Bundelkhand Region, Uttar Pradesh and Madhya Pradesh, India. International Journal of Psychosocial Rehabilitation, 24(6), 1575–1586. https://doi.org/10.61841/dsb7c265
14. Padmaja, R., Kavitha, K., Pramanik, S., Duche, V. D., Singh, Y. U., Whitbread, A. M., Singh, R., Garg, K. K., & Leder, S. (2020). Gender Transformative Impacts from watershed interventions: Insights from a mixed-methods study in the Bundelkhand region of India. Transactions of the ASABE, 63(1), 153–163.
15. Srivastava, S., & Mishra, A. K. (2019). Socio-Economic Conditions and Status of Rural Women in Bundelkhand: Issues and challenges. Journal of Rural Development, 38(2), 145–160.
16. Gupta, S., & Singh, S. (2019). Status of women empowerment in agriculture: A reality of Bundelkhand region of Uttar Pradesh. Indian Journal of Extension Education, 55(3), 42–48.
17. Singh, A. P., & Bhatt, S. (2018). Status of women in Bundelkhand: A social work perspective. Journal of Social Welfare and Management, 10(2), 145–152.

18. Centre for Women's Development Studies (2019). Gender dynamics and rural governance in drought-prone regions of Uttar Pradesh. CWDS Publications.
19. National Commission for Women. (2018). Socio-economic impact of drought on women in Bundelkhand region: A field report. Government of India.
20. Singh, R. K. (2014). Women Empowerment and Panchayati Raj: A study of women representatives in Bundelkhand region of Uttar Pradesh. Indian Social Institute.
21. Narula, M. (2009). Education, Gender, Access and Participation to Elementary Education in Bundelkhand region of U.P. National University of Educational Planning and Administration (NUEPA).
22. Kumar, N. P. (2008). Trends and Determinants of Female Work Participation in Uttar Pradesh (Working Paper No. 192). Giri Institute of Development Studies.
23. Nagar, R. (2000). Mujhe Jawab Do! (Answer me!): Women's grass-roots activism and social spaces in Chitrakoot (India). Gender, Place & Culture, 7(4), 341–362. https://doi.org/10.1080/713668879

=====

आलेख उद्धरित करें :	मधुसूदन, गजेन्द्र सिंह एवं यादव, अमित कुमार (2026)। चित्रकूट जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण पर सरकारी योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन। बुंदेलखंड जर्नल ऑफ अकादमिक रिसर्च (बीजेएआर), वॉल्यूम–2, अंक–2, अप्रैल–जून, 2026, पृष्ठ 01–23। https://doi.org/10.5281/zenodo.21787217

Bundelkhand Journal of Academic Research

विकसित भारत की आधारशिला के रूप में नागरिक कर्तव्यों का अवलोकन

बृजेश कुमार पाल[1], धर्मकीर्ति कुशवाहा[2],

1. **असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी),** डॉ. बी.आर. अम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय फतेहपुर, उत्तर प्रदेश।
2. **शोधार्थिनी (राजनीति विज्ञान),** गायत्री शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (जीएसपीएस), अतर्रा, बांदा, उत्तर प्रदेश।

(**Corresponding Author:** brijeshjaishree@gmail.com)

https://doi.org/10.5281/zenodo.21787366

सारांश

किसी राष्ट्र का निर्माण केवल पत्थरों, पुलों और इमारतों से नहीं, बल्कि नागरिकों के चरित्र और आचरण से होता है। यदि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो 'कर्तव्य बोध' को शिक्षा प्रणाली और जन–जीवन का हिस्सा बनाना होगा। जब हर नागरिक अपने कर्तव्य को राष्ट्र निर्माण का योगदान समझेगा, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। किसी सभ्य एवं समृद्ध राष्ट्र की पहचान उसके सशक्त नागरिकों से होती है। नागरिक सशक्तिकरण का आधार अधिकारों की जागरूकता और कर्तव्यों के प्रति निष्ठा है जो कि किसी भी देश के विकसित होने की अनिवार्य शर्त है। भारत एक ऐसी भूमि रही है जहां धर्म की व्याख्या व्यापक परिप्रेक्ष्य में की गई है। मातृ धर्म, पितृ धर्म, राष्ट्र धर्म किसी देश के नागरिक कर्तव्यों के लिए महत्वपूर्ण आदर्श है। नागरिक कर्तव्य संविधान के अनुच्छेद भाग–4क के अनुच्छेद–51ए में उल्लेखित मौलिक कर्तव्यों तक ही सीमित नहीं है, वरन हम सब भारतीयों के लिए सामाजिक एवं नैतिक दायित्व के रूप में इन्हें देखा जाना चाहिए। प्रस्तुत शोध पत्र में हम यह पड़ताल करेंगे कि सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक मोर्चे पर नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता विकसित भारत के लक्ष्य में किस तरह योगदान दे सकती है। साथ ही यह भी खोजने का प्रयास किया जाएगा की नागरिक कर्तव्यों में कौन से तत्व बाधक हैं और उन्हें दूर करके समस्त भारतीय नागरिकों में सामूहिक एकता का भाव किस तरह पैदा किया जा सकता है। इसलिए यह शोध पत्र विकसित भारत के लक्ष्य के लिए नागरिक कर्तव्य के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं, नागरिक संगठनों तथा विभिन्न राष्ट निर्माण संस्थाओं के प्रयासों पर केंद्रित है।

आलेख सूचना

प्राप्त: 14 अप्रैल, 2026 **स्वीकृत:** 28 अप्रैल, 2026 **प्रकाशित:** 30 जून, 2026

सारणी: 03 **चित्र एवं ग्राफ:** 00 **स्रोत एवं संदर्भ:** 10

मुख्य शब्द: नागरिक कर्तव्य, विकसित भारत, एकता, सामाजिक न्याय, मूल अधिकार।

1. परिचय एवं पृष्ठभूमि :

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः।
एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे।।

ईशावास्य उपनिषद के इस दूसरे मंत्र से लेकर के आज की लोकतांत्रिक संवैधानिक व्यवस्था तक अनवरत एक मनुष्य के रूप में हमारे कर्तव्यों को महत्व दिया जाता रहा है। प्राचीन भारत में नागरिक कर्तव्यों की अवधारणा को आधुनिक 'अधिकार–केंद्रित' दृष्टिकोण की तुलना में 'कर्तव्य–केंद्रित' संरचना के रूप में देखा जाता है। प्राचीन भारतीय समाज में नागरिकों के कर्तव्य केवल कानून तक सीमित नहीं थे, बल्कि वे नैतिक जीवन, सामाजिक समरसता और धार्मिक दर्शन का अभिन्न अंग थे। प्राचीन भारत में नागरिक कर्तव्य 'धर्म' की व्यापक अवधारणा पर आधारित थे। यहाँ धर्म का अर्थ केवल पूजा पद्धति नहीं, बल्कि 'सदाचार, नैतिक दायित्व और कर्तव्य' था। ये ऐसे कर्तव्य थे जो समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनिवार्य थे जैसे सत्य, अहिंसा, दया, दान, पवित्रता, जीवों के प्रति करुणा आदि। कौटिल्य (चाणक्य) द्वारा रचित अर्थशास्त्र में राज्य के प्रति नागरिकों के व्यावहारिक और कानूनी कर्तव्यों का उल्लेख मिलता है। नागरिकों का मुख्य कर्तव्य था कि वे अपनी उपज या व्यापार का उचित भाग टैक्स के रूप में राज्य को दें, जिससे सुरक्षा और लोक कल्याणकारी कार्य हो सकें। पुलों, सड़कों, जलाशयों और वनों को नुकसान न पहुँचाना प्रत्येक नागरिक का

दायित्व था। राज्य के विरुद्ध होने वाले अपराधों या देशद्रोह की सूचना प्रशासन को देना नागरिक कर्तव्य माना जाता था।

धर्मशास्त्र और मनुस्मृति, याज्ञवल्क्य स्मृति के अनुसार समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए असहायों, भिक्षुओं और अतिथियों की सहायता करना प्रत्येक गृहस्थ का अनिवार्य कर्तव्य था। माता–पिता, वृद्धों और बच्चों का भरण–पोषण करना कानून और धर्म दोनों के तहत अनिवार्य था। वैशाली के लिच्छवि, शाक्य, और यौधेय जैसे प्राचीन भारतीय गणराज्यों (गणसंघों) में नागरिकों के नागरिक दायित्व बहुत सक्रिय थे। अधिकांश गणराज्यों के पास स्थायी विशाल सेना नहीं होती थी। आवश्यकता पड़ने पर प्रत्येक सक्षम नागरिक को अस्त्र–शस्त्र उठाकर राज्य की रक्षा करनी होती थी। गणसंघों के नागरिकों की सभाओं में उपस्थिति और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लेना उनका नागरिक कर्तव्य था।

इस तरह भारतीय जीवन पद्धति में 'अधिकार' से अधिक 'कर्तव्य' को प्रधानता दी गई है। भारतीय जीवन पद्धति में नागरिक कर्तव्यों से तात्पर्य केवल संविधान के भाग 4 के अनुच्छेद–51ए, में उल्लिखित कर्तव्यों से नहीं है वरन कहीं अधिक विस्तृत है जो धर्म शास्त्रों से विकसित और स्वस्थ परंपराओं से पोषित है। तैत्तिरीय उपनिषद में ऋण की अवधारणा बताई गई है जोकि कर्तव्यों से मेल खाती है (तैत्तिरीय संहिताः6.3.10.5)। भारत में कर्तव्य की अवधारणा 'ऋण' (पितृ ऋण, ऋषि ऋण, देव ऋण) की उस अवधारणा से प्रेरित हैं, जो व्यक्ति को समाज और प्रकृति के प्रति उत्तरदायी बनाती है। ऋग्वेद से लेकर भगवद्गीता तक, 'कर्मण्येवाधिकारस्ते' का सिद्धांत फल की इच्छा के बिना कर्तव्य पालन पर जोर देता है। हम नागरिक कर्तव्यों की दृष्टि से यदि किसी देश को विकसित बनाने का लक्ष्य तय करते हैं तो सर्वप्रथम यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी विकसित देश का पैमाना क्या हो? किसी विकसित देश के मानक क्या हों, इसे एक निश्चित तथ्य के रूप में बता पाना संभव नहीं, क्योंकि विकास एक गुणात्मक अवधारणा है। क्या केवल तकनीक और आर्थिक समृद्धि से कोई देश विकसित देश कहा जा सकता है? ऐसा ज्ञान–विज्ञान जो मानवता का रक्षक न हो, केवल उपभोग संस्कृति की उपज मात्र हो सकता है। विज्ञान–तकनीक के लाभ किसान, श्रमिक जैसे वर्गों तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक अगर नहीं पहुंचते तो कोई देश कैसे विकसित हो सकता है। भारत सरकार का विजन सबका साथ सबका विकास है। ऐसे में सबके प्रयासों से ही भारत को विकसित देश बनाया जा सकता है। अतः सभी को अपने कर्तव्य के प्रति अत्यधिक जागरूक रहने की आवश्यकता है। मौलिक कर्तव्यों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए नागरिक कर्तव्य जागरूकता कार्यक्रम (2020), शैक्षिक पाठ्यक्रमों में कर्तव्यों का एकीकरण, संविधान दिवस समारोहों और मीडिया प्रसारणों द्वारा प्रसार करने जैसी पहलों के साथ–साथ कानूनी, शैक्षिक और सार्वजनिक पहल की गई हैं। ये प्रयास इस बात को स्वीकार करते हैं कि लोकतंत्र तभी सही मायने में पनप सकता है जब नागरिक अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों, दोनों पर अमल करें।

1.1. अध्ययन की आवश्यकताः विकसित भारत (समृद्ध, स्वावलंबी और सशक्त भारत) का सपना केवल सरकार की नीतियों, बड़ी–बड़ी योजनाओं या आर्थिक घोषणाओं से पूरा नहीं हो सकता। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति उसके नागरिकों के व्यवहार, सोच और प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है। यही कारण है कि विकसित भारत की आधारशिला के रूप में नागरिक कर्तव्यों के अध्ययन और उनके पालन की अत्यंत आवश्यकता है।

1.2. अध्ययन के उद्देश्यः विकसित भारत की आधारशिला के रूप में नागरिक कर्तव्यों के अध्ययन का उद्देश्य 'उत्कृष्ट नागरिक' तैयार करना है। जब देश का प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होता है, तभी एक अनुशासित, सुरक्षित और सशक्त 'विकसित भारत' का निर्माण संभव हो पाता है। नागरिक कर्तव्यों का अवलोकन करने और उनका गहराई से अध्ययन करने के पीछे केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त करना उद्देश्य नहीं होता, बल्कि एक जागरूक, अनुशासित और सशक्त समाज का निर्माण करना होता है।

2. विकसित भारत की आधारशिला के रूप में नागरिक कर्तव्य : लोकतंत्र में हम अक्सर अपने 'अधिकारों' के प्रति बहुत सचेत रहते हैं, लेकिन 'कर्तव्यों' को भूल जाते हैं। अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बिना कर्तव्यों के अधिकारों की मांग समाज में अराजकता और स्वार्थ को जन्म देती है। जब नागरिक अपने कर्तव्यों को समझते हैं, तभी समाज में अधिकारों का वास्तविक संरक्षण संभव हो पाता है। केवल मतदान करने तक नागरिक की भूमिका सीमित नहीं होती। नागरिक कर्तव्यों का अध्ययन व्यक्ति को एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनाता है, जो सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करता है। पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों (जल, जंगल, वायु) को संरक्षित करता है। कानून और व्यवस्था का सम्मान करता है। इसलिए विकसित भारत की आधारशिला के रूप में नागरिक कर्तव्यों की निम्नांकित भूमिकाओं को देखने का प्रयास कर रहे हैं।

2.1. विकसित भारत की रूपरेखा में सांस्कृतिक मूल्यः प्राचीनकाल से ही भारतीय मनीषा, ज्ञान विज्ञान, दर्शन प्रकृति और सापेक्ष और मानवतावादी रही है। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष जैसे पुरुषार्थ के रूप में प्रत्येक व्यक्ति के अपने कर्तव्य और जीवन लक्ष्य सुनिश्चित थे परन्तु आज के भारत का स्वरूप अलग है। आज भारत वैश्विक विचारों और जीवन

पद्धति से प्रभावित है। स्वाभाविक है कि विश्व की विकास धारा से विच्छिन्न होकर नहीं रहा जा सकता, लेकिन क्या विकसित भारत का मॉडल अमेरिका, यूरोप या देशों जैसा हो या भारतीय संस्कृति के अनुरूप विकसित भारत का कोई अपना मॉडल खींचा जा सकता है। प्रत्येक देश की संस्कृति और सभ्यता के अनुसार जरूरतें अलग–अलग होती हैं। इसलिए प्रत्येक देश के विकास का मॉडल अलग–अलग होता है। भारतीय संस्कृति विविधता में एकता तथा समावेशी जीवन मूल्यों को लेकर चलती रही है। प्रत्येक देश का विकास उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और भौगोलिक परिस्थितियों से तय होता है। विविधता में एकता भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण विशेषता रही है। भारत के विकास का मॉडल 'एकरूपता' पर नहीं, बल्कि 'एकता' पर आधारित है। समावेशी जीवन मूल्य यहां की पहचान है। जहाँ पश्चिमी मॉडल अक्सर व्यक्तिवाद पर केंद्रित होता है, वहीं भारतीय मॉडल 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'सर्वे भवंतु सुखिनः' की भावना से प्रेरित है। संस्कृति–आधारित प्रगति विकसित भारत के लक्ष्य का केंद्रीय तत्व होना चाहिए। भारत को एक ऐसा विकसित राष्ट्र बनना है जहाँ स्मार्ट शहरों के साथ–साथ जीवंत और आत्मनिर्भर गाँव (ग्राम स्वराज) भी हों। हमारी विविधता ही हमारी वह शक्ति है जो नवाचार को जन्म देती है।

2.2. नागरिक कर्तव्यों के विभिन्न आयामों का महत्वः राष्ट्रवाद की भावना और अखंडता का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का प्राथमिक कर्तव्य है। अनुच्छेद–51ए, के तहत देश की रक्षा करना और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जब नागरिक जाति, धर्म और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हैं, तभी निवेश और विकास के लिए स्थिर वातावरण बनता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार नागरिक कर्तव्यों का एक महत्वपूर्ण पहलू है। अनुच्छेद–51ए (एच) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन की भावना के विकास पर जोर देता है। एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता बनना होगा। नागरिकों का यह कर्तव्य है कि वे अंधविश्वासों को त्यागकर तार्किक सोच अपनाएं और अनुसंधान (आरएंडडी) में योगदान दें। पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की अवधारणा आज सर्वाधिक प्रासंगिक अधारणा है। विकसित भारत का अर्थ केवल कंक्रीट के निर्माण नहीं, बल्कि एक हरित राष्ट्र है। वनों, झीलों, नदियों और वन्यजीवों की रक्षा करना हमारा संवैधानिक कर्तव्य है। जलवायु परिवर्तन के दौर में नागरिकों द्वारा जीवनशैली में बदलाव ही भविष्य की पीढ़ी के लिए संसाधनों को सुरक्षित रख सकता है। सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा भारतीय नागरिक का प्राथमिक कर्तव्य है। सरकारी संपत्ति को देश के धरोहर मानते हुए प्रत्येक नागरिक को उसके सुरक्षा का ख्याल रखना चाहिए। अक्सर विरोध प्रदर्शनों के दौरान राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुँचाया जाता है। यह विकसित राष्ट्र की मानसिकता के विपरीत है। सार्वजनिक संपत्ति (सड़कें, ट्रेन, स्मारक) नागरिकों के कर के पैसे से बनी है। इसकी रक्षा करना और हिंसा से दूर रहना एक सभ्य समाज की पहचान है। हमारे देश में नागरिक कर्तव्यों के माध्यम से संरचनात्मक परिवर्तन के अनेक सफल उदाहरण देखे जा सकते है। जो भारत के नागरिकों के भविष्य के लिए पथ प्रदर्शक का काम करते है। विकसित भारत का लक्ष्य केवल राजकीय घोषणाओं से नहीं, बल्कि समाज के 'सामूहिक व्यवहार परिवर्तन' से ही संभव है। स्वच्छ भारत अभियान और पोलियो टीकाकरण की सफलता इस बात का जीवंत प्रमाण है कि जब सरकारी नीतियां नागरिकों के स्वतः स्फूर्त कर्तव्यों से जुड़ती हैं, तभी वे राष्ट्रीय आंदोलन का रूप लेती हैं। इसी क्रम में डिजिटल इंडिया का उदाहरण अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहाँ करोड़ों नागरिकों ने वित्तीय पारदर्शिता को अपना कर्तव्य मानकर यूपीआइ और डिजिटल भुगतान को वैश्विक स्तर पर सफल बनाया। साथ ही, महाराष्ट्र के हिवरे बाजार जैसे गाँवों में जल संरक्षण के लिए किया गया 'श्रमदान' और कोविड–19 के दौरान नागरिकों द्वारा निभाई गई स्वैच्छिक सहायता की भावना यह स्पष्ट करती है कि सरकारी तंत्र केवल एक सहायक ढांचा प्रदान कर सकता है, लेकिन उसमें प्राण फूंकने का कार्य नागरिक कर्तव्य ही करते हैं। अतः स्पष्ट है कि नीतियां केवल मार्ग प्रशस्त करती हैं, परंतु राष्ट्र का वास्तविक रूपांतरण तब होता है, जब नागरिक सुविधाओं के उपभोक्ता बनने के बजाय विकास के सक्रिय भागीदार बनते हैं और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं संवैधानिक मूल्यों का पालन अपनी जीवनशैली में समाहित कर लेते हैं।

2.3. समावेशी विकास की अवधारणा में नागरिक कर्तव्यों की भूमिकाः समावेशी विकास का अर्थ केवल आर्थिक विकास दर को बढ़ाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति (गरीब, वंचित, महिला, किसान और पिछड़े वर्ग) तक पहुँचे। समावेशी विकास केवल सरकार की नीतियों या बजट आवंटन से संभव नहीं हो सकता। इसके लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद–51ए और सामान्य नागरिक चेतना, समावेशी विकास को गति देने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाते हैं।

भारत तब तक विकसित नहीं हो सकता जब तक विकास का लाभ सुभेद्य वर्गों तक न पहुंच जाए। दलित, आदिवासी, विमुक्त घुमंतू समुदाय, ट्रांसजेंडर महिलाएं पूरी तरह सुरक्षित और सशक्त न हों। भारत में लगातार मानव विकास बढ़ रहा है, परंतु अभी भी इसमें सुधार की अत्यधिक आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा जारी मानव विकास रिपोर्ट, 2025 में भारत मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में लगातार ऊपर चढ़ रहा है और 193 देशों में 130वें स्थान पर है। इस स्तर पर नागरिक कर्तव्यों महत्वपूर्ण हो जाते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति सामाजिक समरसता

लाने का प्रयास करे। भेदभाव और ऊंचनीच की मानसिकता को दूर कर आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने से ही राष्ट्रीय एकता और अखंडता सुनिश्चित की जा सकती है। ऐसी प्रथाओं का त्याग करना जो महिलाओं तथा किसी वर्ग के सम्मान के विरुद्ध हैं। सबका सम्मान और सद्भाव अनिवार्य नागरिक कर्तव्य होना चाहिए। भारत को वित्तीय समावेशन, जनधन, आधार और मोबाइल के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ अंतरण अत्यधिक तीव्र और समावेशी बनाया जाए। भारत के प्रधानमंत्री का कहना है कि "आर्थिक विकास को केवल कुछ शहरों और कुछ नागरिकों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। विकास सर्वांगीण और समावेशी होना चाहिए।"

क्षेत्र	नागरिक कर्तव्य	समावेशी विकास पर प्रभाव
शिक्षा व कौशल	बच्चों को स्कूल भेजना व कौशल विकास	गरीबी उन्मूलन और रोजगार में वृद्धि
सामाजिक	महिलाओं का सम्मान और भाईचारा	जेंडर समानता और सामाजिक न्याय
आर्थिक	कर अनुपालन और सार्वजनिक संपत्ति सुरक्षा	कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन की उपलब्धता
पर्यावरण	जल, जंगल और स्वच्छता का ध्यान रखना	जलवायु परिवर्तन से गरीबों की सुरक्षा
सदाचार	ईमानदारी, सार्वजनिक स्वच्छता	भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी समाज

यदि 'अधिकार' नागरिकों को सशक्त बनाते हैं, तो 'कर्तव्य' एक ऐसा माहौल बनाते हैं जहाँ उन अधिकारों का लाभ समाज का हर व्यक्ति उठा सके। समावेशी विकास केवल 'सरकार का काम' नहीं है, बल्कि यह 'नागरिकों की साझा जिम्मेदारी' है। जब नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं, तो विकास की प्रक्रिया 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के राष्ट्रीय लक्ष्य को सही अर्थों में प्राप्त करती है।

2.4. विज्ञान, तकनीक का विकास में नागरिक कर्तव्यों की भूमिका: विज्ञान और प्रौद्योगिकी की प्रगति केवल वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं या सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी देश में तकनीकी और वैज्ञानिक क्रांति तभी सफल और टिकाऊ हो सकती है जब नागरिक अपने कर्तव्यों को समझें और निभाएं। नागरिक केवल तकनीक के 'उपभोक्ता' नहीं हैं, बल्कि वे इसके 'संवर्धक और रक्षक' भी हैं।

धर्म और शास्त्र जहां एक तरफ व्यक्ति को स्वस्थ जीवन पद्धति जीने के लिए प्रेरित करते हैं वही अनेक रूढ़ियों और परंपराओं को भी जन्म दे सकते है। अतः आवश्यक है कि भारतीय नागरिकों का दृष्टिकोण वैज्ञानिक हो।आज के दौर में विज्ञान और तकनीकी का विकास अनिवार्य हकीकत हैं, लेकिन तकनीक का उद्देश्य केवल लाभ कमाना नहीं, बल्कि 'अंत्योदय' होना चाहिए। "विकास तब तक अधूरा है, जब तक समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक उसका लाभ न पहुंचे।" यदि हाशिए के समाज (दलित, आदिवासी, पिछड़े और गरीब) की जीवन गुणवत्ता को विकास का पैमाना माना जाए, तो भारत के सामने चुनौती बड़ी है। नागरिक कर्तव्य यहाँ यह सुनिश्चित करने में है कि तकनीकी साक्षरता और डिजिटल क्रांति का लाभ केवल शहरी मध्यम वर्ग तक सीमित न रहे, बल्कि एक किसान और मजदूर भी इसका उपयोग अपनी प्रगति के लिए कर सके।

क्षेत्र	नागरिक कर्तव्यों वैज्ञानिक विकास पर प्रभाव
विचार और चिंतन	वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्कसंगत सोच और अंधविश्वास से दूरी।
डिजिटल व्यवहार	साइबर सुरक्षा बनाए रखना, डेटा प्राइवेसी का सम्मान, फेक न्यूज न फैलाना।
पर्यावरण	ई-वेस्ट का सही निस्तारण और ईको-फ्रेंडली तकनीकों का प्रयोग।
सामाजिक योगदान	डिजिटल साक्षरता फैलाना और स्वदेशी शोध/स्टार्टअप का समर्थन करना।
शिक्षा	बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान कर संपूर्ण साक्षर और कुशल कार्यबल बनाना।

हमारे मौलिक कर्तव्यों में 'वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास' शामिल है। विकसित भारत बनने के लिए देश के नागरिकों में अंधविश्वास से परे हटकर तर्कसंगत, अनुसंधान–आधारित और नवोन्मेषी सोच का होना आवश्यक है। इस तरह विज्ञान और तकनीक समाज को साधन प्रदान करते हैं, लेकिन यह नागरिकों का विवेक और कर्तव्य तय करता है कि वे साधन प्रगति का कारण बनेंगे या पतन का। जब नागरिक जिम्मेदारी से तकनीक का प्रयोग करते हैं और वैज्ञानिक सोच को जीवन का हिस्सा बनाते हैं, तभी कोई राष्ट्र एक सच्चा 'ज्ञान–आधारित समाज' बन पाता है।

2.5. उपभोक्ता संस्कृति में नागरिक कर्तव्यों की भूमिका: आज के तेजी से बढ़ते वैश्वीकरण और बाजारीकरण के दौर में, उपभोक्ता संस्कृति हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा बन गई है। यह संस्कृति मुख्य रूप से अधिक से अधिक वस्तुओं और सेवाओं के उपभोग पर जोर देती है। हालांकि, जब उपभोक्ता संस्कृति पर कोई नियंत्रण नहीं होता, तो यह पर्यावरण क्षरण, सामाजिक असमानता और संसाधनों की बर्बादी का कारण बन सकती है। यहीं पर नागरिक कर्तव्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमारे कर्तव्य हमारी उपभोक्ता आदतों को दिशा देते हैं।

संविधान और नैतिकता, दोनों ही हमें पर्यावरण की रक्षा करने का कर्तव्य सौंपते हैं। उपभोक्ता संस्कृति अक्सर 'यूज एंड थ्रो' की आदत को बढ़ावा देती है। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते, यह हमारा कर्तव्य है कि हम पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों को चुनें, प्लास्टिक का उपयोग कम करें और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा दें। उपभोक्ता संस्कृति में अक्सर लोग विदेशी और महंगे ब्रांड्स के पीछे भागते हैं, जिससे देश की स्थानीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंच सकता है। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना एक नागरिक का कर्तव्य है। स्थानीय कारीगरों, किसानों और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देकर हम देश के आर्थिक विकास में योगदान दे सकते हैं। सस्ती वस्तुओं की चाह में हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि उन उत्पादों को कैसे बनाया गया है। कई बार इनके पीछे बाल श्रम, मजदूरों का शोषण या जानवरों पर क्रूरता शामिल होती है। जबकि मानवाधिकारों का सम्मान करना एक अहम नागरिक कर्तव्य है। हमें उन ब्रांड्स या कंपनियों का बहिष्कार करना चाहिए जो अनैतिक तरीकों का इस्तेमाल करते हैं, और उन्हें चुनना चाहिए जो फेयर ट्रेड और श्रम कानूनों का पालन करते हैं। उपभोक्ता संरक्षण कानून हमें कई अधिकार देते हैं (जैसे सही जानकारी, गुणवत्ता की गारंटी), लेकिन इसके साथ कुछ कर्तव्य भी जुड़े हैं। उदाहरण के लिए, बिल मांगना ताकि करों की चोरी न हो, कालाबाजारी को बढ़ावा न देना और झूठे विज्ञापनों या खराब उत्पादों के खिलाफ आवाज उठाना। टैक्स देना राष्ट्र निर्माण के लिए एक बुनियादी नागरिक कर्तव्य है।

उपभोक्तावाद अक्सर दिखावे को जन्म देता है, जहां लोग जरूरत से ज्यादा चीजें खरीदते हैं, जिससे संसाधनों की कमी हो जाती है। जबकि समाज के प्रति सहानुभूति रखना और संसाधनों का न्यायसंगत उपयोग करना, भोजन, पानी, बिजली और ईंधन की बर्बादी को रोकना एक जिम्मेदार नागरिक की पहचान है। कुल मिलाकर उपभोक्ता संस्कृति अपने आप में बुरी नहीं है, लेकिन जब इसे नागरिक कर्तव्यों की कसौटी पर परखा जाता है, तो यह 'अंधे उपभोग' से बदलकर 'जिम्मेदार उपभोग' में बदल जाती है। एक अच्छा उपभोक्ता वही है जो पहले एक अच्छा और जागरूक नागरिक हो।

2.6. पर्यावरण संरक्षण में नागरिक कर्तव्यों की भूमिका: पर्यावरण संरक्षण किसी एक सरकार, संस्था या कानून की जिम्मेदारी नहीं हैय यह हर नागरिक के सहयोग से ही संभव है। जब प्रत्येक व्यक्ति अपनी दैनिक आदतों में सुधार करता है, तो उसका सामूहिक प्रभाव पूरे समाज और पृथ्वी पर दिखाई देता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51ए (जी) में भी यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 'प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करना और उसका संवर्धन करना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है।' यहाँ पर्यावरण संरक्षण में नागरिकों कर्तव्यों की भूमिका से आशय है कि बिजली की फिजूलखर्ची रोकना, एलईडी बल्बों का उपयोग करना और जहाँ संभव हो सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों को अपनाना, पानी की बर्बादी रोकना, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना, नल खुला न छोड़ना, प्लास्टिक और डिस्पोजेबल वस्तुओं का न्यूनतम उपयोग, सिंगल–यूज प्लास्टिक पर रोक कर कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करना, पुरानी वस्तुओं को फेंकने के बजाय उनका दोबारा इस्तेमाल करना, सूखे और गीले कचरे को अलग–अलग रखना ताकि उनका सही निस्तारण हो सके। केवल पेड़ लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी देखभाल करना भी नागरिक कर्तव्य है।

वन्यजीवों और उनके प्राकृतिक आवासों को नुकसान न पहुँचाना, कम दूरी तय करने के लिए पैदल चलने या साइकिल का उपयोग करना, सार्वजनिक परिवहन या कारपूलिंग को प्राथमिकता देना ताकि कार्बन उत्सर्जन और वायु प्रदूषण कम हो। अपने परिवार, पड़ोसियों और दोस्तों को पर्यावरण–अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक करना, स्थानीय अभियानों जैसे स्वच्छता अभियानों, पौधरोपण कार्यक्रमों और नदियोंध्तालाबों की सफाई में सक्रिय योगदान देना आदि कर्तव्यों का निर्वहन कर हम जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। कहने का आशय कि पर्यावरण संरक्षण में नागरिक कर्तव्य केवल नैतिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारे स्वयं के अस्तित्व और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव हैं। "छोटा कदम, बड़ा बदलाव" के सिद्धांत को अपनाकर ही हम एक स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण का निर्माण कर सकते हैं।

2.7. आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास में नागरिक कर्तव्यों की भूमिका: किसी भी देश के आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे के निर्माण में केवल सरकार की नीतियां ही काफी नहीं होतींय बल्कि नागरिकों की भागीदारी और उनके कर्तव्य इसमें सबसे अहम नींव का काम करते हैं। जब नागरिक अपने अधिकारों के साथ–साथ अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होते हैं, तो देश की संपत्ति और संसाधन सुरक्षित रहते हैं और उनका कुशल उपयोग होता है। कहने का आशय कि आर्थिक प्रगति का सीधा संबंध देश के राजस्व, व्यापार और अनुशासित कार्य संस्कृति से है। उदाहरण के लिए, कर नागरिकों का सबसे प्राथमिक आर्थिक कर्तव्य है। जब नागरिक ईमानदारी से आयकर, जीएसटी और स्थानीय कर चुकाते हैं, तभी सरकार के पास सड़कें, अस्पताल, स्कूल और नई तकनीक विकसित करने का फंड बनता है। कैश लेनदेन के बजाय डिजिटल भुगतान अपनाना, बिल मांगना और भ्रष्टाचार को बढ़ावा न देना देश की औपचारिक अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। स्वदेशी या स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देना स्थानीय उद्योगों, कारीगरों और एमएसएमई क्षेत्र को जीवंत रखता है, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं।

अपने काम को ईमानदारी और दक्षता से करना, कार्यस्थल पर अनुशासन बनाए रखना और नए कौशल सीखना देश की कुल उत्पादकता को बढ़ाता है।

नागरिक कर्तव्य	आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे पर प्रभाव
ईमानदार टैक्स भुगतान	नए इंफ्रास्ट्रक्चर (हाईवे, मेट्रो, एम्स) के लिए सीधा बजट मिलना।
सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा	तोड़-फोड़ और मरम्मत पर होने वाले सरकारी फिजूलखर्च में कमी।
स्वच्छता बनाए रखना	स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च कम होना और पर्यटन आय में बढ़ोतरी।
डिजिटल लेनदेन अपनाना	अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता और वित्तीय समावेशन।
पर्यावरण का संवर्धन	टिकाऊ एवं स्वच्छ भारत हेतु जल संरक्षण, प्लास्टिक का सीमित उपयोग
अर्थव्यवस्था का संवर्धन	मजबूत आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था हेतु कर निष्ठा, डिजिटल लेनदेन, स्वदेशी को बढ़ावा

सरकार बुनियादी ढांचा तैयार तो कर सकती है, लेकिन उसकी सुरक्षा और रखरखाव का जिम्मा नागरिकों का होता है, जैसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद–51ए (आई) में भी सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना नागरिक का मूल कर्तव्य बताया गया है। ट्रेनों, बसों, पार्कों, सड़कों और ऐतिहासिक इमारतों को नुकसान न पहुंचाना और साफ रखना सरकार का करोड़ों रुपया मरम्मत में खर्च होने से बचाता है। कचरे को डस्टबिन में डालना, गीले और सूखे कचरे को अलग करना और प्लास्टिक का कम उपयोग करना शहरों को स्वच्छ बनाता है। इससे नगर निगम का खर्च घटता है और पर्यटन को बढ़ावा मिलता है। बिजली की चोरी न करना, पानी की बर्बादी रोकना और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना ऊर्जा संकट को टालता है और बुनियादी ढांचे पर अनावश्यक दबाव कम करता है। सड़क पर अनुशासन बनाए रखने से दुर्घटनाएं कम होती हैं, ट्रैफिक जाम की समस्या नहीं होती और माल ढुलाई में लगने वाला समय और ईंधन दोनों बचते हैं। इस तरह बुनियादी ढांचा और आर्थिक विकास किसी भी देश की 'इमारत' हैं, तो नागरिकों के कर्तव्य उसकी 'नींव' होते हैं। जब प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझता है, तो सरकारी पूंजी का अधिकतम लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचता है।

3. नागरिक कर्तव्यों के पालन में चुनौतियां और बाधाएं: हम जानते हैं कि नागरिक कर्तव्य केवल संविधान में उल्लेखित प्रावधानों तक सीमित नहीं है बल्कि यह नैतिक दायित्व भी है। नागरिक कर्तव्यों का पालन किसी भी लोकतांत्रिक और समृद्ध समाज की नींव होता है। हालाँकि, व्यावहारिक जीवन में नागरिकों द्वारा इन कर्तव्यों का सही ढंग से पालन न कर पाने के पीछे कई सामाजिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक बाधाएँ हैं। उदाहरण के लिए:

3.1. अधिकारों और कर्तव्यों के बीच संतुलन का अभाव: बहुधा नागरिक अपने अधिकारों (जैसे स्वतंत्रता, समानता, मुफ्त सुविधाएँ) के प्रति तो जागरूक रहते हैं, लेकिन अपने कर्तव्यों (जैसे स्वच्छता रखना, कर चुकाना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना) को भूल जाते हैं।

3.2. नागरिक उदासीनता: 'मुझे क्या फर्क पड़ता है' वाली मानसिकता से ग्रसित अधिकांश लोग सोचते हैं कि अकेले उनके नियम मानने या न मानने से देश में कोई बदलाव नहीं आएगा। इस सोच के कारण सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाना, यातायात नियमों का उल्लंघन करना और मतदान न करना आम बात बन जाती है।

3.3. जागरूकता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी: संवैधानिक प्रावधानों से अनभिज्ञता भी कर्तव्यों के कुशल निर्वहन में बाधा का काम करती है। कई नागरिकों को अपने मौलिक कर्तव्यों के बारे में प्राथमिक जानकारी ही नहीं होती। हमारी शिक्षा प्रणाली में अक्सर किताबों तक सीमित ज्ञान दिया जाता है, जबकि नागरिक बोध और नैतिक मूल्यों का व्यावहारिक पाठ कम मिलता है।

3.4. गरीबी और सामाजिक–आर्थिक विषमता: अत्यधिक गरीबी और बेरोजगारी से जूझ रहे व्यक्ति के लिए दैनिक आजीविका कमाना प्राथमिक होता है। ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय या सामाजिक कर्तव्यों पर ध्यान देना उनके लिए द्वितीयक हो जाता है।

3.5. संकीर्ण मानसिकता: राष्ट्रहित पर स्थानीय हित हावी होना हमारे समाज में निहित संकीर्ण मानसिकता का परिचायक रहा है। जब व्यक्ति की निष्ठा अपने देश के स्थान पर अपनी जाति, धर्म या क्षेत्र तक सीमित हो जाती है, तो समाज में सौहार्द और बंधुत्व (जो कि एक प्रमुख नागरिक कर्तव्य है) का ढांचा कमजोर पड़ता है।

3.6. कठोर कानूनी प्रवर्तन की कमी: भारत में मौलिक कर्तव्य ग़ैर–न्यायिकश हैं, यानी इनके उल्लंघन पर सीधे अदालत द्वारा सजा नहीं दी जा सकती (जब तक कि उनके लिए अलग से कोई कानून न हो, जैसे पर्यावरण संरक्षण अधिनियम)। इसके चलते लोग इनका पालन गंभीरता से नहीं करते हैं।

निष्कर्ष एवं सुझाव: उपर्युक्त अध्ययन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि लोकतंत्र में हम अक्सर अपने 'अधिकारों' के प्रति बहुत सचेत रहते हैं, लेकिन 'कर्तव्यों' को भूल जाते हैं। अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो

पहलू हैं। बिना कर्तव्यों के अधिकारों की मांग समाज में अराजकता और स्वार्थ को जन्म देती है। जब नागरिक अपने कर्तव्यों को समझते हैं, तभी समाज में अधिकारों का वास्तविक संरक्षण संभव हो पाता है। केवल मतदान करने तक नागरिक की भूमिका सीमित नहीं होती। नागरिक कर्तव्यों का अध्ययन व्यक्ति को एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनाता है, जो सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करता है। पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों (जल, जंगल, वायु) को संरक्षित करता है। कानून और व्यवस्था का सम्मान करता है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद–51ए में भाईचारे, विविधता के सम्मान और भारत की संप्रभुता व अखंडता की रक्षा पर बल दिया गया है। जब नागरिक अपने इन कर्तव्यों को समझते हैं, तो जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के नाम पर होने वाले भेदभाव और टकराव में कमी आती है, जो विकसित भारत के लिए अनिवार्य है। देश की अर्थव्यवस्था केवल टैक्स देने से नहीं, बल्कि संसाधनों के अनुशासित उपयोग से भी मजबूत होती है। उदाहरण के लिए, स्वच्छता बनाए रखना, बिजली और पानी की बचत करना, सार्वजनिक परिवहन और संपत्तियों को नुकसान न पहुंचाना आदि सभी छोटी–छोटी आदतें देश के अरबों रुपये बचाती हैं, जिन्हें विकास कार्यों में लगाया जा सकता है।

नागरिक कर्तव्यों को सिखाने की जिम्मेदारी केवल परिवार और समाज संस्थानों पर नहीं छोड़ना चाहिए बल्कि प्राथमिक स्तर से ही पाठ्यक्रम में नागरिक बोध को अनिवार्य बनाया जाए। इसी तरह पाठ्यपुस्तकों और गतिविधियों के माध्यम से बचपन से ही स्वच्छता, यातायात नियम और सार्वजनिक संपत्ति के सम्मान की आदत डालना, कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों और समुदायों को प्रोत्साहित करना, सार्वजनिक नियमों पर स्पष्ट और निष्पक्ष रूप से कानून लागू करना, मीडिया और डिजिटल माध्यमों से नागरिक बोध का प्रसार करने के भी प्रयास किए जाने आवश्यक हैं। इसके प्रोत्साहन हेतु अनुकरणीय कर्तव्य पालन करने वाले नागरिकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाए। आधुनिक डिजिटल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में नागरिक कर्तव्यों के प्रति अत्यधिक सचेत होना चाहिए। सोशल मीडिया के दौर में अनुचित सामग्री का उपयोग न करना तथा भ्रामक खबरों को न फैलाना और डिजिटल शिष्टाचार बनाए रखना भी एक नया कर्तव्य बनना चाहिए।

कुल मिलाकर 'विकसित भारत@2047' केवल एक सरकारी परियोजना नहीं है, बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों का साझा स्वप्न है। जब एक नागरिक सड़क पर कचरा नहीं फेंकता, बिजली की बचत करता है, यातायात नियमों का पालन करता है या अपनी कार्यक्षमता का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र को देता है, तो वह विकसित भारत की नींव में एक ईंट रख रहा होता है। अधिकार हमें 'लेना' सिखाते हैं, जबकि कर्तव्य हमें 'देना' सिखाते हैं। एक विकसित समाज वही है जहाँ 'मैं' से पहले 'हम' और 'हम' से पहले 'राष्ट्र' की भावना हो। यदि हम अपने कर्तव्यों को अपनी जीवनशैली बना लें, तो भारत को एक समृद्ध विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता है।

स्रोत एवं संदर्भः

1. योगी सत्यभूषण (संपादक, 1966)। मनुस्मृति, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली।
2. भारत का संविधान (1976). द कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ इंडिया (आर्टिकल–51ए फंडामेंटल ड्यूटीज). मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एंड जस्टिस, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया,1976. पब्लिकेशन्स डिवीजन.
3. कश्यप, सुभाष सी. (2019). हमारा संविधानः भारत के संविधान और संवैधानिक कानून का परिचय (6एडिशन). नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया.
4. संविधान समीक्षा राष्ट्रीय आयोग रिपोर्ट (2002). Report of the National Commission to Review the Working of the Constitution (Vol. 1). Ministry of Law and Justice, Government of India.
5. Verma, J. S., Anand, A. S., & Venkatachaliah, M. N. (1999). Report of the committee to operationalise suggestions for teaching fundamental duties to citizens. Ministry of Human Resource Development, Government of India.
6. Austin, G. (1999). Working a democratic constitution: A history of the Indian experience. Oxford University Press.
7. Sorabjee, S. J. (2002). Fundamental duties for citizens: Importance and enforcement. Journal of the Indian Law Institute, 44(3), 310–318.
8. NCERT. (2020). National Curriculum Framework and Fundamental Duties. National Council of Educational Research and Training.
9. https://www.undp.org/india/press-releases/indias-human-development-continues-make-progress-ranks-130-out-193-countries
10. https://www.globalhungerindex.org/india.html

आलेख उद्धरित करें :	पाल, बृजेश कुमार एवं कुशवाहा, धर्मकीर्ति (2026)। विकसित भारत की आधारशिला के रूप में नागरिक कर्तव्यों का अवलोकन। बुंदेलखंड जर्नल ऑफ अकादमिक रिसर्च (बीजेएआर), वॉल्यूम–2, अंक–2, अप्रैल–जून, 2026, पृष्ठ 24–30। https://doi.org/10.5281/zenodo.21787366

Bundelkhand Journal of Academic Research

भारत के आर्थिक विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रदर्शन का अध्ययन

डॉ. मुकेश कुमार

असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र), गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी, चित्रकूट, उत्तर प्रदेश

(**Corresponding Author:** mukeshkumaralld@gmail.com)

https://doi.org/10.5281/zenodo.21787693

सारांश

भारत विविधता और प्रगति का एक फलता–फूलता संगम है और 1.4 अरब से अधिक आबादी के साथ, यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। जैसे ही हम 2024–25 के गतिशील वर्ष में प्रवेश करते हैं, भारत की सकल धरेलु उत्पाद 4 ट्रिलियन अमेरिकी डालर को पार करने के लिए तैयार है, जिससे वैश्विक स्तर पर पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हो जाएगी। सकल धरेलु उत्पाद मे असाधारण वृद्धि, जिसका इस वर्ष 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, चीन को भी पीछे छोड़ देती है, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमानों के अनुसार, यह भारत के लिए 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का मार्ग प्रशस्त करती है। इस आर्थिक उत्थान को रणनीतिक सुधारों से बल मिल रहा है, जो भारत को निवेश के लिए एक सुरक्षित और आकर्षक स्थान में बदल रहे हैं। हाल के वर्षो में सरकार के अनेक उदारवादी पहलो में विदेशी निवेश पर लगी पाबंदियों को उदार बनाना, श्रम और दिवालियापन कानूनों का आधुनिकीकरण करना, और राष्ट्रीय वस्तु एवं सेवा कर लागू करना शामिल है, इन प्रयासो और आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता ने भारत को वैश्विक निवेशकों के लिए एक आशाजनक गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद से भारत में निवेश का माहौल काफी बेहतर हुआ है। वित्त वर्ष 2022 में, भारत ने 83.6 बिलियन अमेरिकी डालर का रिकॉर्ड विदेशी निवेश आकर्षित किया, जो निवेशकों के लिए इसकी आकर्षण क्षमता का एक प्रमाण है। देश अब 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस'(व्यापार करने में आसानी) सूचकांक में शीर्ष 100 देशों में गर्व से खड़ा है। पिछले 25 वर्षों में, कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह 953.14 बिलियन अमेरिकी डालर तक पहुँच गया है, जिसमें से लगभग 65 प्रशितत हिस्सा पिछले 9 वर्षों मे प्राप्त हुआ। भारत में आर्थिक विकास को बढ़ाने में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ने अहम भूमिका निभाई है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का मतलब है किसी देश की घरेलू अर्थव्यवस्था में विदेशी संस्थाओं, जैसे कंपनियों या लोगों द्वारा किया गया निवेश। इस शोध पत्र मे यह अध्ययन करने का प्रयास किया गया है। इस अध्ययन से पता चलता है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और आर्थिक विकास के बीच धनात्मक संबंध है।

आलेख सूचना

प्राप्त: 21 अप्रैल, 2026 **स्वीकृत:** 04 मई, 2026 **प्रकाशित:** 30 जून, 2026

सारणी: 05 **चित्र एवं ग्राफ:** 01 **स्रोत एवं संदर्भ:** 17

मुख्य शब्द: आर्थिक विकास, एफडीआई, जीडीपी, सार्वजनिक–निजी भागीदारी।

1. परिचय एवं पृष्ठभूमि : किसी फर्म या व्यक्ति द्वारा एक देश से दूसरे देश में किए गए निवेश को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कहा जाता है। इसमें किसी विदेशी देश में कंपनी की एक्टिविटी शुरू करना या एसेट्स खरीदना शामिल है, जिसका मकसद निवेश की गई कंपनी पर कंट्रोल या बड़ा असर पाना होता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश निवेशक को किसी विदेशी देश में अपने निवेश पर ओनरशिप और कंट्रोल रखने की इजाजत देता है। यह पूरी तरह से ओन्ड सब्सिडियरी बनाने, लोकल पार्टनर्स के साथ जॉइंट वेंचर बनाने, या किसी मौजूदा कंपनी में बड़ी हिस्सेदारी खरीदने के रूप में हो सकता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की पहचान आमतौर पर लॉन्ग–टर्म निवेश से होती है, क्योंकि निवेशक अपने रिसोर्स और एक्सपर्टीज को विदेशी मार्केट में लगाते हैं। यह लॉन्ग–टर्म नजरिया होस्ट देश में स्टेबल इकोनॉमिक ग्रोथ और सस्टेनेबल डेवलपमेंट में मदद कर सकता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश होस्ट देश में पूँजी तकनीक और स्किल्स लाता है।

विदेशी निवेशक अक्सर एडवांस्ड प्रोडक्शन टेक्नीक, मैनेजेरियल प्रैक्टिस और टेक्निकल जानकारी लाते हैं जो लोकल इंडस्ट्रीज में प्रोडक्टिविटी और कॉम्पिटिटिवनेस को बेहतर बना सकती हैं। नॉलेज और टेक्नोलॉजी के इस

ट्रांसफर का घरेलू अर्थव्यवस्था पर पॉजिटिव असर पड़ सकता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के जरिए होस्ट देश में रोजगार के मौके बनाए जा सकते हैं। जैसे–जैसे विदेशी कंपनियाँ अपना काम शुरू करती हैं या अपने मौजूदा बिजनेस को बढ़ाती हैं, वे लोकल वर्कफोर्स के लिए नौकरियाँ पैदा करती हैं। इससे बेरोजगारी दर कम करने और जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश होस्ट देश में आर्थिक विकास और तरक्की में मदद कर सकता है। विदेशी पूजी, तकनीक और स्किल्स के आने से निवेश को बढ़ावा मिल सकता है, उत्पादन क्षमता और उत्पादकता बढ़ सकती है। इससे आउटपुट बढ़ सकता है। इससे निर्यात और आर्थिक विकास को बढ़ाने मदद होती है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश होस्ट देशों को ग्लोबल मार्केट और सप्लाई चेन तक पहुँच दे सकता है। विदेशी निवेशक के पास अक्सर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, मार्केटिंग एक्सपर्टीज और इंटरनेशनल कनेक्शन होते हैं, जो लोकल बिजनेस को अपनी पहुँच बढ़ाने और ग्लोबल ट्रेड में हिस्सा लेने में मदद कर सकते हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश होस्ट देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में मदद कर सकता है। विदेशी निवेशक इनमें निवेश कर सकते ह। दूरसंचार, परिवहन, ऊर्जा और शहरी विकास जैसे क्षेत्र, जो समग्र बुनियादी ढांचे में सुधार कर सकते हैं और आर्थिक गतिविधियों को सहायता प्रदान कर सकते हैं।

1.2 अध्ययन के उद्देश्य:

1. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रवाह और भारत की आर्थिक वृद्धि के बीच के संबंध की जाँच करना।
2. भारत में देश–वार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रवाह का पता लगाना।
3. भारत में क्षेत्र–वार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रवाह को मापना।

2. साहित्य की समीक्षा : माथा और मथियाझगन (2005) ने अपने अध्ययन मे पाया कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रवाह का आर्थिक विकास पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है। अब्दुल हामिद सुकर (2007) ने पाया कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का आर्थिक विकास पर नगण्य रूप से सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। एलेना पेलिनेस्कु और मैग्डालेना राडुलेस्कु (2009) ने पाया कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का विकसित और विकासशील, दोनों तरह के देशों के आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह और प्रति व्यक्ति सकल धरेलु उत्पाद वृद्धि के बीच का संबंध प्रत्यक्ष और महत्वपूर्ण पाया गया है। भव्या मल्होत्रा (2014) ने पाया कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का भारतीय अर्थव्यवस्था पर वास्तव में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह कई ऐसे लाभ लाता है जो भारत के आर्थिक विकास में योगदान देते हैं। इसके अलावा, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह घरेलू पूंजी की पूर्ति करने, प्रौद्योगिकी और कौशल हस्तांतरण, रोजगार सृजन और नौकरी के अवसर, तथा ज्ञान और कौशल वृद्धि में सहायता करता है।

कार्लोस एनसिनास फेरर और अन्य (2015) ने अपने अध्ययन मे पाया कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह सकल धरेलु उत्पाद की वृद्धि को काफी हद तक प्रभावित करता है। खामिस हरेब और अन्य (2015) ने पाया कि मुद्रास्फीति का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रवाह पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ता है। इसका अर्थ है कि मुद्रास्फीति की दरों में होने वाले बदलाव, देखी गई सीमा के भीतर, विदेशी निवेशकों के मेजबान देश में निवेश करने के निर्णय को प्रभावित करते हुए प्रतीत नहीं होते हैं। नलैंडू मामिंगी और करीम मार्टिन (2018) ने पाया कि बुनियादी ढांचे के विकास, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और घरेलू निवेश के बीच का संबंध विभिन्न देशों, क्षेत्रों और आर्थिक संदर्भों में अलग–अलग हो सकता है। भावना कुन्नप्पिल्ली शंकरन (2019) ने पाया कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज सेंसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज सेंसेक्स के शेयरों की कीमतों को बढ़ाता है। वालिद अली (2019) ने निर्धारित किया कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का अल्पकालिक और दीर्घकालिक, दोनों तरह के आर्थिक विकास पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है। नवीन कुमार शर्मा और अन्य (2019) ने पाया कि भारत के दो मुख्य शेयर बाजार सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से सीधे तौर पर प्रभावित होते हैं। उन्होंने आगे यह निष्कर्ष निकाला कि भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह भारतीय शेयर बाजार के रुझान को निर्धारित करता है।

सुसिक और अन्य, (2019) ने यह निर्धारित किया कि विदेशी पूंजी के प्रवाह को आर्थिक विकास को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता माना जाता है और इसका आर्थिक विकास पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है। विदेशी पूंजी के विभिन्न रूपों, जैसे कि विदेशी निवेशकों के साथ संयुक्त उद्यम और मुक्त क्षेत्रों में निवेश, की निगरानी और जांच से यह पता चला है कि अर्थव्यवस्था में व्यापक आर्थिक कारकों पर इसके कितने विविध और अनुकूल प्रभाव पड़ते हैं। जिन वांग और अन्य, (2019) ने पाया कि शेयर बाजार का विकास प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रवाह से काफी हद तक प्रभावित होता है।

सास्वता चौधरी और अन्य, (2020) ने पाया कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का क्षेत्र–वार प्रवाह समग्र आर्थिक विकास में सहायता करता है। लीना बकावदाह और ताहर तायाची, (2021) ने पाया कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का वास्तव में प्रतिभूति बाजारों की उन्नति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जिकियान वांग, (2021) ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और शेयर बाजार सूचकांक के बीच नकारात्मक सहसंबंध पाया। अभय प्रताप सिंह और अन्य, (2022) ने पाया

कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में विदेशी कंपनियों द्वारा मेजबान देश में पूंजी का प्रत्यक्ष निवेश शामिल होता है। पूंजी का यह प्रवाह उत्पादक संपत्तियों, जैसे कि कारखानों, में निवेश बढ़ाकर आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकता है। पूंजी निवेश में वृद्धि से उत्पादकता, रोजगार सृजन और समग्र आर्थिक विस्तार के उच्च स्तर प्राप्त हो सकते हैं। मोहम्मद जैन खान और राणा जहरा मसूद (2022) ने पाया कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और विदेशी संस्थागत निवेश किसी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को अक्सर अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है और इसे विकास का इंजन कहा जाता है। साई रोहित कुमार रेड्डी बोब्बा (2022) ने यह बताया कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का भारतीय शेयर बाजारों के विकास और अस्थिरता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।

2.1. अनुसंधान अंतरालः भारत के आर्थिक विकास पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रभाव से संबंधित मौजूदा साहित्य के बावजूद, इसमें कई ऐसे अनुसंधान अंतराल हो सकते हैं जिनकी आगे अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है। इस अध्ययन का उद्देश्य भारत में देश–वार और क्षेत्र–वार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रवाह की जाँच करके, तथा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और सकल धरेलु उत्पाद की वृद्धि पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रभाव का विश्लेषण करके, इस अनुसंधान अंतराल को भरना है। यह अध्ययन इस बात को स्वीकार करता है कि भारतीय संदर्भ में विशेष रूप से इन पहलुओं पर केंद्रित मौजूदा अध्ययनों की संख्या सीमित है।

3. अनुसंधान पद्धति : इस अध्ययन का उद्देश्य 2000–01 से 2025–26 की 25 वर्ष की अवधि के दौरान, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का भारत के विकास पर पड़ने वाले प्रभावों के परिणामों का मूल्यांकन करना है। इस अध्ययन में एक वर्णनात्मक अनुसंधान डिजाइन का उपयोग किया जाएगा, और इसका मुख्य आधार द्वितीयक आकड़ों के विश्लेषण पर होगा। द्वितीयक आकड़ों को मुख्य रूप से भारतीय रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्टों, व अन्य सरकारी दस्तावेजों, अकादमिक लेखों और 2000–01 से 2025–26 के वर्षों के दौरान वित्तीय संस्थानों द्वारा तैयार की गई प्रतिष्ठित रिपोर्टों से एकत्र किया गया है।

3.1. समस्या का विवरणः भारत के आर्थिक विकास पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रभाव एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दिलचस्पी का विषय है। हालाँकि, इस बात पर आम सहमति है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आर्थिक विकास में सकारात्मक योगदान दे सकता है, फिर भी वह विशिष्ट प्रकृति, परिमाण और वे माध्यम जिनके द्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भारतीय आर्थिक विकास को प्रभावित करता है, अभी भी शोध के विषय बने हुए हैं। इसलिए, इस अध्ययन में जिस समस्या का समाधान किया जाना है, वह है भारत के आर्थिक विकास पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के बीच संबंध की जाँच और विश्लेषण करना। यह अध्ययन निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने के लिए किया गया हैः प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और भारत के आर्थिक विकास के बीच क्या संबंध है? क्या भारत में आर्थिक विकास पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव पड़ता है?

3.2. अध्ययन का दायराः यह अध्ययन मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, नीदरलैंड, जापान, जर्मनी, युनाइटेड किगंडम आइलैंड, सयुक्त अरब अमीरात और साइप्रस जैसे चुनिंदा देशों से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रवाह को मापता है। इसके अलावा, इस अध्ययन में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के क्षेत्र–वार प्रवाह का भी अध्ययन किया गया है।

3.3. अध्ययन का महत्वः भारत के आर्थिक विकास पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रभाव का अध्ययन नीति–निर्माताओं, निवेशकों और शोधकर्ताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह आर्थिक विकास, क्षेत्रीय विकास और समग्र आर्थिक प्रदर्शन को बढ़ावा देने में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की भूमिका के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करता है। इस अध्ययन के निष्कर्ष नीतिगत निर्णयों को सूचित कर विदेशी निवेश को आकर्षित कर भारत के सतत आर्थिक विकास में योगदान दे सकते हैं। भारत के आर्थिक विकास पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रभाव का अध्ययन कई कारणों से महत्वपूर्ण है। भारत के आर्थिक विकास पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रभाव को समझने से नीति–निर्माताओं को विदेशी निवेश को आकर्षित करने और बढ़ावा देने के लिए प्रभावी रणनीतियाँ बनाने में मदद मिलती है। उन क्षेत्रों और देशों की पहचान करके जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, नीति–निर्माता उन क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए लक्षित नीतियाँ विकसित कर सकते हैं।

यह अध्ययन प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह को बढ़ाने और आर्थिक विकास पर उनके सकारात्मक प्रभाव के लिए आवश्यक नीतिगत उपायों के बारे में जानकारी प्रदान कर सकता है। मेजबान देशों में आर्थिक विकास को गति देने में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत के आर्थिक विकास पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रभाव का आकलन करने से यह समझने में मदद मिलती है कि विदेशी निवेश विकास के विभिन्न पहलुओं में कैसे योगदान देता है, जैसे कि पूंजी निवेश बढ़ाना, रोजगार के अवसर पैदा करना, प्रौद्योगिकी और ज्ञान का हस्तांतरण करना और उत्पादकता को बढ़ावा देना। यह ज्ञान नीति–निर्माताओं को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने में मार्गदर्शन कर सकता है, ताकि इसके विकासात्मक लाभों को अधिकतम किया जा सके। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के क्षेत्र–वार विश्लेषण पर अध्ययन का फोकस उन विशिष्ट उद्योगों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करता

है जो विदेशी निवेश को आकर्षित करते हैं। उच्च प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह वाले क्षेत्रों और आर्थिक विकास पर उनके प्रभाव की पहचान करने से नीति–निर्माताओं को निवेश को प्राथमिकता देने और उन क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए लक्षित नीतियाँ लागू करने में मदद मिलती है। इससे अर्थव्यवस्था के आगे के विकास और विविधीकरण के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान करने में भी मदद करता है।

भारत के आर्थिक विकास पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रभाव का एक व्यापक अध्ययन निवेशकों का विश्वास बढ़ाता है। जब संभावित निवेशकों के पास प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और आर्थिक विकास के बीच सकारात्मक संबंध के बारे में शोध–समर्थित जानकारी उपलब्ध होती है, तो इससे भारत में निवेश करने की उनकी इच्छा बढ़ सकती है। इससे विदेशी पूंजी का अधिक प्रवाह हो सकता है, जो आर्थिक विकास और प्रगति को गति प्रदान कर सकता है। विभिन्न देशों और क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रभाव की तुलना करना बहुमूल्य मानदंड और अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। अन्य देशों की तुलना में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने और आर्थिक विकास के लिए उसका लाभ उठाने में भारत कैसा प्रदर्शन करता है, इसकी जांच करके, नीति–निर्माता सर्वोत्तम प्रथाओं और सुधार के क्षेत्रों की पहचान कर सकते हैं। तुलनात्मक विश्लेषण उन अद्वितीय कारकों को समझने में भी मदद कर सकता है, जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए एक गंतव्य के रूप में भारत के आकर्षण में योगदान करते हैं। यह अध्ययन प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और आर्थिक विकास से संबंधित मौजूदा अकादमिक शोध के भंडार में योगदान देता है। यह ऐसे अनुभवजन्य प्रमाण और मात्रात्मक विश्लेषण प्रदान करता है, जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और भारत की आर्थिक वृद्धि के बीच के संबंध की समझ को और अधिक समृद्ध कर सकते हैं। इस अध्ययन के निष्कर्ष उन शोधकर्ताओं, अर्थशास्त्रियों और विद्वानों के लिए एक मूल्यवान संदर्भ के रूप में काम आ सकते हैं, जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और इसके प्रभावों का अध्ययन करने में रुचि रखते हैं।

3.4. अध्ययन की सीमाएँ : द्वितीयक आकड़ों पर आधारित कोई अध्ययन करते समय, कई ऐसी सीमाएँ होती हैं जिन पर विचार किया जाना चाहिए। द्वितीयक आकड़ों के स्रोतों की विश्वसनीयता और सटीकता अलग–अलग हो सकती है। यह सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है कि वेबसाइटों, पत्रिकाओं और समाचार पत्रों से इकट्ठा किया गया आकड़ां प्रतिष्ठित और आधिकारिक स्रोतों से लिया गया हो। आकड़ों में गलतियाँ, विसंगतियाँ या पूर्वाग्रह हो सकते हैं, जो अध्ययन के निष्कर्षों की वैधता पर असर डाल सकते हैं। आकड़ों की उपलब्धता एक सीमित करने वाला कारक हो सकती है। जिन स्रोतों का इस्तेमाल किया गया है, उनके आधार पर आकड़ों की व्यापकता और गहराई में सीमाएँ हो सकती हैं। कुछ खास चर या समय की खास अवधियों के लिए आकड़ों सीमित या अधूरा हो सकता है, जिससे विश्लेषण या निष्कर्षों के सामान्यीकरण में रुकावट आ सकती है। द्वितीयक आकड़ों के स्रोतों में अंतर्निहित पूर्वाग्रह या व्यक्तिपरक व्याख्याएँ हो सकती हैं। वेबसाइटों, पत्रिकाओं और समाचार पत्रों से इकट्ठा किया गया आकड़ों मूल स्रोतों के दृष्टिकोण या एजेंडे को दर्शा सकता है। शोधकर्ताओं को आकड़ों की व्याख्या और विश्लेषण करते समय सावधानी बरतनी चाहिए, और उन संभावित पूर्वाग्रहों पर विचार करना चाहिए जिन्होंने इसके संग्रह या रिपोर्टिंग को प्रभावित किया हो।

4. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह और आर्थिक विकास : भारत की अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और आर्थिक वृद्धि दर का संबंध महत्वपूर्ण और प्रायः सकारात्मक रहा है। वर्ष 2000–01 से 2007–08 के बीच भारत ने उच्च आर्थिक वृद्धि का अनुभव किया, जहां आर्थिक वृद्धि दर लगभग 7 प्रतिशत से 9 प्रतिशत के बीच रही। इसी अवधि में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी लगातार बढ़कर लगभग 3 प्रतिशत तक पहुंच गया। यह स्पष्ट संकेत देता है कि जब अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और नीतिगत स्थिरता रहती है, तो विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़ता है और वे अधिक निवेश करते हैं। वर्ष 2008–09 में वैश्विक आर्थिक मंदी का प्रभाव भारत पर भी पड़ा। आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6.7 प्रतिशत हो गई और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी गिरकर 1.48 प्रतिशत रह गया। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि वैश्विक परिस्थितियां भी भारत में निवेश और विकास को प्रभावित करती हैं। हालांकि, 2009–10 और 2010–11 में अर्थव्यवस्था ने तेजी से सुधार किया, और 2010–11 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 3.62 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जबकि आर्थिक वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही।

वर्ष 2011–12 से 2013–14 के बीच भारत की आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट आई और यह 5 प्रतिशत से 6 प्रतिशत के बीच रही। इस दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी अपेक्षाकृत कम (लगभग 1.3 व 1.5 प्रतिशत रहा। इसका कारण नीतिगत अनिश्चितता, भ्रष्टाचार के आरोप और वैश्विक आर्थिक सुस्ती मानी जा सकती है। इसके बाद 2014–15 से 2016–17 के बीच सरकार द्वारा किए गए आर्थिक सुधारों जैसे मेक इन इंडिया और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के कारण आर्थिक वृद्धि दर फिर से 7–8 प्रतिशत तक पहुंच गई और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी 3 प्रतिशत से अधिक हो गया। वर्ष 2019–20 और विशेष रूप से 2020–21 में कोविड–19 महामारी के कारण अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लगा। 2020–21 में आर्थिक वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत तक गिर गई, जो एक गंभीर आर्थिक संकुचन को दर्शाती

है। इस दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी घटकर 1.03 प्रतिशत रह गया। हालांकि, 2021–22 में अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ और आर्थिक वृद्धि दर 7 प्रतिशत तथा मे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 2.41 प्रतिशत तक पहुंच गया। जैसा कि सारणी–1 से स्पष्ट है।

सारणी–1: पिछले 25 वित्तीय वर्षो मे एफडीआइ और जीडीपी वृद्धि दर (2000–01 से 2025–26)

वित्तीय वर्ष	*एफडीआइ (जीडीपी के प्रतिशत के रूप में शुद्ध अंतर्प्रवाह)*	*जीडीपी वृद्धि दर (वार्षिक प्रतिशत)*
2000-01	*0.77*	*4.0*
2001-02	*1.06*	*4.9*
2002-03	*1.01*	*3.9*
2003-04	*0.61*	*7.9*
2004-05	*0.77*	*7.50*
2005-06	*0.89*	*9.30*
2006-07	*2.13*	*9.30*
2007-08	*2.07*	*9.30*
2008-09	*3.62*	*6.70*
2009-10	*2.65*	*8.50*
2010-11	*1.64*	*8.40*
2011-12	*2.00*	*6.20*
2012-13	*1.31*	*5.50*
2013-14	*1.52*	*6.70*
2014-15	*1.70*	*7.40*
2015-16	*2.09*	*8.00*
2016-17	*1.94*	*8.30*
2017-18	*1.51*	*7.00*
2018-19	*1.56*	*6.70*
2019-20	*1.78*	*4.20*
2020-21	*2.41*	*-7.3*
2021-22	*1.41*	*7.00*
2022-23	*1.49*	*6.90*
2023-24	*0.77*	*7.50*
2024-25	*0.71*	*6.5*
2025-26	*0.17*	*7.4*


Sources: https://apiardata.com, World Bank.

हाल के वर्षों (2023–24 से 2025–26) में एक अलग प्रवृत्ति देखने को मिलती है। आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत के बीच स्थिर बनी हुई है, लेकिन प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में उल्लेखनीय गिरावट आई है और यह 0.10 प्रतिशत से 0.28 प्रतिशत के बीच रह गया है। इससे यह संकेत मिलता है कि अब भारत की आर्थिक वृद्धि केवल विदेशी निवेश पर निर्भर नहीं है, बल्कि घरेलू निवेश, सरकारी व्यय और आंतरिक मांग भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अंततः, यह कहा जा सकता है कि भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और आर्थिक वृद्धि दर के बीच सामान्यतः सकारात्मक संबंध है, लेकिन यह पूर्णतः निर्भरता नहीं दर्शाता। हाल के वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था अधिक आत्मनिर्भर और विविध स्रोतों पर आधारित होती जा रही है, जो इसकी दीर्घकालिक स्थिरता के लिए सकारात्मक संकेत है।

5.1. भारत में वर्ष–वार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह : भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आर्थिक विकास और उन्नति का एक महत्वपूर्ण चालक रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने विभिन्न देशों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का भारी प्रवाह आकर्षित किया है। नीचे दी गई तालिका 2000 और 2025 के बीच भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह का एक अवलोकन प्रस्तुत करती है।

वर्ष 2000–01 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मात्र 4,029 मिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो बढ़कर 2024–25 में 80,615 मिलियन डॉलर तक पहुँच गया। प्रारंभिक वर्षों (2000–05) में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का स्तर कम और अस्थिर रहा, जिसका मुख्य कारण नीतिगत स्पष्टता की कमी और आर्थिक सुधारों का प्रारंभिक चरण था। 2005–08 के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में तीव्र वृद्धि हुई, विशेषकर 2006–07 में 155 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति, उदारीकरण नीतियों और वैश्विक निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है।





भारत में 2000–01 से 2025–26 तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह में दीर्घकालीन रूप से उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। जैसा कि सारणी से स्पष्ट है।

सारणी–2: भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह (वित्तीय वर्ष 2000–01 से 2025–26) (मिलियन डालर में)

क्र0 सं.0	*वित्तीय वर्ष*	*कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह*	*पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि अमेरिकी डालर में)*	*विदेशी संस्थागत निवेशको द्वारा शुद्ध निवेश*
1	*2000-01*	*4,029*	*00.00*	*1,847*
2	*2001-02*	*6,130*	*(+) 52 %*	*1,505*
3	*2002-03*	*5,035*	*(-) 18 %*	*377*
4	*2003-04*	*4,322*	*(-) 14 %*	*10,918*
5	*2004-05*	*6,051*	*(+) 40 %*	*8,686*
6	*2005-06*	*8,961*	*(+) 48 %*	*9,926*
7	*2006-07*	*22,826*	*(+) 155 %*	*3,225*
8	*2007-08*	*34,843*	*(+) 53 %*	*20,328*
9	*2008-09*	*41,873*	*(+) 20 %*	*-15,017*
10	*2009-10*	*37,745*	*(-) 10 %*	*29,048*
11	*2010-11*	*34,847*	*(-) 08 %*	*29,422*
12	*2011-12*	*46,556*	*(+) 34 %*	*16,812*
13	*2012-13*	*34,298*	*(-) 26%*	*27,582*
14	*2013-14*	*36,046*	*(+) 5%*	*5,009*
15	*2014-15*	*45,148*	*(+) 25%*	*40,923*
16	*2015-16*	*55,559*	*(+) 23%*	*-4,016*
17	*2016-17*	*60,220*	*(+) 8%*	*7,735*
18	*2017-18*	*60,974*	*(+) 1%*	*22,165*
19	*2018-19*	*62,001*	*(+) 2%*	*-2,225*
20	*2019-20*	*74,391*	*(+) 20%*	*552*
21	*2020-21*	*81,973*	*(+) 10%*	*38,725*
22	*2021-22*	*84,835*	*(+) 3%*	*-14,071*
23	*2022-23*	*71,355*	*(-) 16%*	*-4,828*
24	*2023-24*	*71,279*	*(-) 0%*	*44,626*
25	*2024-25*	*80,615*	*(+) 13%*	*3,283*
26	*2025-26 दिसम्बर 2025*	*73,314*	*……..*	*-2,912*
कुल योग (अप्रैल, 2000 से दिसम्बर, 2025 तक)		***1,145,226***	**.....**	***279,625***

Source: Department for Promotion of Industry and Internal Trade, quarterly fact sheet. Fact sheet on foreign direct investment (FDI) inflow. From April, 2000 to December, 2025

हालांकि, 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के कारण प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा और अगले कुछ वर्षों में उतार–चढ़ाव देखने को मिला। 2014–15 के बाद "मेक इन इंडिया", "ईज ऑफ डूइंग बिजनेस" जैसे सुधारों के कारण प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में पुनः स्थिर और निरंतर वृद्धि हुई। 2019–20 से 2021–22 के बीच प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ने उच्च स्तर प्राप्त किया, यहाँ तक कि कोविड–19 महामारी के दौरान भी भारत ने मजबूत निवेश आकर्षित किया। हालांकि, 2022–23 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण गिरावट आई, लेकिन 2024–25 में पुनः सुधार देखा गया। दूसरी ओर विदेशी संस्थागत निवेशक निवेश अत्यधिक अस्थिर रहा और कई वर्षों

में नकारात्मक भी रहा, जिससे यह स्पष्ट होता है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अधिक स्थायी और दीर्घकालीन निवेश का स्रोत है। समग्र रूप से, यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि भारत वैश्विक निवेशकों के लिए एक उभरता हुआ और आकर्षक निवेश गंतव्य बन चुका है।

5.2. वर्ष–वार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इक्विटी प्रवाह : भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह 2000–01 से लगातार परिवर्तनशील लेकिन दीर्घकाल में वृद्धि की दिशा में रहा है। प्रारंभिक वर्षों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अपेक्षाकृत कम था, जैसे 2000–01 में केवल 2,463 मिलियन अमेतिकी डालर था। 2001–02 में इसमें 65 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई, लेकिन 2002–03 और 2003–04 में गिरावट देखी गई, जो वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों का प्रभाव दर्शाती है। 2004–05 से 2007–08 के बीच प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में तेज वृद्धि हुई, विशेष रूप से 2006–07 (125 प्रतिशत) और 2007–08 मे 97 प्रतिशत है। यह अवधि भारत में आर्थिक उदारीकरण, निवेश अनुकूल नीतियों और तेज आर्थिक विकास का परिणाम थी। 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद 2009–10 और 2010–11 में गिरावट आई। 2011–12 में फिर से 64 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई, लेकिन 2012–13 में पुनः कमी आई। 2014–15 के बाद भारत सरकार द्वारा "मेक इन इंडिया", सुधारात्मक नीतियों और "ईज ऑफ डूइंग बिजनेस" में सुधार के कारण प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में लगातार वृद्धि हुई, और 2019–20 तक यह 49,977 मिलियन अमेतिकी डालर तक पहुँच गया। जैसा कि सारणी से स्पष्ट है। कोविड–19 महामारी के बावजूद 2020–21 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 59,636 मिलियन अमेतिकी डालर तक बढ़ा, जो भारत की निवेश आकर्षण क्षमता को दर्शाता है।

सारणी–3: वित्तीय वर्ष–वार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इक्विटी प्रवाह (मिलियन डालर में)

क्र. सं.	*वित्तीय वर्ष*	प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इक्विटी प्रवाह की राशि		पिछले वर्ष की तुलना में: वृद्धि (अमेरिकी डालर में)
		(करोड़ रू.में)	(मिलियन अमेरिकी डालर में)	
1	*2000-01*	*10,733*	*2,463*	-------
2	*2001-02*	*18,654*	*4,065*	*(+) 65 %*
3	*2002-03*	*12,871*	*2,705*	*(-) 33 %*
4	*2003-04*	*10,064*	*2,188*	*(-) 19 %*
5	*2004-05*	*14,653*	*3,219*	*(+) 47 %*
6	*2005-06*	*24,584*	*5,540*	*(+) 72 %*
7	*2006-07*	*56,390*	*12,492*	*(+) 125 %*
8	*2007-08*	*98,642*	*24,575*	*(+) 97 %*
9	*2008-09*	*1,42,829*	*31,396*	*(+) 28 %*
10	*2009-10*	*1,23,120*	*25,834*	*(-) 18 %*
11	*2010-11*	*97,320*	*21,383*	*(-) 17 %*
12	*2011-12*	*1,65,146*	*35,121*	*(+) 64 %*
13	*2012-13*	*1,21,907*	*22,423*	*(-) 36 %*
14	*2013-14*	*1,47,518*	*24,299*	*(+) 8%*
15	*2014-15*	*1,81,682*	*29,737*	*(+) 22%*
16	*2015-16*	*2,62,322*	*40,001*	*(+) 35%*
17	*2016-17*	*2,91,696*	*43,478*	*(+) 9%*
18	*2017-18*	*2,88,889*	*44,857*	*(+) 3%*
19	*2018-19*	*3,09,867*	*44,366*	*(-) 1%*
20	*2019–20*	*3,53,557*	*49,977*	*(+) 13%*
21	*2020-21*	*4,42,569*	*59,636*	*(+) 19%*
22	*2021-22*	*4,37,188*	*58,773*	*(-) 1%*
23	*2022-23*	*3,67,435*	*46,034*	*(-) 22%*
24	*2023-24*	*3,67,899*	*44,423*	*(-)3%*
25	*2024-25*	*4,21,929*	*50,018*	*(+)13%*
26	*2025-26 दिस. 2025 तक*	*4,16,709*	*47,874*	---------
कुल योग (अप्रैल, 2000 से दिस., 2025 तक)		***51,86,173***	***776,877***	

Source: Department for Promotion of Industry and Internal Trade, quarterly fact sheet. Fact sheet on foreign direct investment (FDI) inflow. From April, 2000 to September, 2025

हालांकि 2021–22 से 2023–24 के बीच थोड़ी गिरावट देखी गई, जिसका कारण वैश्विक अनिश्चितता और आर्थिक मंदी रहा। 2024–25 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पुनः बढ़कर 50,018 मिलियन अमेरिकी डालर हो गया, जो सुधार

की दिशा को दिखाता है। कुल मिलाकर, अप्रैल 2000 से दिसम्बर 2025 तक भारत में लगभग 776.8 बिलियन अमेरिकी डालर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है, जो भारत जैसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

5.3 देश–वार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इक्विटी प्रवाहः यह सारणी अप्रैल 2000 से जून 2025 तक भारत में विभिन्न देशों से प्राप्त प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इक्विटी इनफ्लो का विस्तृत देशवार विश्लेषण प्रस्तुत करती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में विदेशी निवेश कुछ प्रमुख देशों में अत्यधिक केंद्रित है, जबकि अन्य देशों का योगदान अपेक्षाकृत कम है। सबसे अधिक निवेश मॉरीशस (24.79 प्रतिशत) और सिंगापुर (23.82 प्रतिशत) से आया है। इन दोनों देशों का संयुक्त योगदान लगभग 48 प्रतिशत है, जो यह दर्शाता है कि भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का बड़ा हिस्सा इन्हीं के माध्यम से आता है। इसका मुख्य कारण इन देशों के साथ भारत के अनुकूल दोहरे कराधान से बचाव का समझौता तथा आसान निवेश संरचना है, जिससे कई बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ इन देशों के जरिए भारत में निवेश करती हैं। तीसरे स्थान पर सयुक्त राज्य अमेरिका (10.10 प्रतिशत) है, जो भारत में प्रत्यक्ष निवेश का एक प्रमुख स्रोत है। इसके बाद नीदरलैंड के (7.16 प्रतिशत) और जापान (6.13 प्रतिशत) आते हैं, जो विशेष रूप से औद्योगिक, विनिर्माण और तकनीकी क्षेत्रों में निवेश के लिए जाने जाते हैं।

सारणी–4: 2000 से जून 2025 तक देश–वार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इक्विटी प्रवाह

क्र. सं.	*देश का नाम*	*प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इक्विटी प्रवाह की राशि*		*कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इक्विटी प्रवाह में से प्रतिशत (अमेरिकी डालर में)*
		(करोड़ रू.में)	*(मिलियन अमेरिकी डालर में)*	
1	*मॉरीशस*	*13,72,320.00*	*192,537.99*	*24.79*
2	*सिंगापुर*	*11,34,883.99*	*185,020.61*	*23.82*
3	*सयुक्त राज्य अमेरिका*	*5,60,989.78*	*78,459.07*	*10.10*
4	*नीदरलैंड*	*3,82,994.63*	*55,600.22*	*7.16*
5	*जापान*	*3,11,506.76*	*47,596.3*	*6.13*
6	*यूनाइटेड किंगडम*	*2,17,258.62*	*36,712.29*	*4.73*
7	*सयुक्त अरब अमीरात*	*1,88,976.12*	*25,301.69*	*3.26*
8	*आइलैंड्स*	*1,28,119.62*	*17,608.96*	*2.27*
9	*साइप्रस*	*1,01,680.23*	*16,060.13*	*2.07*
10	*जर्मनी*	*95,262.73*	*15,504.95*	*2.00*
11	*फ्रांस*	*78,094.23*	*12,019.83*	*1.55*
12	*स्विट्जरलैंड*	*76,356.46*	*11,259.11*	*1.45*
13	*दक्षिण कोरिया*	*48,335.79*	*7,004.71*	*0.90*
14	*लक्जमबर्ग*	*39,991.64*	*5,652.15*	*0.73*
15	*हांगकांग*	*31,095.99*	*4,897.08*	*0.63*
16	*स्पेन*	*31,039.77*	*4,326.00*	*0.56*
17	*कनाडा*	*27,363.82*	*4,324.44*	*0.56*
18	*बेल्जियम*	*30,187.85*	*4,199.45*	*0.54*
19	*इटली*	*22,619.94*	*3,657.24*	*0.47*
20	*सऊदी अरब*	*24,412.74*	*3,300.22*	*0.42*

Source: Department for Promotion of Industry and Internal Trade, quarterly fact sheet. Fact sheet on foreign direct investment (FDI) inflow. From April, 2000 to September, 2025

यूरोपीय देशों जैसे यूनाइटेड किंगडम (4.73 प्रतिशत), जर्मनी (2.27 प्रतिशत), फ्रांस (1.59 प्रतिशत) और स्विट्जरलैंड (1.46 प्रतिशत) का भी भारत में महत्वपूर्ण योगदान है। इसके अलावा, सयुक्त अरब अमीरात मे (3.19 प्रतिशत) खाड़ी क्षेत्र का प्रमुख निवेशक है, जो व्यापार और अवसंरचना क्षेत्रों में निवेश करता है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि आइलैंड्स (2.27 प्रतिशत) और साइप्रस (2.07 प्रतिशत) जैसे टैक्स हेवन देशों से भी पर्याप्त निवेश आया है, जो अक्सर "रूटिंग" या "राउंड–ट्रिपिंग" के माध्यम से होता है। अन्य देशों जैसे दक्षिण कोरिया, लक्जमबर्ग, हांगकांग,स्पेन, कनाडा,बेल्जियम, इटली और सऊदी अरब का योगदान अपेक्षाकृत कम (1 प्रतिशत से भी नीचे) है, लेकिन ये भी भारत के विविध क्षेत्रों में निवेश को दर्शाते हैं। समग्र रूप से, यह तालिका बताती है कि भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह मुख्यतः वित्तीय केंद्रों और विकसित अर्थव्यवस्थाओं से आता है। साथ ही, यह भारत की वैश्विक निवेश आकर्षण क्षमता, स्थिर आर्थिक नीतियों और बढ़ते बाजार के महत्व को भी उजागर करता है।

5.4 **क्षेत्र–वार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इक्विटी प्रवाहः** यह तालिका अप्रैल 2000 से जून 2025 तक भारत में क्षेत्र वार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इक्विटी इनफ्लो को दर्शाती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में विदेशी निवेश किन–किन

क्षेत्रों में अधिक केंद्रित है और कौन–से सेक्टर निवेशकों के लिए सबसे आकर्षक रहे हैं। सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सेवा क्षेत्र (16.38 प्रतिशत) में आया है, जिसमें बैंकिंग, बीमा, वित्तीय सेवाएं, आउटसोर्सिंग आदि शामिल हैं। यह भारत की सेवा–आधारित अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है। इसके बाद कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर (15.63 प्रतिशत) दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है, जो भारत के सुचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल सेक्टर की वैश्विक पहचान और विकास को दिखाता है। तीसरे स्थान पर व्यापार (6.56 प्रतिशत) है, जो भारत के बढ़ते उपभोक्ता बाजार और व्यापारिक गतिविधियों को दर्शाता है। इसके बाद दूरसंचार (5.17 प्रतिशत) और वाहन उद्योग (5.11 प्रतिशत) आते हैं, जिनमें भारी विदेशी निवेश हुआ है।

सारणी–5: 2000 से दिसंबर 2025 तक क्षेत्र–वार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इक्विटी प्रवाह

क्र. सं.	*क्षेत्र का नाम*	*प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इक्विटी प्रवाह की राशि*		*कुल का प्रतिशत*
		(करोड़ रू.में)	*(मिलियन डालर में)*	
1	*सेवा क्षेत्र*	*8,39,104.87*	*127,266.33*	*16.38*
2	*कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर*	*8,77,696.95*	*121,399.55*	*15.63*
3	*व्यापार*	*3,63,784.44*	*50,934.59*	*6.56*
4	*दूरसंचार*	*2,42,038.10*	*40,181.13*	*5.17*
5	*वाहन उद्योग*	*2,64,455.69*	*39,681.66*	*5.11*
6	*निर्माण (बुनियादी ढांचा) गतिविधियां*	*2,76,849.20*	*38,265.46*	*4.93*
7	*निर्माण विकास: टाउनशिप, आवास, निर्मित बुनियादी ढांचा और निर्माण–विकास परियोजनाएं*	*1,38,088.81*	*27,400.55*	*3.53*
8	*दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स*	*1,54,388.59*	*24,812.83*	*3.19*
9	*रसायन (उर्वरकों के अलावा)*	*1,81,978.36*	*24,436.43*	*3.15*
10	*गैर–पारंपरिक ऊर्जा*	*1,48,954.31*	*23,961.66*	*3.08*
11	*विद्युत*	*1,24,277.69*	*20,093.09*	*2.59*
12	*होटल और पर्यटन*	*1,19,407.30*	*19,142.67*	*2.46*
13	*धातु उद्योग*	*1,21,232.71*	*18,930.76*	*2.44*
14	*विद्युत उपकरण*	*1,10,459.97*	*15,856.23*	*2.04*
15	*खाद्य प्रसंस्करण उद्योग*	*92,264.15*	*13,844.54*	*1.78*
16	*अस्पताल और निदान केंद्र*	*90,215.67*	*12,726.93*	*1.64*
17	*सूचना और प्रसारण (प्रिंट मीडिया सहित)*	*82,201.29*	*12,455.88*	*1.6*
18	*शिक्षा*	*78,403.13*	*11,276.51*	*1.45*
19	*परामर्श सेवाएं*	*81,316.97*	*11,039.62*	*1.42*
20	*पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*	*62,345.21*	*8,603.36*	*1.11*

Source: Department for Promotion of Industry and Internal Trade, quarterly fact sheet. Fact sheet on foreign direct investment (fdi) inflow. From April, 2000 to September, 2025

यह भारत में डिजिटल कनेक्टिविटी और ऑटोमोबाइल निर्माण के तेजी से विस्तार को इंगित करता है। इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े क्षेत्रों में भी अच्छा निवेश देखने को मिलता है। निर्माण (बुनियादी ढांचा) गतिविधियां (4.93 प्रतिशत) और निर्माण विकास (3.53 प्रतिशत) यह दर्शाते हैं कि भारत में शहरीकरण, हाउसिंग और बुनियादी ढांचे के विकास में विदेशी निवेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा, दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स (3.19 प्रतिशत), रसायन (उर्वरकों के अलावा) से (3.15 प्रतिशत) और गैर–पारंपरिक ऊर्जा (3.08 प्रतिशत) जैसे क्षेत्र भी महत्वपूर्ण हैं। खासकर नवीकरणीय ऊर्जा में बढ़ता निवेश भारत की सतत विकास की दिशा को दर्शाता है। ऊर्जा और औद्योगिक क्षेत्रों जैसे विद्युत (2.59 प्रतिशत), धातु उद्योग मे (2.04 प्रतिशत) और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस (1.11 प्रतिशत) में भी निवेश हुआ है, जो औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक हैं। वहीं होटल और पर्यटन (2.46 प्रतिशत), अस्पताल और निदान केंद्र (1.64 प्रतिशत) और शिक्षा (1.45 प्रतिशत) जैसे सामाजिक और सेवा क्षेत्र भी निवेश आकर्षित कर रहे हैं। समग्र रूप से, यह तालिका दिखाती है कि भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का मुख्य फोकस सेवा, सुचना प्रौद्योगिकी, व्यापार और इंफ्रास्ट्रक्चर पर है, जबकि मैन्युफैक्चरिंग, ऊर्जा और सामाजिक क्षेत्रों में भी संतुलित निवेश हो रहा है। यह भारत की विविध और तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था को दर्शाता है, जो वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

इन सुझावों का उद्देश्य एक ऐसा अनुकूल माहौल बनाना है, जो निवेश को बढ़ावा दे, बाधाओं को कम करे और विदेशी निवेशकों में विश्वास जगाए। इन उपायों को लागू करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों, नियामक

निकायों और हितधारकों के बीच समन्वय की आवश्यकता होती है, ताकि निवेश के लिए एक अनुकूल माहौल बनाया जा सके और भारत को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित किया है।

निष्कर्ष एवं सुझाव : उपर्युक्त विश्लेषण से हम यह कह सकते हैं कि भारत के आर्थिक विकास मे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रभाव काफी महत्वपूर्ण हो सकता है। आर्थिक विकास को गति देने, उत्पादकता बढ़ाने और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एक अहम भूमिका निभाता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह भारतीय अर्थव्यवस्था में अतिरिक्त निवेश पूंजी लाता है। यह निवेश पूंजी में वृद्धि में योगदान देता है। पूंजी निर्माण, जो आर्थिक विकास के लिए जरूरी है। वर्तमान मे उद्योगों के विस्तार, नए व्यवसायों की स्थापना और बुनियादी ढांचे के विकास में मदद करता है, ये सभी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं और सकल धरेलु उत्पाद में योगदान करते हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अपने साथ विदेशी कंपनियों से उन्नत तकनीक, प्रबंधकीय विशेषज्ञता और बेहतरीन कार्यप्रणालियाँ लाता है। तकनीक का यह हस्तांतरण और ज्ञान का प्रसार उत्पादकता बढ़ा सकता है, उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है, और घरेलू उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ा सकता है। बेहतर उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता से उच्च आर्थिक उत्पादन और टिकाऊ आर्थिक विकास हो सकता है।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रवाह से प्राप्तकर्ता देश में रोजगार सृजन और रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। भारत में अपना परिचालन स्थापित करने या उसका विस्तार करने वाली विदेशी कंपनियाँ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करती हैं, जिससे बेरोजगारी दर कम होती है और जीवन स्तर में सुधार होता है। रोजगार के बढ़ते स्तर से उपभोक्ता खर्च बढ़ता है और समग्र आर्थिक विकास होता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का निर्यात और व्यापार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। विदेशी कंपनियाँ अक्सर भारत में निर्यात–उन्मुख उत्पादन इकाइयाँ स्थापित करती हैं, और देश के कुशल कार्यबल तथा लागत संबंधी लाभों का फायदा उठाती हैं। इससे निर्यात बढ़ सकता है, विदेशी मुद्रा की कमाई बढ़ सकती है, और व्यापार घाटा कम हो सकता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आयात प्रतिस्थापन में भी योगदान दे सकता है, क्योंकि घरेलू उत्पादन आयात की जगह ले लेता है, जिससे व्यापार संतुलन में और सुधार होता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह बुनियादी ढांचे के विकास में मदद कर सकता है, विशेष रूप से परिवहन, ऊर्जा और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में। बेहतर बुनियादी ढांचा न केवल व्यावसायिक कार्यों को आसान बनाता है, बल्कि अतिरिक्त निवेश को भी आकर्षित करता है, क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देता है, और समग्र आर्थिक विकास को मजबूत करता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि भारत के आर्थिक विकास पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रभाव की सीमा और उसका पैमाना विभिन्न कारकों के आधार पर अलग–अलग हो सकता है, जिनमें निवेश की गुणवत्ता, नीतिगत माहौल, संस्थागत ढांचा और अर्थव्यवस्था की अवशोषण क्षमता शामिल हैं। सहायक नीतियों को लागू करना, एक अनुकूल व्यावसायिक माहौल बनाना, और उच्च–गुणवत्ता वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करना, भारत के आर्थिक विकास पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के सकारात्मक प्रभाव को अधिकतम करने की कुंजी है। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह बढ़ाने के लिए, कई रणनीतियाँ और उपाय लागू किए जा सकते हैं।

- ❖ नौकरशाही प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और सरल बनाएँ, विनियामक बोझ कम करें, और व्यावसायिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाएँ। ऐसे सुधार लागू करके एक व्यवसाय–अनुकूल माहौल बनाना, जिससे विदेशी निवेशकों के लिए भारत में अपना व्यवसाय स्थापित करना और चलाना आसान हो जाए, लाल फीताशाही को खत्म करके प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रवाह को काफी हद तक आकर्षित कर सकता है।
- ❖ परिवहन, लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी सहित बुनियादी ढाँचे के विकास में निवेश करें। विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाला बुनियादी ढाँचा अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह व्यावसायिक कार्यों के लिए एक अनुकूल वातावरण प्रदान करता है और कुशल आपूर्ति श्रृंखलाओं को सक्षम बनाता है।
- ❖ विदेशी निवेशकों को निश्चितता प्रदान करने के लिए पारदर्शी और स्थिर कर नीतियाँ लागू करें। कर दरों को युक्तिसंगत बनाएँ और कर अनुपालन में आने वाली जटिलताओं को कम करें। इसके अतिरिक्त, विदेशी निवेशकों में विश्वास जगाने के लिए निवेश नीतियों में निरंतरता और पूर्वानुमान सुनिश्चित करें।
- ❖ शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करें ताकि एक कुशल कार्यबल तैयार किया जा सके जो विदेशी निवेशकों की मांगों को पूरा कर सके। नवाचार और प्रौद्योगिकी–संचालित विकास को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान और विकास गतिविधियों तथा उद्योगों और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करें।
- ❖ उच्च विकास क्षमता वाले प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करें और उन क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई नीतियाँ और प्रोत्साहन विकसित करें। विनिर्माण, बुनियादी ढाँचा, प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कर लाभ, अनुदान और सब्सिडी जैसे क्षेत्र–विशिष्ट प्रोत्साहन प्रदान करें।

- ❖ विदेशी निवेशकों के हितों की रक्षा करने तथा नवाचार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को प्रोत्साहित करने के लिए मजबूत बौद्धिक संपदा अधिकार सुरक्षा सुनिश्चित करें। प्रवर्तन तंत्र को सुदृढ़ करें और बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त करने तथा उनकी रक्षा करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करें।

बुनियादी ढाँचे के विकास परियोजनाओं के लिए विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठाने हेतु सार्वजनिक–निजी भागीदारी के माध्यम से सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करें। सार्वजनिक–निजी भागीदारी आकर्षक निवेश के अवसर पैदा करने में मदद कर सकती है और विदेशी निवेशकों के लिए एक स्थिर ढाँचा प्रदान कर सकती है।

स्रोत एवं संदर्भः

1. अब्दुलहामिद सुकर(2007). आर्थिक विकास पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रभावः उप–सहारा अफ्रीका का मामला, साउथ वेस्टर्न इकोनॉमिक रिव्यू, 61–73 (2007)
2. अभय प्रताप सिंह आदि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ क्रिएटिव रिसर्च थॉट्स, 10 (8), 360–364 (2022
3. भावना कुन्नप्पिल्ली शंकरन, जर्नल ऑफ इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज एंड इनोवेटिव रिसर्च, 6 (1), 461–468 (2019)
4. भव्य मल्होत्रा, ग्लोबल जर्नल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, 4 (1), 17–23 (2014)
5. कार्लोस एनसिनास फेरर आदि, प्रोसीडिया इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंस, 24, 198–207 (2015)
6. एलेना पेलिनेस्कु और मैग्डालेना राडुलेस्कु, रोमानियन जर्नल ऑफ इकोनॉमिक फोरकास्टिंग, 4, 153–169 (2009)
7. खमीस हरेब आदि, इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट एंड फाइनेंशियल इनोवेशन, 12 (3), 132–141 (2015)
8. लीना बकावदाह और ताहर तायची, पालार्च्स जर्नल ऑफ आर्कियोलॉजी ऑफ इजिप्ट, 18 (13), 493–498 (2021)
9. माथा और मथियाजहागन,"भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रभावः एक क्षेत्रीय स्तर का विश्लेषण" (इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशियन स्टडीज वर्किंग पेपर, 2005) 1–23.
10. मोहम्मद जैन खान और राणा जहरा मसूद, Amity Journal of Management,10 (1),40–42 (2022)
11. नाजेह बौचौचा और वालिद अली, "आर्थिक विकास पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रभावः ट्यूनीशिया से साक्ष्य", Journal of Smart Economic Growth,4 (3), 23–46 (2019)
12. नवीन कुमार शर्मा और अन्य, Journal of Emerging Technologies and Innovative Research, 6 (6),36–42 (2019)
13. नलैंडू मामिंगी और करीम मार्टिन, "विकासशील देशों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और विकासः Organisation of Eastern Caribbean States के देशों से साक्ष्य", (Cepal Review) 2018) 80–98.
14. साई रोहित कुमार रेड्डी बोब्बा, International Journal of Creative Research Thoughts, 10 (2), 904–911 (2022)
15. सस्वता चौधरी और अन्य, Review of Market Integration,12(1), 51–69(2020)
16. https://www.dpiit.gov.in
17. Reserve Bank of India. (2023). Annual Report 2022–23. Mumbai.

=====

आलेख उद्धरित करें :	कुमार, मुकेश (2026)। भारत के आर्थिक विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रदर्शन का अध्ययन। बुंदेलखंड जर्नल ऑफ अकादमिक रिसर्च (बीजेएआर), वॉल्यूम–2, अंक–2, अप्रैल–जून, 2026, पृष्ठ 31–41। https://doi.org/10.5281/zenodo.21787693

Bundelkhand Journal of Academic Research

सिकंदरा स्थित सम्राट अकबर के मकबरे के स्थापत्य का ऐतिहासिक विश्लेषण

डॉ. विनय कुमार पटेल
असिस्टेंट प्रोफेसर (इतिहास), राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बांदा, उत्तर प्रदेश।
(**Corresponding Author:** vinay.net2012@gmail.com)
https://doi.org/10.5281/zenodo.21787817

सारांश

भारतीय इतिहास में मुगल काल को राजनीतिक स्थिरता, प्रशासनिक विकास, सांस्कृतिक समन्वय और स्थापत्य कला के उत्कर्ष का युग माना जाता है। मुगल शासकों ने अपनी सत्ता, धार्मिक दृष्टिकोण, कला–प्रेम और सांस्कृतिक चेतना को केवल प्रशासनिक संस्थाओं के माध्यम से ही नहीं, बल्कि भव्य स्थापत्य स्मारकों के निर्माण द्वारा भी अभिव्यक्त किया। इन स्मारकों में महल, किले, मस्जिदें, उद्यान और मकबरे विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। मुगल स्थापत्य कला ने भारतीय, फारसी, मध्य एशियाई और स्थानीय क्षेत्रीय कला परंपराओं के समन्वय से एक नवीन स्थापत्य शैली को जन्म दिया, जिसकी विश्व स्तर पर विशिष्ट पहचान बनी। सिकंदरा (आगरा) स्थित अकबर का मकबरा मुगल स्थापत्यकला की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्मारक है। इसका निर्माण सम्राट अकबर ने अपने जीवनकाल में प्रारंभ करवाया था। उसने अपनी अंतिम विश्राम स्थली के लिए आगरा के निकट सिकंदरा क्षेत्र का चयन किया। यह स्थान प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और राजकीय महत्व के कारण उपयुक्त माना गया। अकबर की मृत्यु अक्टूबर 1605 ई. में होने के बाद उसके उत्तराधिकारी नूरुद्दीन मुहम्मद जहाँगीर ने निर्माण कार्य को पूरा करवाया। इस प्रकार यह स्मारक अकबर और जहाँगीर दोनों के काल की स्थापत्य परंपराओं का प्रतिनिधित्व करता है।

आलेख सूचना			
	प्राप्त: 28 अप्रैल, 2026	**स्वीकृत:** 17 मई, 2026	**प्रकाशित:** 30 जून, 2026
	सारणी: 00	**चित्र एवं ग्राफ:** 07	**स्रोत एवं संदर्भ:** 11
	मुख्य शब्द: मकबरा, सिकंदरा, अकबर, स्थापत्य, मीनार, बहिष्ताबाद, सांस्कृतिक समन्वय।		


परिचय एवं पृष्ठभूमि: उत्तर प्रदेश के आगरा में सिकंदरा स्थित सम्राट अकबर का मकबरा मुगल स्थापत्य कला का एक बेजोड़ नमूना है। यह इमारत केवल एक समाधि स्थल नहीं है, बल्कि अकबर की सर्वधर्म समभाव (सुलह–ए–कुल) की विचारधारा और उसकी सांस्कृतिक दृष्टि का वास्तुकलात्मक प्रतिबिंब है। अकबर का मकबरा पारंपरिक मुगल वास्तुकला से कई मायनों में अलग और विशिष्ट है। अधिकांश मुगल मकबरों (जैसे हुमायूँ का मकबरा या ताजमहल) पर एक विशाल केंद्रीय गुंबद होता है, लेकिन अकबर के मकबरे में कोई विशाल गुंबद नहीं है। यह बौद्ध विहारों की शैली से प्रेरित एक पिरामिडनुमा इमारत है। यह मकबरा एक विशाल वर्गाकार चारबाग के केंद्र में स्थित है। बाग को पानी की नहरों और रास्तों द्वारा चार मुख्य हिस्सों में बांटा गया है, जो इस्लामी स्थापत्य में 'पैराडाइज (जन्नत)' की अवधारणा को दर्शाते हैं। सिकंदरा स्थित यह मकबरा मुगल वास्तुकला के विकास के उस संक्रमणकालीन चरण को दर्शाता है, जहाँ लाल बलुआ पत्थर के विशाल निर्माण (अकबर कालीन) से सफेद संगमरमर की सूक्ष्म पच्चीकारी (शाहजहाँ कालीन) की ओर यात्रा शुरू हो रही थी।

मकबरे की स्थापत्य का विश्लेषण: मुगल सम्राट अकबर का चरित्र मिश्रित था, लेकिन उसका व्यक्तित्व विशिष्ट था। सम्राट अकबर (1556–1605 ई.) भारतीय इतिहास के महानतम शासकों में से एक था। वह केवल एक शक्तिशाली विजेता और कुशल प्रशासक ही नहीं था, बल्कि कला, स्थापत्य, साहित्य और संस्कृति का महान संरक्षक भी था। सम्राट अकबर के शासनकाल में मुगल साम्राज्य ने राजनीतिक विस्तार के साथ–साथ सांस्कृतिक विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त किया। उसने भारतीय समाज की विविधताओं को समझते हुए एक समन्वयवादी नीति अपनाई, जिसे सुलह–ए–कुल के नाम से जाना जाता है। उसकी यही व्यापक दृष्टि उसके द्वारा निर्मित स्थापत्य स्मारकों में भी

दिखाई देती है। फतेहपुर सीकरी, आगरा किला और सिकंदरा का मकबरा उसकी स्थापत्य दृष्टि और सांस्कृतिक विचारधारा के प्रमुख उदाहरण हैं। सम्राट अकबर का मकबरा उत्तर प्रदेश के आगरा से 4 मील पश्चिम में सिकंदरा नामक गाँव में 119 एकड़ के क्षेत्र में स्थित है (कोच, 1991)। यह मकबरा एक विशाल बगीचे के बीच में स्थित है, जो 4 ऊँची, युद्ध–प्राचीर वाली दीवारों से घिरा है। प्रत्येक दीवार के मध्य में 70 फिट ऊँचा एक भव्य प्रवेश द्वार है। पश्चिम की ओर स्थित मुख्य द्वार पर फारसी में एक शिलालेख है, जिसमें लिखा है कि, इस मकबरे का निर्माण सम्राट अकबर ने करवाया था।




अकबर का मकबरा उत्तर प्रदेश के आगरा से 4 मील पश्चिम में सिकंदरा नामक गाँव में 119 एकड़ के क्षेत्र में स्थित है। स्वयं अकबर ने अपने मकबरे का डिजाइन बनाया लेकिन पूर्ण नहीं करवा सका। अकबर का मकबरा हिंदुस्तान में मुगलों की संस्कृति और इतिहास को दर्शाती वास्तुकला की विभिन्न शैलियों के सम्मिश्रण का एक आदर्श उदाहरण है। यह मकबरा दिल्ली–आगरा मार्ग पर एक विशाल चारदीवारी वाले बगीचे में स्थित आंतरिक वास्तुकला का प्रतीक है। अकबर के मकबरे में हिंदू, ईसाई, इस्लामी, जैन और बौद्ध वास्तुकला शैलियों का एक उत्कृष्ट मिश्रण है, जो विभिन्न संस्कृतियों की सकारात्मकता का एक प्रतिष्ठित मिश्रण है (हॉवेल, 1904)।



अक्टूबर 1605 ई. में अकबर की मृत्यु के बाद निर्माण में सम्राट जहाँगीर (1605–27 ई.) ने व्यक्तिगत रुचि का प्रदर्शन किया। 1613 ई.की घटनाओं का निर्माण देते हुए तुजुक–ए–जहांगीरी में जहांगीर लिखता है कि "मैं अपने पिता के मकबरे को देखने गए। जब हमें इस पवित्र यात्रा का सौभाग्य प्राप्त हुआ,तब हमने कब्रिस्तान पर बनी इमारत देखी परन्तु वह हमारी इच्छा के अनुकूल नहीं लगी। हमारी इच्छा थी कि, राहगीर उसे देखकर यह कहें कि ऐसी इमारत हमने संसार में और कहीं नहीं देखी है। इसका कारण यह था कि जिस समय यह बन रही थी उस समय दुर्भाग्य से खुसरू की घटना घटी थी और हम लाहौर चले गए तथा कारीगरों ने उसे अपने मन के अनुसार बना

डाला। फलतः सारा धन भी व्यय हो गया और तीन–चार वर्ष इसे बनने में लग गए। हमने आज्ञा दी कि अनुभवी कारीगर अन्य अनुभवी लोगों की सम्मति से निश्चित ढंग पर कई स्थानों पर नीवें डालें।"



जहांगीर की आदेश के बाद अकबर के मकबरे की ऊंची इमारतें बनाई गई। यह मकबरा एक पाँच मंजिला स्मारक है जो पिरामिड जैसा दिखता है (माली, 2017)। इसमें चार द्वार हैं और मुख्य प्रवेश द्वार दक्षिणी द्वार है। मकबरे के चारों ओर अति सुंदर बाग लगाया गया तथा एक विशाल एवं ऊंचा दरवाजा सफेद पत्थर की मीनारों सहित बनाया गया। इस ऊंची इमारत पर 15 लाख रुपए खर्च हुए जो ईरान के पचास हजार तुमान और तूरान के 45 हजार खानी के बराबर होते हैं। मुगल सम्राट अकबर ने इसका नाम "बहिष्ताबाद" रखा था (कोच, 1991)।

अकबर के मकबरे के स्थापत्य कला की अनेक विशेषताएं दिखाई देती हैं। पहली मुख्य विशेषता यह है कि अकबर का मकबरा एक परंपरागत इमारत नहीं है। इसका तात्पर्य है कि, इसकी शैली अन्य इमारतों की शैली से भिन्न है। इसके निर्माण में कई नई चीजों का समावेश किया गया है। अकबर के मकबरे की दूसरी विशेषता यह है कि, इस पर गुंबद का निर्माण नहीं किया गया है, बल्कि उपरी मंजिल समतल है।



अकबर के मकबरे की तीसरी विशेषता यह है कि मकबरे के निर्माण कला में प्रथम बार मीनार का प्रयोग किया गया था। दक्षिणी द्वार पर चार मीनारें हैं। ऐसा माना जाता है कि अकबर अपने दक्षिण अभियान (1599 ई.) के दौरान चार मीनारों से प्रभावित हुआ था। इसके पहले केवल मस्जिद में ही मीनार को बनाया जाता था। अकबर के मकबरे की चौथी विशेषता यह है कि मकबरों की बनावट बौद्ध विहार जैसी है और इसका आकार पिरामिड के जैसा है (राधेश्याम, 2018)।

अकबर के मकबरे की एक अन्य विशेषता यह है कि अकबर का मकबरा एक विस्तृत एवं सुनियोजित उद्यान के मध्य में स्थित है। इस बाग की परिधि डेढ़ मील है और इसके चारों ओर दीवार घिरी हुई है। इसके चारों ओर प्रवेश द्वार हैं और सभी द्वार वैभवशाली हैं लेकिन इसका मुख्य प्रवेश–द्वार दक्षिण में सर्वाधिक आकर्षक है जिस पर संगमरमर का जड़ाऊ कार्य किया गया है। इसके प्रत्येक प्रवेश द्वार पर फारसी की पंक्तियां खुद ही हुई हैं, यह पंक्तियां अकबर के जीवन पर प्रकाश डालती हैं। इसके चारों ओर तथा चारों कोनों पर संगमरमर की एक–एक ऊँची मीनार है। प्रवेश द्वार पर कुशलतापूर्वक की गई पच्चीकारी इसकी शोभा बढ़ाती है। भूतल पर अकबर की वास्तविक कब्र संगमरमर की बनी हुई है जो कि एक पतली गैलरी के द्वारा पहुंचा जाता है। जबकि पहली मंजिल पर बनी कब नकली है तथा उन पर विभिन्न प्रकार के फूलों पत्तियां बनाए गए हैं। यहाँ पर ईश्वर के 99 नामों के साथ कब्र के सिरहाने 'अल्लाह–उ–अकबर' और पैरों की तरफ "जल्ले जलाल हूँ" के साथ हिंदू स्वास्तिक एवं ईसाईयों का क्रास भी अंकित है (हॉवेल, 1904)। कला विशेषज्ञ पर्सी ब्राउन के अनुसार "अब तक इस प्रकार की एक भी मीनार भारतीय स्थापत्य कला में प्रयुक्त हुई दिखाई नहीं देती है।"



सम्राट अकबर का मकबरा पांच मंजिली इमारत है जिसमें प्रत्येक ऊपर की मंजिल नीचे की मंजिल की अपेक्षा आकार में छोटी होती गई है। सबसे निचली मंजिल का आकार 325 X 325 फिट है। चौकोर आकार वाली दूसरी मंजिल पहली मंजिल की तुलना में आकार में छोटी है। प्रत्येक कोने पर आठ अष्टकोणीय स्तंभों पर आधारित 5.18 मीटर व्यास वाली आठ स्तंभयुक्त समाधियाँ दिखाई देंगी। प्रत्येक कोने पर कुल 23 खंड बने हैं। अकबर के मकबरे की तीसरी मंजिल दूसरी मंजिल से भी छोटी है। तीसरी मंजिल पर चार समाधियाँ हैं जिनकी माप दूसरी मंजिल की समाधियों के समान है। समाधियों में नीले, पीले और हरे रंग की टाइलों का इस्तेमाल किया गया है। फर्श के किनारों पर जालियाँ लगी रेलिंग हैं जिन पर त्रिभुज, तारा, स्वस्तिक आदि विभिन्न ज्यामितीय आकृतियाँ बनी हैं।



अकबर के मकबरे की चौथी मंजिल (27.16 मीटर) चौकोर आकार की है और इसके चारों ओर मेहराब एवं खंभों पर समाधि स्थल हैं। इस मंजिल में एक गुप्त मंजिल है। गुप्त मंजिल में प्रवेश करने के लिए सीढ़ी लगी हैं और फिर एक संकरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। इस गुप्त मंजिल में पाँच गलियारे हैं जो एक–दूसरे को समकोण पर काटते हैं। सबसे ऊपरी मंजिल सबसे छोटी (21.34 मीटर) है जो संगमरमर से बनी है। इस मंजिल के चारों तरफ 27.16 X 2.74 मीटर मठ के समान आकृति हैं (हॉवेल, 1904)। इसे दूर से देखने पर यह बौद्ध बिहार की तरह प्रतीत होता है।

यूरोपीय कला विशेषज्ञ फर्गुसन का कहना है कि "मकबरे की ऊपरी मंजिल की डिजाइन में सिरे पर एक गुम्बद की व्यवस्था अवश्य रही होगी। इस गुम्बद के बिना यह स्मारक दबा हुआ एवं अर्थहीन सा लगता है.....इमारत की ऊँचाई अब कोने के मण्डपों से 100 फुट से कुछ ही अधिक है। अगर केन्द्रीय गुम्बद 20–40 फुट और ऊँचा होता तो यह नीचे के आधार से उचित अनुपात में होता। यह मकबरा जैसी बारीक बनावट का है, वैसा ही सुंदर एवं आनुपातिक बनाने के लिए केन्द्रीय कक्ष बड़ा बनाने की आवश्यकता प्रतीत होती है। अगर यह ऐसा बना होता तो भारतीय मकबरों में इसे ताज के बाद, दूसरा स्थान दिया जाता।'' क्लाविद् पर्सी ब्राउन ने फर्ग्यूसन से असहमति व्यक्त करते हुए लिखा है कि ''यह मकबरा ऊपर की मंजिल सहित जैसा बना है, वैसा पूर्ण है। इसकी खुली हई छत और सुरुचिपूर्ण बनावट इस इमारत के लिए उपयुक्त ही है।"



मुगल सम्राट अकबर के मकबरे में अकबर के अतिरिक्त कई अन्य लोगों की समाधि स्थल भी है। मुगल सम्राट जहाँगीर के भाई एवं अकबर के तीसरे पुत्र दानियाल मिर्जा को यहीं दफनाया गया है। अकबर की पुत्री शक्र–उन–निसा बेगम को भी यहीं दफनाया गया है। अकबर की सबसे बड़ी पुत्री खानम सुल्तान बेगम को भी यहीं दफनाया गया। मुगल सम्राट औरंगजेब की सबसे बड़ी संतान जेब–उन–निसा बेगम को भी यहीं दफनाया गया है। ऐसा माना जाता है कि अंग्रेजी लेखिका फ्लोरा एनी वेबस्टर स्टील को भी यहीं दफनाया गया था (हॉवेल, 1904)।

मुगल सम्राट औरंगजेब (1658–1707 ई.) के समय जाटों के विद्रोह का नेतृत्व जाट राजाराम (1680–86 ई.) ने किया, जो अपने पिता की मृत्यु का बदला लेना चाहता था। उसने कई अन्य राजाओं के साथ मिलकर आगरा किले पर हमला किया और कीमती पत्थर, धातुएँ, आभूषण आदि लूट लिए। उसने अकबर के मकबरे पर भी हमला किया और उसे लूट लिया। विदेशी यात्री निकालो मनूची के अनुसार, उसने सिकंदरा में सम्राट अकबर की हड्डियाँ खोदकर जलाकर मकबरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। चूँकि जाटों ने अकबर के मकबरे को लूटकर क्षतिग्रस्त कर दिया था, इस कारण भारत के वायसराय लॉर्ड कर्जन (1898–1905 ई.) ने प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम, 1904 के तहत 1905 ई. में अकबर के मकबरे की मरम्मत और संरक्षण के लिए जीर्णोद्धार किया।

अकबर के मकबरे में जो गैर परंपरागत शैली का प्रयोग किया गया है, यही इसकी प्रमुख विशेषता है (अहमद, 2016)। इसमें न पूर्ण रूप से इस्लामी शैली न तो हिंदू शैली और न तो पूर्ण रूप से बौद्ध शैली का प्रयोग किया गया है, बल्कि तीनों का समिश्रण दिखाई देता है। यह निश्चित रूप से एक ऐसे व्यक्ति का मकबरा है जो अपनी धार्मिक सहिष्णुता के लिए प्रसिद्ध है। सिकंदरा में स्थित सम्राट अकबर का मकबरा केवल ऐतिहासिक धरोहर ही नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य अंग है। आज भी यह देश–विदेश के पर्यटकों, इतिहासकारों, स्थापत्य विशेषज्ञों तथा शोधार्थियों के लिए आकर्षण और अध्ययन का प्रमुख केंद्र है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा

इसके संरक्षण के प्रयास किए जा रहे हैं, किंतु पर्यावरणीय प्रभाव, प्रदूषण तथा बढ़ते पर्यटन के कारण इसके संरक्षण की चुनौती निरंतर बनी हुई है। अतः इस धरोहर के संरक्षण के लिए आधुनिक वैज्ञानिक उपायों के साथ–साथ जन–जागरूकता और सांस्कृतिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास भी आवश्यक है (प्रसाद, 2011)।

निष्कर्ष : निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि सिकंदरा स्थित सम्राट अकबर का मकबरा भारतीय इतिहास, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक समन्वय का अनुपम प्रतीक है। यह स्मारक न केवल मुगल स्थापत्य कला की उत्कृष्टता को प्रदर्शित करता है, बल्कि सम्राट अकबर की उदार विचारधारा और भारतीय संस्कृति की बहुलतावादी परंपरा का भी सशक्त प्रतिनिधित्व करता है। इसलिए इसका संरक्षण और गहन अध्ययन हमारी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा राष्ट्रीय विरासत को समझने एवं सुरक्षित रखने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है[11]।

स्रोत एवं संदर्भः

1. कोच, एबे (1991). मुगल आर्किटेक्चर, दिल्ली, 1991, पृष्ठ–70
2. हॉवेल, ई. (1904). आगरा एंड दी ताज, बम्बई 1904, पृष्ठ–98
3. माली, डॉ नारायण (2017). मध्यकालीन भारत का इतिहास, जयपुर, 2017, पृष्ठ–747
4. कोच, एबे (1991). मुगल आर्किटेक्चर, दिल्ली, 1991, पृष्ठ–70
5. प्रो. राधेश्याम (2018). मध्यकालीन प्रशासन, समाज एवं संस्कृति, इलाहाबाद 2018, पृष्ठ–365
6. हॉवेल, ई. (1904). आगरा एंड दी ताज, बम्बई 1904, पृष्ठ–98
7. हॉवेल, ई. (1904). आगरा एंड दी ताज, बम्बई 1904, पृष्ठ–98
8. हॉवेल, ई. (1904). आगरा एंड दी ताज, बम्बई 1904, पृष्ठ 98–99
9. अहमद, इम्तियाज (2016). मध्यकालीन भारत, पटना, 2016, पृष्ठ–513
10. प्रसाद, ईश्वरी (2011). मध्यकालीन भारत का संक्षिप्त इतिहास, लखनऊ, 2011, पृष्ठ–41
11. स्वयं के द्वारा सिकंदरा में जाकर गहन सर्वेक्षण और अध्ययन किया गया।

=====

आलेख उद्धरित करें :	पटेल, विनय कुमार (2026)। सिकंदरा स्थित सम्राट अकबर के मकबरे के स्थापत्य का ऐतिहासिक विश्लेषण। बुंदेलखंड जर्नल ऑफ अकादमिक रिसर्च (बीजेएआर), वॉल्यूम–2, अंक–2, अप्रैल–जून, 2026, पृष्ठ 42–47। https://doi.org/10.5281/zenodo.21787817

Bundelkhand Journal of Academic Research

भारत में तीन तलाक की स्थिति का समाजशास्त्रीय विश्लेषण

डॉ. अमित कुमार सिंह[1], डॉ. रवीश कुमार सिंह[2], डॉ. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव[3]

1. **असिस्टेंट प्रोफेसर (समाजशास्त्र),** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी, चित्रकूट।
2. **असिस्टेंट प्रोफेसर (समाजशास्त्र),** राजकीय महाविद्यालय महादेवा, उमरिया, बस्ती।
3. **असिस्टेंट प्रोफेसर (समाजशास्त्र),** पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय सैदपुर, गाजीपुर।

(**Corresponding Author:** amitkumarsingh472@gmail.com)

https://doi.org/10.5281/zenodo.21787965

सारांश

यह शोध पत्र भारत में 'तीन तलाक (तलाक–ए–बिद्दत)' की प्रथा का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से अध्ययन करता है। अध्ययन में तीन तलाक की ऐतिहासिकता, सामाजिक असर, जेंडर से जुड़े नजरिए और कानूनी पहलुओं पर चर्चा की गई है। सामाजिक परिवर्तन की गति देश, काल और परिस्थिति के अनुसार निर्धारित होती रही है। संस्कृति एक गतिशील तथ्य है और वर्तमान में इस्लामी संस्कृति भी परंपरा से आधुनिकता अर्थात संक्रमणकाल से गुजर रही है। इस्लामी संस्कृति में संरचनात्मक परिवर्तन, रूपांतरण और आधुनिकता के प्रसार के परिणामस्वरूप कहीं न कहीं दबाव भी अनुभव किये जा रहे हैं। इस शोध पत्र में इस्लामी संस्कृति में महिलाओं के जीवन, परिवार के रिश्तों और व्यापक सामाजिक–आर्थिक नतीजों की चर्चा की गई है। साथ ही जेंडर से जुड़े नजरिए की भी जांच की गई है, जिसमें महिलाओं के अधिकारों, इस्लामिक पारिवारिक कानून के भीतर वर्तमान में चल रही नारीवादी चर्चाओं और इंटरसेक्शनैलिटी (अलग–अलग सामाजिक पहचानों के आपसी असर) पर जोर दिया गया है। भारत में मुस्लिम महिलाओं में अभी भी शिक्षा की प्रगति बहुत धीमी है क्योंकि लड़कियों को केवल साक्षर बनाने तथा प्राथमिक और उच्च शिक्षा तक ही यह समाज सचेत दिखाई पड़ता है। इस्लाम की कुछ रूढ़िगत धारणाएं शिक्षा के साथ ही आर्थिक प्रगति, रोजगार तथा राजनीति में सामान्यतः महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित नहीं करती। पर्दा प्रथा, कम उम्र में विवाह, तीन तलाक आदि कुप्रथाओं के कारण मुस्लिम महिलाओं का शोषण आंतरिक एवं वाह्य दोनों ही स्तरों पर दिखाई पड़ता है। दूसरी ओर 20 वीं शताब्दी में मुस्लिम महिलाओं के जीवन में अनेक परिवर्तन देखने को भी मिलने लगे हैं। आधुनिक समय में मुस्लिम महिलाएं शरीयत के अनुसार की शिक्षा या धार्मिक शिक्षा के साथ–साथ आधुनिक एवं वैज्ञानिक शिक्षा को ग्रहण कर अपनी स्थिति को बदलने के लिए तत्पर दिखाई पड़ रही हैं। परिवार और समाज के स्तर पर धीरे–धीरे मुस्लिम महिलाओं ने अपने सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक विकास को उन्नत करना प्रारंभ कर दिया है।

आलेख सूचना

प्राप्त: 02 मई, 2026 **स्वीकृत:** 23 मई, 2026 **प्रकाशित:** 30 जून, 2026

सारणी: 00 **चित्र एवं ग्राफ:** 00 **स्रोत एवं संदर्भ:** 15

मुख्य शब्द: इस्लाम, मुस्लिम विवाह, विवाह विच्छेद, तीन तलाक, आधुनिकता, कानून।

1. परिचय एवं पृष्ठभूमि : कुरान में स्पष्ट लिखा है कि मानव अधिकारों के आधार पर स्त्री और पुरुष दोनों बराबर है जन्म के आधार पर स्त्री और पुरुष के बीच कोई भेद नहीं किया जा सकता, इस्लाम में यह भी बताया गया है कि स्त्री और पुरुष दोनों ही जीवन की एक ही सीढ़ी पर खड़े हैं। मुस्लिम समाज में विवाह या निकाह आपसी शांति, प्रेम और करुणा पर आधारित है। महिला को विवाह प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है। इस्लामिक कानून के मुताबिक महिला को उसकी मर्जी के बिना किसी से शादी करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। इस्लाम में पति परामर्श और दया के ढांचे के भीतर परिवार का रखरखाव करने, सुरक्षा करने और परिवार के नेतृत्व के लिए प्राथमिक रूप से उत्तरदायी है। पति और पत्नी की भूमिका की पारस्परिकता और पूरक प्रकृति का अर्थ किसी भी पक्ष द्वारा दूसरे की अधीनता नहीं है। एक मुस्लिम जनश्रुति के अनुसार विवाह–विच्छेद कानून सम्मत तो है, परन्तु ईश्वर इसे पसन्द नहीं करता। तलाक सम्बन्धी अपने निर्णय पर पुनः विचार करने और तलाक को नियंत्रित करने के

उद्देश्य से ही 'इद्दत' की अवधि पर इतना जोर दिया गया है। वर्तमान परिवर्तन की प्रवृत्तियों से मुस्लिम समुदाय भी अब अछूता नहीं है। मुस्लिम समुदाय में निकाह के साथ–साथ तलाक के संदर्भ में विगत कुछ वर्षों से कुछ न कुछ बदलाव के लक्षण दृष्टिगोचर हो रहे हैं जिनके परिणामस्वरुप अनेक समस्याएं भी उत्पन्न हुई हैं। इस्लाम धर्म की जटिल रूढ़िवादी और सामान्यतः अपरिवर्तनशील परंपराओं और प्रथाओं के कारण तीन तलाक के मामले वर्तमान में और अधिक संख्या में सामने आ रहे हैं। तीन तलाक की बढ़ती संख्या के कारण पारिवारिक विघटन की समस्या, महिलाओं की वैवाहिक स्थिति में उत्तरोत्तर गिरावट, मानसिक आर्थिक एवं भावनात्मक समस्या के साथ–साथ बच्चों के पालन पोषण एवं जीवन निर्वाह की अनेक समस्याओं में वृद्धि दिखाई पड़ रही है।

1.1. मुस्लिमों में विवाह विच्छेदः मुस्लिम विवाह एक समझौता है न कि धार्मिक संस्कार। इस्लाम में इस समझौते को समाप्त करने की व्यवस्था भी की गई है और विवाह–विच्छेद को न्यायसंगत माना गया है। मुस्लिम समाज में अन्य समाजों की तुलना में विवाह–विच्छेद की प्रक्रिया अत्यन्त सरल है। इस्लामी कानून के तहत विवाह–विच्छेद का अधिकार सामान्यतः पुरुषों को ही दिया गया है। पुरुष बिना अदालत की सहायता के कभी भी अपनी पत्नी को तलाक दे सकता है। 'खुला' नामक विवाह–विच्छेद में स्त्री मेहर की राशि को लौटा कर विवाह–विच्छेद की माँग तो कर सकती है, परन्तु इसके लिए भी पति का तैयार होना भी आवश्यक है। मुस्लिमों में विवाह विच्छेद के दो रूप प्रचलित हैं: 1. बिना अदालत की सहायता के अर्थात परंपरागत या प्रथागत विवाह विच्छेद 2. अदालत की सहायता से अर्थात कानूनी तरीके से। मुस्लिम समाज में साधारणतः बिना अदालत की सहायता के अर्थात परंपरागत या प्रथागत विवाह विच्छेद होते हैं, तलाक के प्रथागत स्वरूप निम्न हैं:

1.1.1.(अ) तलाक–ए–अहसनः तलाक के इस प्रकार के पति पत्नी के 'तुहर (मासिक धर्म)' के समय एक बार तलाक की घोषणा कर देता है। इसके बाद 'इद्दत' की अवधि में वह पत्नी के साथ यौन सम्बन्ध स्थापित नहीं करता और इस अवधि के समाप्त होने पर तलाक हो जाता है। 'इद्दत' तलाक की घोषणा के बाद चार मासिक धर्मों के बीच की अवधि को कहते हैं। यह अवधि प्रायः तीन महीने की होती है।

(ब) तलाक–ए–हसनः तलाक के इस प्रकार में पति को तीन तुहरों के अवसर पर तलाक की घोषणा को दोहराना पड़ता है। इन तीनों तुहरों की अवधि के बीच वह स्त्री के साथ सहवास भी नहीं करता। इस अवधि के बाद तलाक पूर्ण हो जाता है ।

(स) तलाक–उल–बिद्दतः किसी भी मासिक धर्म के अवसर पर पति, पत्नी या उसके किसी गवाह की अनुपस्थिति में भी तलाक की एक बार स्पष्ट घोषणा कर देता है और तलाक हो जाता है। कभी–कभी एक ही मासिक धर्म के अवसर पर थोड़े–थोड़े समय के बाद तलाक की तीन बार घोषणा की जाती है और फिर तलाक पूर्ण हो जाता है। तुहर के अवसर पर तलाक की घोषणा का उद्देश्य यही है कि यह ज्ञात हो जाए कि तलाक के समय स्त्री गर्भवती तो नहीं है।

1.1.2. इलाः जब पति कसम खाकर चार महीने या इससे अधिक समय तक पत्नी के साथ यौन सम्बन्ध नहीं रखने की प्रतिज्ञा करता है, तो इसे 'इला' कहते हैं। इस अवधि के पश्चात् विवाह–विच्छेद हो जाता है। यदि इस काल में वह पत्नी के साथ यौन सम्बन्ध कर लेता है तो इला टूट जाता है और ऐसी दशा में विवाह–विच्छेद नहीं होता है।

1.1.3. जिहरः जिहर का तात्पर्य है गैर कानूनी तुलना के द्वारा विवाह विच्छेद। यदि पति अपनी पत्नी की तुलना किसी ऐसी स्त्री सम्बन्धी से करता है, जिसके साथ विवाह सम्बन्ध वर्जित है, तो पत्नी ऐसी तुलना के लिए पति को प्रायश्चित करने को कहती है। पति यदि प्रायश्चित नहीं करता, तो ऐसी दशा में पत्नी अदालत में विवाह–विच्छेद की माँग कर सकती है।

1.1.4. खुलाः यह पारस्परिक सहमति से लिया जाने वाला तलाक है। खुला विवाह–विच्छेद का वह प्रकार है, जिसमें पत्नी पति से विवाह विच्छेद के लिए प्रार्थना करती है और पति के वैवाहिक अधिकारों की समाप्ति के बदले में प्रतिफल के रूप में प्राप्त मेहर को वापस लौटाकर क्षतिपूर्ति का वादा करती है।

1.1.5. मुबारतः यह विवाह–विच्छेद पति–पत्नी की पारस्परिक सहमति के आधार पर होता है। इसमें दोनों ओर से तलाक की इच्छा प्रकट की जाती है। 'खुला' में पत्नी पति को कुछ धन देती है, परन्तु यहाँ उसे कुछ भी देने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। ऐसे विवाह विच्छेद के लिए पत्नी को 'इद्दत' करना होता है और पति को इस अवधि में उसे अपने घर ही रखना पड़ता है।

1.1.6. लियानः पति द्वारा पत्नी पर व्यभिचार के आरोप के आधार पर पत्नी तलाक ले सकती है। लियान इसमें पति, पत्नी पर व्यभिचार का आरोप लगाता है। पत्नी इस आरोप का खण्डन करती है और अदालत से प्रार्थना करती है कि या तो पति अपने इस आरोप को वापस ले या खुदा को हाजिर नाजिर समझकर घोषणा करे कि यह आरोप सत्य है।

1.1.7. तलाक–ए–तफवीजः इसमें पति द्वारा पत्नी को विवाह के समय दिए गए अधिकारों के आधार पर पत्नी तलाक लेती है। यह प्रत्यायोजित तलाक का एक रूप है। यह माँग विवाह के समय पति द्वारा पत्नी को दिए गए अधिकार के आधार पर की जाती है।

2. तलाक–उल–बिद्दत या तीन तलाकः विभिन्न धर्मों और समुदायों में वैध तथा मान्य तलाक की वैधानिक प्रक्रिया तथा परम्परागत प्रथाओं का अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि मुस्लिम समाज में प्रचलित तीन तलाक की प्रथा सबसे अधिक महिला–विरोधी प्रथा है। तीन तलाक का यह अन्यायपूर्ण तरीका महिला हितों के प्रतिकूल है, जिसमें तलाक शब्द को एक ही समय में तीन बार उच्चारित करने पर विवाह–विच्छेद हो जाता है और पत्नी को तुरंत पति का घर छोड़ना पड़ता है। 'शायरा बानो बनाम भारत संघ' मामले पर भारत के सुप्रीम कोर्ट ने 22 अगस्त 2017 में एक अहम फैसले में तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित कर दिया। शायरा बानो ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके 'तीन तलाक' की प्रथा को चुनौती दी थी क्योंकि उनके पति ने इसी तरीके से उन्हें तलाक दिया था। उन्होंने तर्क दिया कि तीन तलाक भारतीय संविधान के तहत मिले उनके मौलिक अधिकारों तथा समानता और भेदभाव न होने के अधिकार का उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि तीन तलाक मुस्लिम महिलाओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है और यह भारतीय संविधान में निहित लैंगिक समानता और न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को मुस्लिम महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया। इस फैसले के बाद भारत सरकार द्वारा 30 जुलाई 2019 को 'मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019' लागू किया गया, जिसके तहत 1 अगस्त 2019 से भारत में तीन तलाक की प्रथा को अपराध बना दिया गया।

3. तीन तलाक की संवैधानिकताः भारत में तीन तलाक की संवैधानिकता कानूनी बहसों और ऐतिहासिक फैसलों का विषय रही है। इस प्रथा से जुड़ी चर्चाओं में कई संवैधानिक प्रावधानों का हवाला दिया जाता है, जो समानता, भेदभाव न करने और जीवन व व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से संबंधित चिंताओं की व्याख्या करते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद–14 में कानून के समक्ष समानता के आधार पर यह तर्क दिया जाता रहा कि तीन तलाक की प्रथा मूल रूप से भेदभावपूर्ण है, खासकर महिलाओं के खिलाफ, क्योंकि यह पति को एकतरफा और तुरंत शादी खत्म करने की अनुमति देती है। तीन तलाक प्रथा को कानून के समक्ष समानता के सिद्धांत का उल्लंघन माना जाता है, क्योंकि यह तलाक के संदर्भ में पुरुषों और महिलाओं को अलग–अलग अधिकार और शक्तियां देता है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद–15 धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव को रोकता है, इस अनुच्छेद के आधार पर यह तर्क दिया जाता रहा कि तीन तलाक अपनी प्रकृति से ही महिलाओं के खिलाफ भेदभाव करता है, खासकर तब जब महिलाओं के पास शादी खत्म करने का ऐसा ही एकतरफा अधिकार नहीं होता। जबकि संविधान के अनुच्छेद–21 में जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण का अधिकार, के आधार पर यह तर्क दिया जाता रहा कि तीन तलाक की प्रथा में खासकर जब इसे अचानक बोला जाता है, यह जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है, विशेष रूप से गरिमा और स्वायत्तता के साथ जीने के अधिकार का। तीन तलाक के माध्यम से शादी का अचानक खत्म होना महिलाओं के लिए गंभीर भावनात्मक, सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणाम पैदा करता है। जिससे उनके जीवन और गरिमा के अधिकार पर बुरा असर पड़ता है। वहीं अनुच्छेद–25 में सभी व्यक्तियों को अंतरात्मा की स्वतन्त्रता और धर्म को स्वतत्र रूप से मानने, उसका आचरण करने तथा प्रचार करने के मौलिक अधिकार, के आधार पर यह तर्क दिया जाता रहा कि तीन तलाक जैसी धार्मिक प्रथाएं लैंगिक समानता और मौलिक अधिकारों से संबंधित प्रावधानों के साथ टकराव में आती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक की प्रथा को असंवैधानिक और संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाला करार दिया। कोर्ट ने कहा कि तीन तलाक को कानूनी मान्यता नहीं है और इसे इस्लामी कानून का जरूरी हिस्सा नहीं माना जा सकता। इस फैसले ने लैंगिक समानता के सिद्धांत को पुनः स्थापित किया और मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की।

4. तलाक में वृद्धि के कारणः इस्लाम में विवाह के एक सामाजिक समझौते के कारण पुरुष द्वारा कभी भी अपनी पत्नी को मौखिक रूप से भी तलाक देने का प्रचलन समाज में मान्य रहा। पारिवारिक समस्या के रूप में विवाह विच्छेद की समस्या अनेक कारकों से प्रभावित दिखाई पड़ती है। एक समय में कोर्ट के द्वारा तलाक, न्यायिक पृथक्करण और गुजारा भत्ता जैसी प्रवृतियाँ नगरीय समाज में उच्च वर्ग और तथाकथित आधुनिक लोगों तक ही सीमित रही, पर आज यह संदर्श पूरी तरह बदल चुका है क्योंकि पश्चिमी संस्कृति के अंधानुकरण से तलाक एक सामान्य व्यवहार की तरह मध्यम वर्ग, छोटे शहरों तथा कस्बों में भी दिखाई पड़ने लगा है। एक ओर जहां आधुनिक होती युवा पीढ़ी की बदलती मानसिकता ने धर्म और परिवार की पुरानी प्रथाओं और परंपरागत मान्यताओं को रूढ़िगत मानते हुए दरकिनार कर दिया है, वहीं विवाह या जीवनसाथी के चुनाव को अपना व्यक्तिगत अधिकार मानना प्रारंभ कर दिया है। अब यह अवधारणा बल पकड़ने लगी कि दांपत्य जीवन में बढ़ रहे तनाव, घुटन और असामंजस्य के जीवन से निकल कर नए जीवन–साथी का चुनाव कर लिया जाए या भविष्य में वैवाहिक बंधन से स्वतंत्र रहकर अकेले ही जीवन व्यतीत किया जाए। इसी मानसिकता ने वर्तमान में विवाह विच्छेद या तलाक की दर में तीव्र वृद्धि की है। भारतीय समाज में तलाक की बढ़ती हुई दर पर एकमतता इस बात पर दिखाई पड़ती है कि परिवार को संगठित बनाए रखने वाले परंपरागत मूल्यों में होने वाला परिवर्तन तलाक की वर्तमान मूल समस्या का प्रमुख कारण

है। युवा पीढ़ी आधुनिकता के दौर में स्वभाव से ही स्वतंत्र है और कानूनी माहौल से व्यक्तिगत स्वतंत्रता के प्रति उसके नजरिए में तेजी से परिवर्तन आ रहा है। नगरों के साथ ही अब ग्रामीण समुदाय में भी विवाहित मुस्लिम महिलाएं घरेलू हिंसा और पारिवारिक दबाव का खुलकर विरोध करने लगी हैं। शिक्षित और कामकाजी वर्ग के पुरुष तथा महिलाओं में सबसे अधिक तलाक के मामले इस दशा का परिणाम है जिनमें विवाह से पूर्व या विवाह के पश्चात यौन संबंध पारस्परिक असंतुष्टि का कारण बनते हैं। कुछ सर्वेक्षणों के आंकड़े बताते हैं कि भारत में तलाक की सबसे अधिक दर बड़े महानगरों तथा मेट्रो शहरों में है। सह शिक्षा और रोजगार से संबंधित यात्रा के दौरान भी पुरुष और महिला के पारस्परिक आकर्षण से युवा पीढ़ी द्वारा परिवार की सहमति के बिना भी प्रेम विवाह होने लगे हैं। विषम स्थिति तब पैदा होती है जब विवाह से पहले प्रेम के क्षणों में किया जाने वाला समर्पण विवाह उपरांत पैदा होने वाली समस्याओं, आकांक्षाओं और इच्छाओं के आगे घुटने टेक देता है। जिसका परिणाम अंततः तलाक के रूप में दिखाई पड़ता है। तलाक का एक मुख्य कारण परिवार के नियंत्रण में तेजी से गिरावट आना भी है जहां एकाकी परिवारों में स्वयं माता–पिता के पास अपनी संतानों के लिए अब समय नहीं है वहीं मध्यम दर्जे के नगरों में स्वयं युवा पीढ़ी अपने परिवार में हस्तक्षेप को अनावश्यक मानने लगी है।

पत्नी और पति के बीच विवाद और तनाव की स्थिति में नगरों में स्थापित वैवाहिक सलाह केंद्र अथवा महिला उत्पीड़न की रोकथाम के लिए बनाए गए विशेष केन्द्रों की शरण लिया जाता है और परिवार के बुजुर्ग लोगों का कोई हस्तक्षेप स्वीकार न होने से सुलह की जगह तलाक की संभावना और भी बढ़ जाती है। आधुनिकता और भौतिकतावादी समाज के नए संदर्भ में नए तकनीकी उपकरणों की सहायता से महिलाओं ने घरेलू कार्य अब बहुत सरल और कम समय में होने लग गए हैं, जिससे बचे समय का वह स्वतंत्र रूप से आजीविका उपार्जित करने से आर्थिक सशक्तिकरण का भाव उत्पन्न हो गया है और वह अपने पारिवारिक दांपत्य जीवन में असफलता और घरेलू हिंसा का विरोध करने लगी है और अपनी स्वतंत्र पहचान के प्रति जागरूक हो गई है जिससे तलाक की नई स्थितियां पैदा होने लगी हैं। अनेक सर्वे में अब यह भी माना जाने लगा है कि पत्नी के माता–पिता का अवांछित हस्तक्षेप भी तलाक की एक बढ़ती हुई समस्या का मुख्य कारण है। पति पत्नी के छोटे से विवाद में यदि उनके माता–पिता हस्तक्षेप करते हैं तो सामान्यतः अधिकांश मामलों में मामूली गलतफहमी से आरंभ होकर बात तलाक तक पहुंच जाती है। मुस्लिम समुदाय में इन कारणों के अतिरिक्त अनेक दूसरी दशाएं भी तलाक की बढ़ती हुई दर के लिए उत्तरदायी हैं।

5. चुनौतियां: अनेक रूढ़िवादी समूहों और धार्मिक नेताओं द्वारा कोर्ट के दखल का विरोध किया और यह तर्क दिया कि यह कानून मुस्लिम पर्सनल लॉ और धार्मिक प्रथाओं में दखलंदाजी है और धार्मिक स्वतंत्रता और स्वायत्तता पर फैसले के संभावित असर को लेकर भी चिंताएँ जताई गईं। विधायी हस्तक्षेप के बावजूद तीन तलाक को अपराध बनाने को लेकर बहस जारी है। मुख्य बहसों में से एक तीन तलाक को अपराध बनाने की संवैधानिक वैधता के इर्द–गिर्द घूमती है कि तलाक जैसे नागरिक मामले को अपराध बनाना पर्सनल लॉ और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत गारंटीकृत धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है। यह भी तर्क दिया जाता है कि इस कदम से धार्मिक मामलों में राज्य का दखल बढ़ जाएगा जिससे धार्मिक समुदायों की स्वायत्तता कम हो सकती है। तीन तलाक को अपराध की श्रेणी में लाने की व्यावहारिक प्रभावशीलता को लेकर भी चिंताएं जताई जा रही हैं।

तर्क यह दिया जाता है कि आपराधिक सजा लागू करने से शायद यह प्रथा प्रभावी ढंग से न रुके और इसके बजाय यह गुप्त रूप से भी जारी रह सकती है, जिससे आगे आने वाले समय में इसे सुलझाना और मुश्किल हो जाए। ये वर्ग मुस्लिम समुदायों में लैंगिक भेदभाव की जड़ तक जाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक सुधारों के महत्व पर जोर देता हैं। वहीं दूसरी ओर तीन तलाक को अपराध की श्रेणी में मानने वाले समर्थकों का तर्क है कि इससे उन मुस्लिम महिलाओं को जरूरी सुरक्षा मिलती है जो इसके जरिए मनमाने ढंग से तलाक और परित्याग का शिकार होती हैं। उनका कहना है कि इस प्रथा को अपराध घोषित करने से लैंगिक भेदभाव के खिलाफ एक मजबूत संदेश जाता है और पीड़ित महिलाओं को कानूनी रास्ता मिलता है। हालाँकि तर्क यह भी दिया जाता है कि केवल इसे अपराध घोषित करने से उन व्यापक सामाजिक–आर्थिक कारकों का समाधान नहीं हो सकता जो मुस्लिम समुदायों में महिलाओं की कमजोर स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं। तर्क यह भी दिया जाता है कि कानूनी सुधारों के साथ–साथ धार्मिक विद्वानों और समुदाय के नेताओं के साथ बातचीत करके चिंताओं को दूर करने और समझ बढ़ाने के प्रयास भी करने चाहिए। एक सहयोगी दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर देना है जो कानूनी सिद्धांतों और धार्मिक भावनाओं दोनों का ही सम्मान करे।

तीन तलाक की बहस में ऐतिहासिक, कानूनी, संवैधानिक, सामाजिक और राजनीतिक पहलू सभी शामिल रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप न्यायिक हस्तक्षेप और विधायी सुधार दोनों ही हुए। कानूनी दखल और विधायी सुधार द्वारा धार्मिक रीति–रिवाजों का सम्मान करने और मौलिक अधिकारों खासकर लिंग समानता और सम्मानजनक जीवन जीने के अधिकार को सुनिश्चित किया है, पर वर्तमान में हो रही बहसें इस बात पर जोर देती हैं कि एक विविध, जटिल

और अनेकता वाले समाज में व्यक्तिगत कानूनों से जुड़े मुद्दों को सुलझाने में शामिल जटिलताओं पर भी ध्यान देने की महती आवश्यकता है। भारत में तीन तलाक पर न्यायिक और विधायी रोक, संवैधानिक ढांचे के भीतर कानूनी सुधारों, धार्मिक रीति–रिवाजों और लिंग न्याय से जुड़ी व्यापक चुनौतियों और उनसे निपटने के उपाय भी सुझाता है, पर जैसे–जैसे देश में इन जटिल और व्यापक मुद्दों से निपटा जा रहा है, यह जरूरी हो जाता है कि सभी वर्ग को शामिल कर बातचीत को बढ़ावा, जागरूकता, धार्मिक स्वतंत्रता तथा व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा के बीच व्यापक संतुलन साधे जाएँ, जिससे एक ऐसा समावेशी समाज बन सके जो अपने राष्ट्र के सभी नागरिकों के लिए समानता, गरिमापूर्ण जीवन और उनके लिए न्याय प्रदान कर सके।

निष्कर्ष एवं सुझाव : उपर्युक्त विश्लेषण से हम यह कह सकते हैं कि पिछले वर्षों में मुस्लिम महिलाओं पर अनेक अध्ययन हुए हैं जो उनके प्रभावशाली आयाम, उनके हकों के साथ–साथ, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रभाव, तलाक, बहु विवाह और इन प्रथाओं में सुधार लाने पर केंद्रित दिखाई पड़ते हैं। इन अध्ययनों में मुस्लिम महिलाओं के हक, व्यक्तिगत कानून, पहचान और लिंग के साथ–साथ जेंडर के सवाल को भी विशेष रूप से सतह पर और समाज के सम्मुख लाया गया है। भारतीय मुस्लिम महिलाओं पर मौजूद साहित्य में मुख्यतः तीन अवधारणा देखने को मिलती हैं पहली में अधिकांशतया मुस्लिम महिलाओं को नजरअंदाज किया गया, दूसरी में मुस्लिम महिलाओं को व्यक्तिगत कानून के संकुचित दायरे में रखकर देखा गया। यह विचार शरीयत और उनके प्रति पूर्वाग्रह से लिए गए कानून व धार्मिक परंपराओं को शामिल करते थे, जिसमें महिलाओं के स्थान को दोयम दर्जा दिया गया और मुस्लिम समाज भी पुरुषवादी या पितृसत्तात्मक समाज दिखाई पड़ता है। तीसरी अवधारणा यह है कि सभी महिलाओं की समस्याएं एक बराबर नहीं होती है इसलिए विकास के फायदे सभी तक समान रूप से नहीं पहुंच पाए और मुस्लिम महिलाओं के पहचान के सवाल भी अलग–अलग दिखाई पड़ते है।

आजादी के सात दशकों के पश्चात भी भारतीय मुस्लिम महिलाएं शिक्षा, आर्थिक पिछड़ापन और राजनीतिक रूप से हाशिये पर खड़ी दिखाई पड़ती है। सच्चर कमीशन (2007) की रिपोर्ट में इसको खास तौर पर उजागर किया है। कानूनी सुधार पर बहस और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के साथ उनके अधिकारों और इस्लाम से जुड़ी बहसों में भागीदारी की आवश्यकता है। जिससे मुस्लिम महिलाएं अपने हक को पुनर्स्थापित कर सके, साथ ही मुस्लिम महिलाएं देश के धर्मनिरपेक्ष और प्रगतिशील समूहों के साथ अपनी सामान्य और भागीदारी युक्त अवसरों को हासिल करने के लिए एक मंच प्राप्त करने का प्रयास कर सकें। वर्तमान में अधिकांशतया मुस्लिम महिलाएं शिक्षा तथा रोजगार प्राप्त कर समाज की मुख्य धारा में शामिल हो रही हैं और अनेक अन्य क्षेत्रों में कार्य भी कर रही हैं। इसलिए मुस्लिम महिलाओं में पारिवारिक, सामाजिक, संस्थागत और संरचनात्मक परिवर्तन परिलक्षित हो रहे हैं।

स्रोत एवं संदर्भः

1. गुप्ता, मोतीलाल (2019)। मुस्लिम विवाह एवं परिवार (भारत में समाज)। राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, 18 वां संस्करण, जयपुर।
2. सिंह, जे.पी. (2019)। वैवाहिक प्रथा एवं तलाक (आधुनिक भारत का समाज)। रावत पब्लिकेशन, पहला संस्करण, नई दिल्ली।
3. दिनकर, रामधारी सिंह (2018)। इस्लाम धर्म (संस्कृति के चार अध्याय), लोक भारती प्रकाशन, तीसरा संस्करण, नई दिल्ली।
4. जोशी, गोपा (2015)। भारत में स्त्री असमानता। हिंदी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
5. परमार, शुभ्रा (2015)। परिवार में जेंडर संबंध रू उपभोग के पैटर्न, संपत्ति का अधिकार (नारीवादी सिद्धांत और व्यवहार) ओरियंट ब्लैकस्वान प्रा.लि., पहला संस्करण, हैदराबाद।
6. वोल्सटनक्राफ्ट, मेरी (2014)। स्त्री अधिकारों का औचित्य साधन। राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
7. सिन्हा, मनोज (2012)। बदलती सामाजिक संरचना (समकालीन भारत एक परिचय)। ओरियंट ब्लैकस्वान प्रा०लि०, हैदराबाद।
8. इंजीनियर, असगर अली (2008)। द राइट्स आफ वीमेन इन इस्लाम। स्टर्लिंग पब्लिशर्स प्रा. लि., दिल्ली।
9. दुबे, श्यामाचरण (2008)। परंपरा, इतिहास बोध और संस्कृति। राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली।
10. आहूजा, राम (2005)। मुस्लिम एवं ईसाई विवाह (भारतीय सामाजिक व्यवस्था)। रावत पब्लिकेशन, तृतीय संस्करण, नई दिल्ली।
11. इंजीनियर, असगर अली (2003)। इस्लाम वुमेन एंड जेंडर जस्टिस। ज्ञान पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।
12. बुवा, सिमोन द (2002)। स्त्री उपेक्षिता। हिन्दी बुक्स प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली।
13. अहमद, इम्तियाज (1982)। कास्ट एंड सोशल स्ट्रक्चर अमोंग द मुस्लिम, नई दिल्ली।
14. Tomar, Ekta (2023). A case study on triple talaq and status of women in India. Shodhkosh: Journal of Visual and Performing Arts, January-June 2023, 4(1), P.1101–1108.
15. Pandey Swasti. Umair, Reshma (2024). Triple talaq in India: A comprehensive analysis of legal, social, and gender perspectives. IJCRT, Vol 12, Issue 4 April 2024, P.i966- i977.

आलेख उद्धरित करें :	सिंह, अमित कुमार, सिंह, रवीश कुमार एवं श्रीवास्तव, दुर्गेश कुमार (2026)। भारत में तीन तलाक की स्थिति का समाजशास्त्रीय विश्लेषण। बुंदेलखंड जर्नल ऑफ अकादमिक रिसर्च (बीजेएआर), वॉल्यूम–2, अंक–2, अप्रैल–जून, 2026, पृष्ठ 48–52। https://doi.org/10.5281/zenodo.21787965

Bundelkhand Journal of Academic Research

उत्तर प्रदेश में सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों के वित्तीय निष्पादन का विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. वीरेन्द्र प्रताप चौरसिया
असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र), राजकीय डिग्री कॉलेज कालपी, जालौन, उत्तर प्रदेश।
(**Corresponding Author:** virendraauphd@gmail.com)
https://doi.org/10.5281/zenodo.21790001

सारांश

प्रस्तुत शोध पत्र में उत्तर प्रदेश के राज्य सहयोगी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (एससीएआरडीबी) के वित्तीय स्वास्थ्य और परिचालन दक्षता का अध्ययन किया गया है। शोध पत्र मुख्य रूप से सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों के वित्तीय संकेतकों जैसे–एनपीए अनुपात, वसूली दर, लाभप्रदता और बाजार हिस्सेदारी का मुख्य रूप से अध्ययन करता है। इस अध्ययन में वर्ष 2010 से 2025 तक के द्वितीयक आंकड़ों का प्रयोग किया गया है, जिनका संकलन इंडियास्टैट से किया किया है जो मुख्य रूप से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), नाबार्ड और नाफ्सकॉब के आँकड़ो पर आधारित है। आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि, उत्तर प्रदेश के एससीएआरडीबी में वर्ष 2024 में एनपीए का स्तर 76.2 प्रतिशत है, जो चिंताजनक स्थिति का परिचायक है, जबकि इसी दौरान वसूली दर मात्र 27.7 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो कि राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। इसके अतिरिक्त, कृषि ऋण प्रवाह में सहकारी बैंकों की राष्ट्रीय हिस्सेदारी जो 2012 में 18 प्रतिशत थी वह कम होकर 2025 में 9 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है, जो वाणिज्यिक बैंकों के बढ़ते वर्चस्व और सहकारी संस्थाओं के श्संरचनात्मक हाशिएश की स्थित को दर्शाती है। शोध से प्राप्त निष्कर्ष में एक विरोधाभास भी देखने को मिलता, जहाँ उत्तर प्रदेश का अल्पकालिक सहकारी ढांचा (राज्य सहकारी बैंकय एसटीसीबी एवं जिला केंद्रीय सहकारी बैंकय डीसीसीबी) लाभप्रदता और निम्न एनपीए के साथ सुदृढ़ हो रहा है, वहीं दीर्घकालिक ऋण संरचना (एससीएआरडीबी) अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर, यह शोध पत्र सुझाव देता है कि दीर्घकालिक सहकारी बैंकों को पुनर्जीवित करने के लिए कठोर वसूली तंत्र, व्यावसायिक प्रबंधन और तकनीकी एकीकरण की आवश्यकता है। बिना इन सुधारों के, ग्रामीण उत्तर प्रदेश में पूंजी निर्माण और कृषि विविधीकरण सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होगी।

प्राप्त: 06 मई, 2026	**स्वीकृत:** 25 मई, 2026	**प्रकाशित:** 30 जून, 2026
सारणी: 06	**चित्र एवं ग्राफ:** 00	**स्रोत एवं संदर्भ:** 12
मुख्य शब्द:	सहकारी बैंक, उत्तर प्रदेश, एनपीए, कृषि ऋण, एससीएआरडीबी, वसूली दर।	

1. परिचय एवं पृष्ठभूमि : उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में, कृषि क्षेत्र वर्ष 2024–25 में जीएसडीपी में 24.9 प्रतिशत योगदान के साथ एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। साथ ही, वर्ष 2024–25 में 737.4 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन के साथ देश का अग्रणी राज्य होने के कारण, यह प्रदेश व देश की विशाल जनसंख्या का भरण–पोषण करने के साथ–साथ खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है (आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26)। वर्तमान समय में भी प्रदेश की अधिकांश जनसंख्या अपनी आजीविका और रोजगार के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। उत्तर प्रदेश की कृषि व्यवस्था की विशिष्टता इसकी जोत संरचना में है, 2010–11 के आंकड़ों के अनुसार, कुल परिचालन जोत में सीमांत (79.5 प्रतिशत) और लघु किसानों (13 प्रतिशत) की संयुक्त हिस्सेदारी लगभग 92.5 प्रतिशत है। यह जोत संरचना स्पष्ट करती है कि राज्य की कृषि व्यवस्था मुख्य रूप से छोटे किसानों पर आधारित है।

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो पता चलता है कि इन लघु और सीमांत किसानों के सामने एक मुख्य समस्या पूंजी की अनुपलब्धता रही है। स्वतंत्रता पूर्व और उसके बाद भी एक लंबे समय तक भारतीय किसान ऋण के लिए मुख्य रूप से साहूकारों और महाजनों पर निर्भर रहे हैं, जो इन किसानों से दिये गए ऋण पर ऊँची ब्याज दर

वसूलते थे, जिससे एक बार ऋण लेने के बाद चुका न पाने के कारण अधिकांश किसान 'कर्ज के जाल' में फंस जाते थे। हालाँकि, स्वतन्त्रता के बाद सरकार द्वारा बैंकिंग क्षेत्र में सुधार के लिए कदम उठाए गए, लेकिन वाणिज्यिक बैंक अपनी "हाई स्ट्रीट" प्रकृति और कठोर मानकों के कारण छोटे किसानों तक पहुँचने में सफल नहीं हो सके। वाणिज्यिक बैंकों के इस ऐतिहासिक पूर्वाग्रह ने ग्रामीण वित्तीय समावेशन में एक बड़ा अंतर पैदा किया है।

इस शून्यता को भरने में सहकारी बैंक ग्रामीण ऋण प्रणाली के सबसे महत्वपूर्ण तंत्र के रूप में उभरे हैं। इन्हें भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की 'जीवन रेखा' माना जाता है क्योंकि इनका नेटवर्क जमीनी स्तर तक फैला हुआ है। सेवा के सिद्धांत पर आधारित ये बैंक छोटे किसानों और खेतिहर मजदूरों को साहूकारों के शोषण से बचाकर कम ब्याज दर पर समय पर ऋण उपलब्ध कराकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। इस शोध पत्र में उत्तर प्रदेश के राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों के वित्तीय स्वास्थ्य और परिचालन दक्षता का अध्ययन किया जाएगा है।

1.1. भारत में कृषि ऋण प्रवाह में सहकारी बैंकों की हिस्सेदारी: भारतीय कृषि ऋण प्रणाली में सहकारी बैंकों की हिस्सेदारी में ऐतिहासिक रूप से भारी गिरावट दर्ज की गई है। 1970 के दशक में जहाँ कुल कृषि ऋण वितरण में सहकारी बैंकों का योगदान 80 प्रतिशत से अधिक था, वहीं हाल के वर्षों में यह घटकर 20 प्रतिशत से भी नीचे आ गया है। इस संरचनात्मक गिरावट के मुख्य कारणों में इन बैंकों की कमजोर वित्तीय स्थिति, सीमित पूंजी आधार, कुप्रबंधन और वाणिज्यिक बैंकों से मिल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा शामिल है। इसके अतिरिक्त, तकनीकी पिछड़ापन, उच्च गैर–निष्पादित संपत्तियां और अत्यधिक राजनीतिक हस्तक्षेप भी इस पतन के अन्य प्रमुख कारक रहे हैं।

सारणी-1: भारत में कृषि ऋण प्रवाह में सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और व्यवसायिक बैंकों की हिस्सेदारी (प्रतिशत में)

वर्ष	सहकारी बैंक	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	व्यवसायिक बैंक
2012-2013	18	11	-
2013-2014	17	12	-
2014-2015	16.4	12.1	71.5
2015-2016	16.7	13	70.2
2016-2017	13.4	11.6	75
2017-2018	12.9	12.1	74.9
2018-2019	12.1	11.9	76
2019-2020	11.3	11.9	76.8
2020-2021	12.1	12.1	75.8
2021-2022	13.1	11	75.9
2022-2023	11	11.2	77.8
2023-2024	9.5	11.1	79.4
2024-2025	9	10.8	80.2

स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक

प्रस्तुत आंकड़ों का विश्लेषण भारतीय कृषि ऋण बाजार में हुए संरचनात्मक बदलाव को स्पष्ट रूप से उजागर करता है। तालिका यह दर्शाती है कि सहकारी बैंकों की हिस्सेदारी में निरंतर और तीव्र गिरावट आई है। वर्ष 2012–13 में जहाँ सहकारी बैंकों का योगदान 18 प्रतिशत था, वह वर्ष 2024–25 में घटकर मात्र 9 प्रतिशत रह गया है। यह 50 प्रतिशत की सीधी गिरावट सहकारी ढांचे के अस्तित्व पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। इसके विपरीत, व्यवसायिक बैंकों ने अपनी स्थिति को अभूतपूर्व रूप से मजबूत किया है। 2014–15 में उनकी हिस्सेदारी 71.5 प्रतिशत थी, जो 2024–25 में बढ़कर 80.2 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुँच गई है। यह वृद्धि उनकी बेहतर तकनीक, व्यापक नेटवर्क और आक्रामक ऋण वितरण का परिणाम है। वहीं, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थिति लगभग स्थिर है, जो पिछले एक दशक से 11–12 प्रतिशत के बीच ही सिमटे हुए हैं।

1.2. उत्तर प्रदेश में सहकारी साख का ढांचा: उत्तर प्रदेश में अल्पकालिक ऋण के लिए एक सुदृढ़ संघीय त्रि–स्तरीय (3-Tier) ढांचा कार्यरत है:

1.2.1. **शीर्ष स्तर (State Level):** उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, जो राज्य की सर्वोच्च वित्तीय संस्था है।

1.2.2. **जिला स्तर (District Level):** जिला केंद्रीय सहकारी बैंक जो मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हैं। वर्तमान में ये बैंक प्रदेश के 50 से अधिक जिलों में अपनी शाखाओं के माध्यम से सक्रिय हैं।

1.2.3. ग्राम स्तर (Village Level): प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पीएसीएस), जो सीधे किसानों से जुड़ी हैं और ऋण प्रणाली की आधारशिला हैं। विश्व बैंक और एनसीईआर के अनुसार, भारत में लगभग 30 प्रतिशत माइक्रो क्रेडिट इन्हीं पैक्स के माध्यम से वितरित किया जाता है।

1.3. समस्या का कथन: पिछले कुछ दशकों में, विशेषकर 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद, भारतीय कृषि ऋण परिदृश्य में व्यापक परिवर्तन आया है। यदि हम सहकारी बैंकों के दृष्टिकोण से देखें तो पता चलता है कि, जहाँ कुल कृषि ऋण में सहकारी बैंकों की राष्ट्रीय हिस्सेदारी 2012–13 में 18 प्रतिशत थी वहीं 2024–25 में घटकर मात्र 9 प्रतिशत रह गई है। उत्तर प्रदेश में यह समस्या और भी जटिल है, जहाँ एक ओर राज्य सहकारी बैंक (एसटीसीबी) लाभ के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर दीर्घकालिक ऋण संरचना (एससीएआरडीबी) 76.2 प्रतिशत जैसे अत्यधिक उच्च एनपीए और 27.7 प्रतिशत की निम्न वसूली दर के कारण अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। ऋण अनुशासन में कमी, बढ़ता राजनीतिक हस्तक्षेप और वाणिज्यिक बैंकों से मिल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा ने सहकारी बैंकिंग की प्रासंगिकता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

1.4. शोध के उद्देश्य: प्रस्तुत शोध पत्र के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

1. उत्तर प्रदेश में सहकारी बैंकों की वित्तीय स्थिति और उनकी लाभप्रदता की प्रवृत्तियों का विश्लेषण करना।
2. कृषि ऋण प्रवाह में सहकारी बैंकों की घटती हिस्सेदारी के कारणों की पड़ताल करना।
3. राज्य में एनपीए और ऋण वसूली के तुलनात्मक स्तर का मूल्यांकन करना।
4. प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के डिजिटल रूपांतरण और तकनीकी उन्नयन की वर्तमान प्रगति का अध्ययन करना।

2. शोध प्रविधि: प्रस्तुत अध्ययन मुख्य रूप से द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है। आंकड़ों का संकलन भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, नाफ्सकॉब की वार्षिक रिपोर्टों और लोकसभा के अभिलेखों से किया गया है। अध्ययन की अवधि मुख्य रूप से 2010 से 2025 तक की है, जिससे दीर्घकालिक प्रवृत्तियों और मौजूदा बदलावों का सटीक विश्लेषण किया जा सके। आंकड़ों की व्याख्या के लिए सांख्यिकीय विधियों और तुलनात्मक विश्लेषण का प्रयोग किया गया है।

3. डेटा विश्लेषण और व्याख्या:

3.1. उत्तर प्रदेश में राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों का वित्तीय प्रदर्शन: भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त द्वितीयक आंकड़ों का विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2017 से 2024 के मध्य उत्तर प्रदेश में राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एससीएआरडीबी) की वित्तीय स्थिति में उच्चावचन और संरचनात्मक अस्थिरता की स्थिति परिलक्षित होती है। नीचे दी गई तालिका उत्तर प्रदेश और अखिल भारतीय स्तर पर एनपीए और वसूली दर की तुलनात्मक स्थिति को दर्शाती है:

सारणी-2: उत्तर प्रदेश और भारत में एससीएआरडीबी के प्रमुख वित्तीय संकेतक

वर्ष (मार्च अंत)	उत्तर प्रदेश (NPA %)	भारत का औसत (NPA %)	उत्तर प्रदेश (Recovery %)	भारत (Recovery %)
2017	39.6	23.6	30.5	48.4
2018	44.1	25.0	25.3	46.1
2019	38.4	26.5	27.1	43.1
2020	72.1	33.0	25.5	47.1
2021	83.7	33.1	29.1	40.8
2022	80.2	36.1	29.1	42.8
2023	81.9	36.5	29.1	44.8
2024	76.2	38.3	27.7	40.8

स्रोत: भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रकाशन एवं रिपोर्ट्स।

उपर्युक्त तालिका–2 के आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश के एससीएआरडीबी के एनपीए में तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है। एनपीए की दर यह दर वर्ष 2017 में 39.6 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2021 में तेजी से बढ़कर 83.7 प्रतिशत के चिंताजनक स्तर पर पहुँच गया। यद्यपि 2024 (अनंतिम आंकड़ों) में इसमें मामूली गिरावट आई और यह 76.2 प्रतिशत दर्ज किया गया, फिर भी यह अत्यधिक उच्च बना हुआ है। इसके विपरीत, अखिल भारतीय स्तर पर एनपीए अनुपात तुलनात्मक रूप से मध्यम रहा, जो 2017 में 23.6 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 38.3 प्रतिशत तक पहुँचा। वसूली निष्पादन के संदर्भ में, उत्तर प्रदेश की स्थिति राष्ट्रीय मानकों की तुलना में लगातार दयनीय बनी हुई है। समीक्षाधीन अवधि (2017–2024) के दौरान राज्य में वसूली दर 25 से 30 प्रतिशत के बीच ही सीमित रही, जबकि

राष्ट्रीय औसत 40 से 48 प्रतिशत के बीच रहा है। उच्च एनपीए और निम्न वसूली दर के बीच का यह विलोम संबंध (Inverse Relationship) राज्य में 'साख अनुशासन' (Credit Discipline) को लागू करने में विफलता को प्रदर्शित करता है। यद्यपि 2021–2023 के दौरान कुछ सीमांत सुधार देखे गए, किंतु वसूली दक्षता अभी भी राष्ट्रीय बेंचमार्क तक पहुँचने में असमर्थ रही है, जो संस्था की वित्तीय स्थिरता के लिए एक प्रमुख बाधा है।

3.2. शाखा नेटवर्क और लाभप्रदता: उत्तर प्रदेश में राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (एससीएआरडीबी) एक 'एकात्मक संरचना' का अनुसरण करते हैं। तालिका–3 के आंकड़ों का विश्लेषण यह दर्शाता है कि समीक्षाधीन अवधि (2018–2024) के दौरान बैंक की शाखाओं की संख्या 323 पर स्थिर बनी रही। शाखा विस्तार में यह स्थिरता (Stagnation) बैंक की संस्थागत पहुंच और ग्रामीण क्षेत्रों में पैठ बढ़ाने में सीमित वृद्धि को इंगित करती है।

सारणी-3: उत्तर प्रदेश एससीएआरडीबी का शाखा नेटवर्क और लाभप्रदता (लाख रु. में)

वर्ष (मार्च अंत)	शाखाओं की संख्या	लाभ (+) / हानि (-) (लाख रु. में)	टिप्पणी
2018	323	+192	सीमांत लाभ
2019	323	-8,451	भारी घाटा
2020	323	+9,770	तीव्र वापसी
2021	323	+2,323	लाभ में गिरावट
2024 (अनंतिम)	323	+9,831	स्थिर लाभप्रदता

स्रोत: भारतीय रिज़र्व बैंक

वित्तीय आंकड़ों का विश्लेषण लाभप्रदता में भारी अस्थिरता और विरोधाभास को उजागर करता है। जहाँ 2019 में 8,451 लाख रुपये का घाटा था, वहीं 2024 में लाभ 9,831 लाख रुपये पहुँच गया। हालांकि, 76.2 प्रतिशत के उच्च एनपीए के साथ यह लाभ असंगत है, जो वास्तविक परिचालन मजबूती के बजाय सरकारी सहायता या लेखांकन समायोजन जैसे कृत्रिम सुधारों का संकेत देता है।

3.3. उत्तर प्रदेश में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का कंप्यूटरीकरण: प्राथमिक कृषि ऋण समितियां सहकारी ढांचे की आधारशिला हैं। नाबार्ड और लोकसभा के अभिलेखों से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण उत्तर प्रदेश में पैक्स के कंप्यूटरीकरण परियोजना की प्रगति और वित्तीय आवंटन की स्थिति को दर्शाता है।

सारणी-4 : उत्तर प्रदेश में पैक्स कंप्यूटरीकरण हेतु निधियों का आवंटन एवं उपयोग (करोड़ रु. में)

वित्तीय वर्ष	आवंटित राशि	जारी राशि	उपयोग राशि
2022-23	11.28	11.28	0.00
2023-24	43.87	42.30	24.10
2024-25	50.88	0.00	-

स्रोत: लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1181 (दिनांक 03.12.2024) एवं प्रश्न संख्या 1487 (दिनांक 09.12.2025), भारत सरकार।

उत्तर प्रदेश में पैक्स के कंप्यूटरीकरण हेतु आंकड़ों का विश्लेषण प्रारंभिक जड़ता और कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियों को उजागर करता है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में शत–प्रतिशत आवंटन के बावजूद शून्य उपयोग प्रशासनिक शिथिलता को दर्शाता है, हालांकि 2023–24 में 57 प्रतिशत निधि के उपयोग ने सुधार के संकेत दिए हैं। इसके बावजूद, 2024–25 में उच्च आवंटन के बाद भी फंड जारी होने में देरी श्प्रशासनिक बाधाओंश और श्सीमित कार्यान्वयन क्षमताश की पुष्टि करती है। निष्कर्षतः, पैक्स का डिजिटल रूपांतरण पारदर्शिता और वसूली प्रदर्शन के लिए अनिवार्य है, किंतु निधियों का विलंबित उपयोग इस सुधार प्रक्रिया को बाधित कर रहा है, जिसके लिए तत्काल नीतिगत हस्तक्षेप आवश्यक है।

3.4. उत्तर प्रदेश में जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों की वित्तीय स्थिति: अल्पकालिक सहकारी साख संरचना के अंतर्गत जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (डीसीसीबी) एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वित्तीय वर्ष 2024–25 के नवीनतम अनंतिम आंकड़ों का विश्लेषण उत्तर प्रदेश में इन बैंकों के संतोषजनक प्रदर्शन और वित्तीय स्थिरता को प्रदर्शित करता है।

वित्तीय वर्ष 2024–25 के आंकड़े उत्तर प्रदेश के सभी 50 जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों में पूर्ण लाभप्रदता और 18,564 लाख रू. का संचयी लाभ दर्शाते हैं, जो कुशल परिचालन प्रबंधन का परिचायक है। 5.8 प्रतिशत का निम्न एनपीए और 81.2 प्रतिशत की उच्च वसूली दर राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन की पुष्टि करती है, जिससे बैंकों का नकदी प्रवाह और ऋण पुनर्चक्रण मजबूत हुआ है। तुलनात्मक रूप से, ये अल्पकालिक ऋण संस्थान राज्य–स्तरीय

दीर्घकालिक संस्थानों (एससीएआरडीबी) की अपेक्षा अधिक वित्तीय अनुशासन और बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता प्रदर्शित करते हैं। निष्कर्षतः, जिला स्तर पर प्रभावी ऋण मूल्यांकन ने इन बैंकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।

सारणी-5: उत्तर प्रदेश बनाम भारत: डीसीसीबी के प्रमुख वित्तीय संकेतक (2024-25)

क्षेत्र / मानक	डीसीसीबी की संख्या	लाभार्जन करने वाले बैंकों की संख्या	कुल लाभ (लाख रु.)	एनपीए अनुपात (%)	वसूली दर (%)
उत्तर प्रदेश	50	50	18,564	5.8%	81.2%
अखिल भारत	351	301	3,66,986	8.7%	76.4%

स्रोत: भारतीय रिज़र्व बैंक, 2024-25।

3.5. कृषि ऋण वसूली और मांग का विश्लेषण: नेशनल फेडरेशन ऑफ स्टेट कोऑपरेटिव बैंक्स लिमिटेड (नाफ्सकॉब) से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण उत्तर प्रदेश में सहकारी ऋणों की प्रकृति और उनकी केंद्रित प्रवृत्तियों को उजागर करता है।

सारणी-6: उत्तर प्रदेश में सहकारी बैंकों की ऋण वसूली का वर्गीकरण (लाख रु.)

ऋण श्रेणी	कृषि वसूली	गैर-कृषि वसूली	कुल वसूली
अल्पकालिक	4,62,006	29,640	4,91,646
मध्यम-कालिक	0	0	0
अन्य	-	-	498
कुल योग	**4,62,006**	**29,640**	**4,92,144**

स्रोत: नेशनल फेडरेशन ऑफ स्टेट कोऑपरेटिव बैंक्स लिमिटेड (नाफ्सकॉब), 2023-24।

उत्तर प्रदेश की सहकारी ऋण संरचना के विश्लेषण से स्पष्ट है कि यहाँ ऋण वसूली मुख्य रूप से अल्पकालिक कृषि ऋणों तक सीमित है, जो कुल वसूली का लगभग 94 प्रतिशत (4,62,006 लाख रुपये) है। गैर–कृषि वसूली का अत्यंत न्यून होना और मध्यम–कालिक ऋणों की वसूली का शून्य होना ग्रामीण साख विविधीकरण के अभाव को दर्शाता है। ऋण की मांग और वसूली का यह असंतुलित स्वरूप इंगित करता है कि ये बैंक केवल मौसमी फसल ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने तक सिमट गए हैं। यह स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में श्पूंजी निर्माणश और श्आर्थिक विविधीकरणश को बाधित करती है। सतत विकास हेतु इन बैंकों को पारंपरिक फसल ऋण प्रदाता की छवि से बाहर निकलकर एक बहुआयामी वित्तीय संस्थान के रूप में विकसित होना अनिवार्य है।

निष्कर्ष एवं सुझाव : प्रस्तुत शोध पत्र का विश्लेषण यह स्पष्ट करता है कि उत्तर प्रदेश में राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (एससीएआरडीबी) वर्तमान में एक गंभीर वित्तीय संक्रमण काल से गुजर रहे हैं। प्रमुख वित्तीय संकेतकों का अध्ययन करने पर प्राप्त निष्कर्ष यह दर्शाते हैं कि जहाँ शीर्ष स्तर पर श्राज्य सहकारी बैंकश (एसटीसीबी) लाभप्रदता और एनपीए प्रबंधन में सफल रहा है, वहीं दीर्घकालिक ऋण प्रदान करने वाले एससीएआरडीबी संरचनात्मक विफलता के कगार पर हैं। विश्लेषण के दौरान यह पाया गया कि उत्तर प्रदेश के एससीएआरडीबी में एनपीए का स्तर (76.2 प्रतिशत) राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुना है, जो ऋण मूल्यांकन और परिसंपत्ति प्रबंधन की प्रभावशीलता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। इसके अतिरिक्त, 27.7 प्रतिशत की अत्यंत न्यून वसूली दर यह सिद्ध करती है कि राज्य में दीर्घकालिक कृषि निवेश हेतु ऋण अनुशासन का अभाव है। यद्यपि 2018 के बाद लाभप्रदता के आंकड़ों में कृत्रिम सुधार देखा गया है, किंतु उच्च एनपीए के साथ इसकी असंगतता यह संकेत देती है कि यह सुधार वास्तविक परिचालन दक्षता के बजाय सरकारी पुनर्पूंजीकरण और बजटीय सहायता का परिणाम अधिक है।

उत्तर प्रदेश में कृषि ऋण के प्रवाह में सहकारी बैंकों की घटती बाजार हिस्सेदारी (जो राष्ट्रीय स्तर पर 18 प्रतिशत से गिरकर 9 प्रतिशत रह गई है) यह चेतावनी देती है कि इन संस्थानों को तत्काल तकनीकी और प्रशासनिक सुधारों की आवश्यकता है। पैक्स (पीएसीएस) के कंप्यूटरीकरण में देखी गई श्प्रारंभिक जड़ताश और निधियों का विलंबित उपयोग डिजिटल रूपांतरण की गति को बाधित कर रहा है। यदि इन बैंकों को ग्रामीण उत्तर प्रदेश की श्जीवन रेखाश के रूप में पुनर्जीवित करना है, तो अल्पकालिक जिला सहकारी बैंकों के सफल मॉडल को अपनाते हुए दीर्घकालिक ऋण तंत्र में भी कठोर वसूली प्रक्रिया, तकनीकी पारदर्शिता और व्यावसायिक प्रबंधन को अनिवार्य रूप से

लागू करना होगा। बिना इन मूलभूत परिवर्तनों के, वाणिज्यिक बैंकों की कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सहकारी साख संरचना की प्रासंगिकता बनाए रखना एक कठिन चुनौती होगी।

स्रोत एवं संदर्भः

1. Agarwal, S. (2019). Role of cooperative bank in rural credit. Remarking: An Analysation, 3(11), E-4–E-9.
2. Chaudhari, V. M., & Farmer, M. (2022). An empirical study of structure and performance of state co-operative agriculture and rural development banks and affiliated primary cooperative agriculture and rural development banks in India. Gujarat Journal of Extension Education, 33(1), 41–52. https://doi.org/10.56572/gjoee.2022.33.1.0010
3. Kanchan. (2016). Role of cooperative banks in agricultural finance: The case study of Punjab. International Education & Research Journal, 2(11).
4. Mishra, A. (2019). Banking reform and agriculture financing through banks in Uttar Pradesh. Contemporary Social Sciences, 28(1), 192–205.
5. Prasad, R. K., Rizvi, A. Z., Srivastava, N. K., & Kumar, S. (2020). Promoting business through co-operative marketing: An empirical study in Uttar Pradesh. International Journal of All Research Education and Scientific Methods (IJARESM), 8(12), 989–1008.
6. Rajesh, U., & Kalluraya, S. (2024). The role of credit co-operative institutions in agriculture: A review. TIJER - International Research Journal, 11(1), 280–286.
7. Sahni, M. (2019). Agriculture credit by cooperative bank in India: An analysis. International Journal of Engineering Development and Research (IJEDR).
8. Singh, A. (2020). Role of cooperative banks in agricultural development. International Advanced Research Journal in Science, Engineering and Technology (IARJSET), 7(6), 45–49. https://doi.org/10.17148/IARJSET.2020.7605
9. Soni, A. K., & Saluja, H. P. S. (2012). Role of cooperative bank in agricultural credit: A study based on Chhattisgarh. Abhinav National Monthly Refereed Journal of Research in Commerce & Management, 1(10), 106–112.
10. The Uttar Pradesh Agricultural Credit Act, 1973.
11. Uma Devi, R., & Govt, S. R. K. (2012). The role of credit co-operatives in the agricultural development of Andhra Pradesh, India. International Journal of Cooperative Studies, 1(2), 55–64.
12. Zaidi, S., & Tiwari, M. (2018). Agricultural credit issues and its growth in Uttar Pradesh. International Journal of Creative Research Thoughts (IJCRT).

=====

आलेख उद्धरित करें :	चौरसिया, वीरेन्द्र प्रताप (2026)। उत्तर प्रदेश में सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों के वित्तीय निष्पादन का विश्लेषणात्मक अध्ययन। बुंदेलखंड जर्नल ऑफ अकादमिक रिसर्च (बीजेएआर), वॉल्यूम–2, अंक–2, अप्रैल–जून, 2026, पृष्ठ 53–58। https://doi.org/10.5281/zenodo.21790001

Bundelkhand Journal of Academic Research

चित्रकूट जिले के गरीबी निवारण में सरकारी योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन

डॉ. गजेन्द्र सिंह 'मधुसूदन'[1], राम लखन[2]

1. **असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र),** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय कर्वी, चित्रकूट, उत्तर प्रदेश।
2. **शोधार्थी (एमए अर्थशास्त्र),** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय कर्वी, चित्रकूट, उत्तर प्रदेश।

(**Corresponding Author:** gajendrashodh1988@gmail.com)

https://doi.org/10.5281/zenodo.21790094

सारांश

चित्रकूट बुंदेलखंड का एक ऐसा जिला है जो भौगोलिक चुनौतियों के कारण आर्थिक रूप से पिछड़ा रहा है। नीति आयोग द्वारा इसे आकांक्षी जिला घोषित किया गया, जिसके बाद से यहाँ गरीबी निवारण और बुनियादी विकास के लिए सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी आई है। गरीबी वह स्थिति है जिसमें किसी व्यक्ति या समुदाय के पास जीवन निर्वाह का एक बुनियादी स्तर बनाए रखने के लिए पर्याप्त धन या संसाधन नहीं होते हैं। गरीबी निवारण या गरीबी उन्मूलन आर्थिक और मानवीय उपायों का एक समूह है, जिसका उद्देश्य लोगों को स्थायी रूप से गरीबी से बाहर निकालना है। गरीबी निवारण एक जटिल समस्या है जिसके लिए समंवित और बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। गरीबी उन्मूलन के लिये भारत 'क्रमिक दृष्टिकोण' अपना रहा है, जिसमें सामाजिक सुरक्षा, सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन और आजीविका संवर्धन को शामिल किया गया है। चूंकि वर्ष 2030 तक दुनिया से सभी लोगों के लिए चरम गरीबी का उन्मूलन सतत विकास लक्ष्यों का एक प्रमुख उद्देश्य है। इसलिए, प्रस्तुत शोध पत्र में यह जानने का प्रयास किया गया है कि क्या सरकारी योजनाओं ने चित्रकूट को 'गरीबी के टैग' से बाहर निकालने में कोई अहम भूमिका निभाई है और बुनियादी सुविधाओं के स्तर पर यहाँ की गरीबी को किस हद तक कम किया है। अतः प्रस्तुत शोध पत्र में चित्रकूट जिले के गरीबी निवारण में सरकारी योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन किया गया है।

आलेख सूचना			
प्राप्त: 20 मई, 2026	**स्वीकृत:** 30 मई, 2026	**प्रकाशित:** 30 जून, 2026
सारणी: 32	**चित्र एवं ग्राफ:** 00	**स्रोत एवं संदर्भ:** 19
मुख्य शब्द:	गरीबी निवारण, सामाजिक सुरक्षा, सशक्तिकरण, बुनियादी सुविधाएं, चित्रकूट।	

1. परिचय एवं पृष्ठभूमि : भारत में गरीबी उन्मूलन (गरीबी हटाओ) का आधिकारिक रूप से सूत्रपात पांचवीं पंचवर्षीय योजना (1974–79) के दौरान किया गया था। इस अवधारणा का मुख्य लक्ष्य आर्थिक न्याय सुनिश्चित करना और बुनियादी जरूरतों (न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम) को पूरा करना था। देश में तब से अब तक गरीबी निवारण के प्रयास अनवरत जारी हैं। हालांकि देश के कई क्षेत्रों में गरीबी अभी भी एक बडी चुनौती है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित बुंदेलखंड क्षेत्र का चित्रकूट जिला धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से जितना समृद्ध है, आर्थिक रूप से यह लंबे समय से उतनी ही गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। हालांकि, हाल के वर्षों में सरकारी योजनाओं के असर से यहाँ की गरीबी दर में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है। नीति आयोग द्वारा निर्गत बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार, चित्रकूट में गरीबी की स्थिति में सुधार तो हुआ है, लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह जिला काफी पिछड़ा रहा है। वर्ष 2015–16 (एनएफएचएस–4) में चित्रकूट की लगभग 52.86 प्रतिशत आबादी बहुआयामी रूप से गरीब थी। वर्ष 2019–21 (एनएफएचएस–5) के आंकड़ों के आधार पर जारी रिपोर्ट में इसमें 21.40 प्रतिशत अंकों की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस सुधार के बावजूद, चित्रकूटधाम मंडल और बुंदेलखंड क्षेत्र के अन्य जिलों की तुलना में चित्रकूट में गरीबी अनुपात अब भी काफी संवेदनशील श्रेणी में आता है। चित्रकूट में जिले की कुल आबादी का पांचवां हिस्सा अभी भी गरीबी के दलदल में जी रहा है।

चित्रकूट की गरीबी केवल मौद्रिक (आय की कमी) नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई भौगोलिक और सामाजिक कारण जिम्मेदार हैं। उदाहरण के लिए, चित्रकूट का बड़ा हिस्सा पठारी और पथरीला है। यहाँ कृषि योग्य भूमि सीमित है और मिट्टी की जलधारण क्षमता बहुत कम है। बुंदेलखंड का यह हिस्सा लंबे समय से सूखा प्रवण रहा है। सिंचाई के साधनों की कमी के कारण किसान साल में केवल एक ही मुख्य फसल ले पाते हैं, जिससे कृषि से होने वाली आय बेहद कम है। जिले में बड़े उद्योगों या निजी नौकरियों के अवसरों का अभाव है। जिले के लोग आजीविका के लिए पूरी तरह से खेती, वनोपज (जैसे तेंदूपत्ता, महुआ संग्रह) या मजदूरी आय पर निर्भर हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार न मिलने के कारण हर साल पुरुषों और युवाओं का एक बड़ा हिस्सा दिल्ली, मुंबई और सूरत जैसे महानगरों में मजदूरी के लिए पलायन करता है। चित्रकूट के मानिकपुर और पाठा जैसे सुदूर वन क्षेत्रों में कोल जैसी जनजातियां निवास करती हैं। इन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचों की पहुंच कठिन रही है।

1.1. गरीबी का आशयः गरीबी की अन्तर्राष्ट्रीय परिभाषा में समय के साथ परिवर्तन होते रहे हैं। अब यह आर्थिक अस्तित्व पर केंद्रित दृष्टिकोण से विवर्तित होकर बहुआयामी दृष्टिकोण की ओर अग्रसर हो चुकी है। विश्व बैंक प्रतिदिन 3.00 डॉलर (2021 की अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर समायोजित) की अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा (आईपीएल) का उपयोग करके अत्यधिक गरीबी को मापता है, जबकि संयुक्त राष्ट्र आय से परे जाकर स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक बहिष्कार को भी शामिल करता है। भारत में भी गरीबी की परिभाषा अब केवल भोजन तक सीमित नहीं है। पहले गरीबी में केवल 'कैलोरी (भोजन)' को आधार माना गया था (जैसे दांडेकर–रथ समिति, अलघ समिति, लकड़ावाला समिति)। अब गरीबी बहुआयामी (जैसे लकड़ावाला समिति, रंगराजन समिति) हो गई है। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल और जीवन स्तर को भी शामिल किया गया है। उदाहरण के लिए, संयुक्त राष्ट्र और नीति आयोग बहुआयामी गरीबी सूचकांक का उपयोग करते हैं। निरपेक्ष गरीबी का अर्थ बुनियादी जरूरतों का अभाव है, जबकि सापेक्ष गरीबी समाज के औसत आय स्तर की तुलना में मापी जाती है।

ऐतिहासिक रूप से गरीबी की अवधारणा मुख्य रूप से एक स्थानीय या राष्ट्रीय चिंता का विषय थी। लेकिन 1990 के दशक में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने पहला मानकीकृत वैश्विक मानदंड बनाया, जिसे व्यापक रूप से 'डॉलर–प्रतिदिन' रेखा के रूप में स्थापित किया गया है। गरीबी का यह निरपेक्ष माप दुनिया के सबसे गरीब देशों की क्रय शक्ति के आधार पर भोजन, वस्त्र और आश्रय जैसी न्यूनतम जीवनयापन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक औसत सीमा को दर्शाता है। हालांकि इस औसत सीमा में समय समय पर आवधिक मौद्रिक समायोजन भी किए गए हैं। जैसे–जैसे मुद्रास्फीति और वैश्विक जीवनयापन की लागत बढ़ी, इस आधारभूत रेखा को इसके वास्तविक मूल्य को बनाए रखने के लिए समय–समय पर संशोधित करने की आवश्यकता पड़ी है। उदाहरण के लिए वर्ष 2008 में अन्तर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा को 1 डॉलर प्रतिदिन से बढ़ाकर 1.25 डॉलर प्रतिदिन कर दिया गया। वर्ष 2015 में विकासशील देशों में अद्यतन मूल्य आंकड़ों को दर्शाने के लिए (2011 की क्रय शक्ति समता (पीपीपी) का उपयोग करते हुए) इसे बढ़ाकर 1.90 डॉलर प्रतिदिन कर दिया गया। वर्ष 2022 में इसको समायोजित करके 2.15 डॉलर प्रतिदिन (2017 पीपीपी) कर दिया गया। जून 2025 में विश्व बैंक ने वैश्विक स्तर पर बुनियादी आवश्यकताओं की लागत को अधिक सटीक रूप से दर्शाने के लिए चरम गरीबी की सीमा को बढ़ाकर 3.00 डॉलर प्रतिदिन कर दिया। यह बदलाव 2021 के पीपीपी का इस्तेमाल करता है ताकि दुनिया भर में भोजन, आवास और अन्य बुनियादी जरूरतों की बढ़ती लागत को सही ढंग से दिखाया जा सके। भारतीय मुद्रा में यह लगभग 250 रुपए प्रतिदिन से कम कमाने वाले लोगों की स्थिति को दर्शाता है।

1.2. गरीबी निवारण हेतु सरकारी योजनाएंः भारत में गरीबी कम करने वाली सरकारी योजनाओं को मजदूरी उपलब्ध कराने, स्वरोजगार पैदा करने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी जरूरतों के आधार पर बांटा जा सकता है। इसके लिए भारत सरकार द्वारा गरीबी निवारण हेतु कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जो रोजगार सृजन, आवास, खाद्य सुरक्षा और वित्तीय समावेशन पर केंद्रित हैं, इनमें से प्रस्तुत शोध में शामिल योजनाएं निम्न प्रकार हैं:

1.2.1. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना ग्रामीण परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों के गारंटीकृत मजदूरी रोजगार की सुविधा प्रदान करती है।

1.2.2. दीनदयाल अंत्योदय योजनाय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई–एनआरएलएम) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से स्थायी आजीविका और कौशल प्रदान किया जाता है।

1.2.3. प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत ग्रामीण (पीएमएवाई–जी) और शहरी (पीएमएवाई–यू) क्षेत्रों के कमजोर वर्गों के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को पक्के घर बनाए जाते हैं।

1.2.4. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के माध्यम से सभी पात्र परिवारों को मुफ्त खाद्यान्न (अनाज) प्रदान किया जाता है, ताकि उन्हें खाद्य सुरक्षा मिल सके।

1.2.5. **प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई)** गरीबों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने के लिए वित्तीय समावेशन योजना है, जिसके तहत जीरो बैलेंस पर बैंक खाता खोल दिए जाते हैं। यह बैंकिंग, बीमा और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) तक पहुंच सुनिश्चित करके वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देती है।

1.2.6. **दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू–जीकेवाई)** के तहत ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण द्वारा व्यवसाय और रोजगार के अवसर प्रदान किए जाते हैं।

1.2.7. **प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई)** भारत सरकार की एक प्रमुख कौशल विकास योजना है, जिसका लक्ष्य युवाओं को मुफ्त, उद्योग–प्रासंगिक प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करके रोजगार योग्य बनाना है। यह रोजगार क्षमता में सुधार के लिए कौशल प्रशिक्षण और प्रमाणन पर ध्यान केंद्रित करती है।

1.2.8. **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई)** के तहत गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) वाले परिवारों की महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करती है।

1.2.9. **राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी)** के तहत विधवाओं, बुजुर्गों और विकलांग व्यक्तियों को सामाजिक पेंशन प्रदान किया जाता है।

1.2.10. **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम–किसान)** केंद्र सरकार की एक कल्याणकारी योजना है, जिसके तहत पात्र किसानों को हर साल 6000 रुपए की वित्तीय सहायता तीन समान किस्तों में (प्रत्येक 2000 रुपए) सीधे उनके बैंक खाते में दी जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य देश के सभी भूमि–धारक किसान परिवारों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करना है।

1.3. **शोध के उद्देश्यः** प्रस्तुत शोध के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया गया है कि क्या चित्रकूट के अंतिम छोर अथवा हाशिए के परिवारों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है? यदि मिल रहा है तो लाभार्थियों की आय और जीवन–स्तर में कितना सुधार हुआ है? इसलिए प्रस्तुत शोध के प्रमुख उद्देश्य निम्न प्रकार हैं रू

1. चित्रकूट जिले में संचालित गरीबी निवारण योजनाओं के प्रभाव का आकलन करना।
2. गरीबी निवारण योजनाओं के सामाजिक प्रभाव का आकलन करना।
3. गरीबी निवारण योजनाओं के आर्थिक प्रभाव का आकलन करना।
4. लक्षित परिवारों पर योजनाओं के प्रभाव का आकलन करना।

2. साहित्य की समीक्षाः साहित्य समीक्षा किसी विशेष शोध विषय पर पहले से प्रकाशित पुस्तकों, लेखों और शोध–पत्रों का आलोचनात्मक विश्लेषण है। इसका उद्देश्य स्रोतों का सारांश देना, उनके निष्कर्षों का मूल्यांकन करना और वर्तमान शोध में मौजूद अंतरालों की पहचान करके अपने वर्तमान शोध के लिए आधार तैयार करना है। यह प्रक्रिया प्रस्तावित शोध को प्रामाणिकता प्रदान कर यह सुनिश्चित करती है कि प्रस्तावित शोध कार्य पहले से किए गए अध्ययनों का दोहराव न हो।

बुंदेलखंड क्षेत्र में हालिया वर्षों में किए गए शोध अध्ययन बताते हैं कि 'हर घर नल योजना' के तहत चित्रकूट के ग्रामीण व पहाड़ी इलाकों में पीने का साफ पानी पहुंचने से महिलाओं के श्रम और समय की बचत हुई है, जिससे वे अन्य आजीविका गतिविधियों में जुड़ सकी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को छोटे–मोटे गृह उद्योग (जैसे दोना–पत्तल बनाना, डेयरी, सिलाई) से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया गया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के निर्माण और धार्मिक पर्यटन के विकास से चित्रकूट के शहरी और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों और स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन (शौचालय) और मुफ्त राशन वितरण ने परिवारों के जीवन स्तर के अभावों को सीधे तौर पर कम किया है।

शोध अध्ययन बताते हैं कि चित्रकूट, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र का एक हिस्सा है, जो लंबे समय से सूखे, पथरीली भूमि और ढांचागत पिछड़ेपन से जूझता रहा है। बुंदेलखंड में ग्रामीण आजीविका पर अपने अध्ययन में उन्होंने रेखांकित किया कि लगातार पड़ने वाले सूखे और कृषि की वर्षा पर निर्भरता ने यहाँ की ग्रामीण आबादी की आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। यहाँ गरीबी उन्मूलन के लिए केवल वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन और कौशल विकास की दीर्घकालिक योजनाओं की आवश्यकता है (पुरूषोत्तम एवं सारंगा पाणि, 2016)।

नीति आयोग की बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार, चित्रकूट उत्तर प्रदेश के उन जिलों में से एक है जहाँ बहुआयामी गरीबी (स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर) की दर ऐतिहासिक रूप से उच्च रही है, हालांकि हाल के वर्षों में सरकारी योजनाओं के सघन क्रियान्वयन से इस दर में काफी तेजी से गिरावट दर्ज की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी निवारण के लिए रोजगार गारंटी और कौशल विकास योजनाओं को सबसे प्रभावी माध्यम माना गया है।

शोधकर्ताओं (जैसे जेईटीआईआर, 2022) के अनुसार, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) ने चित्रकूट जैसे पिछड़े जिलों में संकटकालीन समय (विशेष रूप से कोरोना महामारी और सूखे के दौर) में ग्रामीण परिवारों के लिए एक सुरक्षा कवच के रूप में काम किया। यह योजना सीधे तौर पर ग्रामीण परिवारों के उपभोग स्तर को बढ़ाने और पलायन को रोकने में आंशिक रूप से सफल रही है। हालांकि, कई अध्ययनों में प्रशासनिक शिथिलता और समय पर भुगतान न होने जैसी बाधाओं को भी रेखांकित किया गया है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन पर हुए कुछ शोध अध्ययनों से पता चलता है कि महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर वित्तीय साक्षरता और लघु उद्यमों के लिए सूक्ष्म वित्तीयन प्रदान करने से महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ी है। चित्रकूट के संदर्भ में, स्वयं सहायता समूहों ने महिला सशक्तिकरण और घरेलू गरीबी को कम करने में सकारात्मक भूमिका निभाई है। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शोध पत्रों (जैसे कौशल विकास व ग्रामीण कल्याण अध्ययन) में पाया गया कि उज्ज्वला योजना ने गरीब और बीपीएल परिवारों की महिलाओं को धुएं से मुक्ति देकर उनके स्वास्थ्य में सुधार किया है। हालांकि, समीक्षा यह भी दर्शाती है कि गरीबी के कारण कई परिवार सिलेंडर को दोबारा भरवाने में असमर्थ रहते हैं, जिससे इसके पूर्ण लाभ में कमी आती है।

प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और वित्तीय समावेशन के संबंध में शोधकर्ताओं (गुलिया, 2025 व अन्य) ने पाया कि डीबीटी (जैसे पीएम–किसान, छात्रवृत्ति और पेंशन) के कारण सरकारी योजनाओं में होने वाले भ्रष्टाचार और 'लीकेज' में भारी गिरावट आई है, जिससे वास्तविक गरीबों तक सीधे पैसा पहुँच रहा है। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर बैंकिंग बुनियादी ढांचा और डिजिटल साक्षरता की कमी अभी भी एक बड़ी चुनौती है। कुछ शोध अध्ययनों से पता चलता है कि चित्रकूट में हो रहे हालिया बदलावों और पर्यटन आधारित विकास का गरीबी उन्मूलन पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। चित्रकूट को 'डिफेंस कॉरिडोर' और एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी से जोड़ने के साथ–साथ पर्यटन क्षेत्र में निवेश से स्थानीय रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। धार्मिक और पारिस्थितिक पर्यटन के विकास से यहाँ के हस्तशिल्पकारों, छोटे दुकानदारों और स्थानीय सेवा प्रदाताओं की आय में सुधार हुआ है।

2.1. शोध अंतरालः किसी विषय पर शोध करते समय अनुसंधान अंतराल को पहचानना सबसे महत्वपूर्ण चरण है। यह वह क्षेत्र है जहाँ मौजूदा अध्ययनों में कमी रह गई है और प्रस्तावित शोध उन कमियों को पूरा करके एक नया दृष्टिकोण प्रदान करेगा। इस संदर्भ में ज्यादातर शोध केवल एकल योजनाओं (जैसे केवल मनरेगा, केवल उज्ज्वला, या केवल जनधन योजना) के व्यक्तिगत प्रभावों का मूल्यांकन करते हैं। लेकिन योजनाओं के मिश्रित प्रभाव पर शोध की कमी है कि जब एक ही गरीब परिवार को एक साथ कई योजनाएं (जैसे पीएम आवास + शौचालय + उज्ज्वला + जल जीवन मिशन + राशन) मिलती हैं, तो उसका संचयी या संयुक्त प्रभाव गरीबी रेखा से बाहर निकालने में कितना कारगर होता है।

अधिकांश अध्ययनों में प्राथमिक आंकड़े उन गांवों या ब्लॉक मुख्यालयों से एकत्र किया जाता है जो सड़क मार्ग से सुगम हैं। जबकि चित्रकूट के वन–क्षेत्रीय, दुर्गम और पथरीले इलाकों (विशेष रूप से पाठा क्षेत्र और सुदूर कोल/आदिवासी बहुल मजरे) में कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी पहुंच और प्रभाव का कोई विशिष्ट तुलनात्मक डेटा उपलब्ध नहीं है। मुख्यधारा के गांवों बनाम सुदूर गांवों के बीच योजनाओं के प्रभाव की विषमता पर भी शोध की आवश्यकता है।

अधिकांश अध्ययन गरीबी निवारण को केवल 'तात्कालिक उपभोग' या राहत के चश्मे से देखते हैं (जैसे मुफ्त राशन मिलने से भोजन की सुरक्षा)। लेकिन क्या ये सरकारी योजनाएं चित्रकूट के गरीबों को दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता प्रदान कर रही हैं, या वे केवल सरकारी सहायता पर ही निर्भर बने हुए हैं? मनरेगा और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी योजनाएं ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को ऐसा कौशल प्रदान करने में कितनी सफल रहीं कि वे योजना बंद होने के बाद भी स्वयं कमा सकें? इस प्रकार के 'कौशल–आजीविका संबंध' पर बहुत कम शोध हुआ है।

महिला स्वयं सहायता समूहों के गठन और उनकी वित्तीय पहुंच पर सांख्यिकीय अध्ययन उपलब्ध हैं। चित्रकूट जैसे पारंपरिक और पितृसत्तात्मक समाज वाले जिले में, महिलाओं के नाम पर मिलने वाले वित्तीय लाभ (जैसे स्वयं सहायता समूह का ऋण, पीएम आवास का मालिकाना हक) पर वास्तव में किसका नियंत्रण है? क्या योजनाएं महिलाओं को निर्णय लेने की वास्तविक शक्ति दे पा रही हैं या वे केवल कागजों पर लाभार्थी हैं? महिलाओं की शिक्षा और कौशल विकास की राह में आने वाले सामाजिक अवरोधों और योजनाओं के क्रियान्वयन के बीच की खाई पर गहरा गुणात्मक शोध उपलब्ध नहीं है।

3. अनुसंधान पद्धतिः उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में स्थित चित्रकूट जिला भौगोलिक रूप से पथरीला, सूखा प्रवण और सामाजिक–आर्थिक रूप से पिछड़ा क्षेत्र माना जाता है। यहाँ गरीबी निवारण में सरकारी योजनाओं (जैसे मनरेगा,

पीएम आवास, एनआरएलएम आदि) के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक बहु–आयामी शोध पद्धति निम्नानुसार हैरू

3.1. शोध डिजाइनः चित्रकूट जिले में गरीबी निवारण योजनाओं के प्रभाव के अध्ययन के लिए 'मिश्रित शोध पद्धति' सबसे उपयुक्त है। इससे योजनाओं के मात्रात्मक और गुणात्मक बदलाव दोनों का सटीक मूल्यांकन करने का प्रयास किया गया है।

3.2. शोध की आवश्यकताः प्रस्तुत अध्ययन योजनाओं की जमीनी हकीकत समझने, वित्तीय संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने और नीति निर्माण में सुधार के लिए आवश्यक है ताकि बुंदेलखंड के पिछड़े क्षेत्र चित्रकूट से गरीबी को उन्मूलित और पलायन को रोका जा सके। यह क्षेत्र जल संकट और कृषि की उच्च संवेदनशीलता से जूझ रहा है। यह अध्ययन स्पष्ट करता है कि सरकारी योजनाओं (जैसे मनरेगा, पीएम आवास योजना) का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्तियों, विशेषकर सीमांत समूहों तक पहुँच रहा है या नहीं। अकांक्षी जिला होने के कारण जिले के विकास के लिए भारी बजट आवंटित होता है। अध्ययन यह जानने में मदद करता है कि बजट का सही उपयोग अथवा सदुपयोग हो रहा है या नहीं। चूंकि हर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति अलग होती है, इसलिए यह अध्ययन स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल नीतियां बनाने में मदद कर सकता है। उदाहरण के लिए, चित्रकूट में केवल कृषि आधारित योजनाओं के बजाय जल प्रबंधन और सूक्ष्म उद्यमों (जैसे पशुपालन) को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिसका सही मार्गदर्शन ऐसे अध्ययनों से मिलता है।

3.3. लक्षित जनसंख्याः चित्रकूट जिले में गरीबी निवारण योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए लक्षित जनसंख्या का चयन शोध के उद्देश्यों और भौगोलिक क्षेत्र पर निर्भर है। अध्ययन में गरीबी रेखा से नीचे जीवन व्यतीत करने वाले या फिर गरीबी निवारक सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्तकर्ता दोंनों को शामिल किया गया है। अध्ययन में जिले के ग्रामीण और शहरी परिवार दोनों शामिल हैं।

3.4. नमूना आकारः जिले के 3 विकास खंडों को शोध में शामिल किया गया, जिनमें से कुल 70 उत्तरदाताओं की प्रतिक्रियाओं को विश्लेषण में शामिल किया गया है। उत्तरदाताओं के नमूने में ऐसे गरीब परिवारों को शामिल किया गया है, जो कम से कम 3 अथवा 3 से अधिक योजनाओं के लाभार्थी हैं।

3.5. नमूना तकनीकः खुले प्रश्नों वाली एक संरचित प्रश्नावली तैयार की गई है, जिसमें जनसांख्यिकी, भूमि स्वामित्व, आय के स्रोत, प्राप्त योजनाओं के लाभ और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पर प्रश्न शामिल किए गए हैं। इसके अलावा समूह केंद्रित चर्चा भी की गई है। शोध को सटीक बनाने के लिए जिले के विभिन्न विकास खंडों से स्तरीकृत यादृच्छिक प्रतिचयन विधि का उपयोग करके उत्तरदाताओं का चयन किया गया है।

3.6. अध्ययन का क्षेत्रः उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित बुंदेलखंड क्षेत्र का चित्रकूट जिला धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से जितना समृद्ध है, आर्थिक रूप से यह लंबे समय से उतनी ही गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। चित्रकूट की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि, धार्मिक पर्यटन और हस्तशिल्प पर निर्भर है। जिले का मुख्य आधार कृषि है। जिले के करीब 70 प्रतिशत किसान सीमांत श्रेणी के हैं, और मुख्य फसलें चावल, गेहूं, चना और मसूर हैं। हालाँकि, अनियमित मानसून और सूखे के कारण कृषि आय सीमित है। इसके बावजूद, सरकारी योजनाओं के असर से यहाँ की गरीबी दर में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है। नीति आयोग द्वारा जारी राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार, चित्रकूट में गरीबी की स्थिति में सुधार तो हुआ है, लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह जिला काफी पिछड़ा रहा है। इसलिए प्रस्तुत अध्ययन में चित्रकूट जिले के 3 विकासखंडों को शोध में शामिल किया गया।

4. आंकड़ों का विश्लेषण एवं निर्वचनः प्राथमिक आँकड़ों का विश्लेषण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा प्रश्नावली, साक्षात्कार, अवलोकन आदि से प्राप्त जानकारी को व्यवस्थित करके उसके आधार पर निष्कर्ष निकाले जाते हैं। प्रस्तुत विश्लेषण का उद्देश्य यह बताना है कि एकत्रित आँकड़े शोध के उद्देश्यों को किस प्रकार स्पष्ट करते हैं। किसी व्यक्ति का दृष्टिकोण उसकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति एवं पर्यावरण से प्रभावित होता है। सभी समूहों की किसी योजना के प्रति राय समान नहीं हो सकती। लिंग, आयु, जाति, धार्मिक विश्वास, सस्कृति, शिक्षा आदि चिंतन एवं शोध के स्तर पर प्रभाव डालते हैं। उत्तरदाता जिस सामाजिक–आर्थिक संदर्भ समूह में रह रहे होते हैं, उसका प्रभाव उनकी प्रतिक्रया पर भी पड़ता है।

सारणी–1 में सरकारी योजनाओं के 70 लाभार्थियों की सामाजिक पृष्ठभूमि का विवरण लिंग, जाति, समुदाय और शैक्षिक स्थिति के आधार पर प्रस्तुत किया गया है। सारणी के अनुसार कुल 70 उत्तरदाताओं में 51.43 प्रतिशत महिलाएँ तथा 48.57 प्रतिशत पुरुष हैं। स्पष्ट है कि अध्ययन में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की अपेक्षा थोड़ी अधिक है। जाति के आधार पर अनुसूचित जाति के 42.86 प्रतिशत उत्तरदाता सर्वाधिक हैं। इसके बाद अन्य पिछड़ा वर्ग के 34.29 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग के 22.86 प्रतिशत उत्तरदाता हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अपेक्षाकृत अधिक अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों तक पहुँचा है।

धर्म के आधार पर 72.86 प्रतिशत उत्तरदाता हिन्दू तथा 27.14 प्रतिशत उत्तरदाता मुस्लिम एवं अन्य धर्मों से संबंधित हैं। इससे स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में हिन्दू लाभार्थियों का अनुपात अधिक है। शैक्षिक स्तर के अनुसार 34.29 प्रतिशत उत्तरदाता अशिक्षित हैं, जो सर्वाधिक है। इसके बाद 30.00 प्रतिशत प्राथमिक शिक्षित, 25.71 प्रतिशत माध्यमिक शिक्षित तथा 10.00 प्रतिशत उच्च शिक्षित हैं। इससे स्पष्ट होता है कि अधिकांश लाभार्थी निम्न शैक्षिक स्तर से संबंधित हैं तथा उच्च शिक्षित लाभार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम है।

सारणी–1 के आधार पर यह कहा जा सकता है कि अध्ययन में महिलाओं की भागीदारी थोड़ी अधिक है। लाभार्थियों में अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रभुत्व दिखाई देता है।

सारणी-1: सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की सामाजिक पृष्ठभूमि का विवरण

सामाजिक पृष्ठभूमि	वर्गीकरण	आवृत्ति	प्रतिशत
लैंगिक संरचना	पुरुष	34	48.57
	महिला	36	51.43
जाति संरचना	सामान्य वर्ग	16	22.86
	अन्य पिछड़ा वर्ग	24	34.29
	अनुसूचित जाति	30	42.86
धार्मिक संरचना	हिन्दू	51	72.86
	मुस्लिम व अन्य	19	27.14
शैक्षिक स्थिति	अशिक्षित	24	34.29
	प्राथमिक शिक्षित	21	30.00
	माध्यमिक शिक्षित	18	25.71
	उच्च शिक्षित	07	10.00
	कुल उत्तरदाता	**70**	**100**

अधिकांश उत्तरदाता हिन्दू धर्म के हैं, जबकि शैक्षिक दृष्टि से अशिक्षित एवं प्राथमिक शिक्षित लाभार्थियों की संख्या अधिक है। इससे संकेत मिलता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ मुख्यतः सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से अपेक्षाकृत वंचित वर्गों तक पहुँच रहा है।

4.1. गरीबी निवारक योजनाओं का योजना आधारित प्रभाव : गरीबी निवारण में विभिन्न सरकारी योजनाओं के योजना आधारित प्रभाव का आकलन सारणी–2 से 9 तक प्रस्तुत किया गया है, जिनके तहत सरकारी योजनाओं के प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं की राय का विश्लेषण किया गया है।

सारणी–2 में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत प्राप्त निःशुल्क खाद्यान्न से परिवार में खाद्य सुरक्षा की समस्या कम होने के संबंध में उत्तरदाताओं की राय प्रस्तुत की गई है। कुल 70 उत्तरदाताओं में से 48.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि योजना से मिलने वाले मुफ्त अनाज के कारण उनके परिवार में खाद्य सुरक्षा की समस्या कम हुई है। इसके विपरीत 35.71 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने खाद्य सुरक्षा की समस्या कम होना स्वीकार नहीं किया, जबकि 15.71 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अनिश्चित प्रतिक्रया दी है। इससे स्पष्ट होता है कि लगभग आधे उत्तरदाताओं ने योजना को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में लाभकारी माना है। हालांकि, एक उल्लेखनीय हिस्सा इसके प्रभाव को स्वीकार नहीं किया तथा कुछ उत्तरदाता निश्चित राय व्यक्त नहीं कर सके। इससे निष्कर्ष निकलता है कि योजना का प्रभाव सकारात्मक रहा है, लेकिन इसका लाभ सभी परिवारों तक समान रूप से नहीं पहुँच पाया।

सारणी-2: प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का प्रभाव

योजना के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से मिले मुफ्त अनाज से परिवार में भुखमरी की समस्या दूर हुई है?	हां	34	48.57
	नहीं	25	35.71
	अनिश्चित	11	15.71
	कुल योग	70	100

सारणी-3: प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रभाव

योजना के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिलने से परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा में बदलाव आया है?	हां	30	42.86
	नहीं	28	40.00
	अनिश्चित	12	17.14
	कुल योग	70	100

सारणी–3 में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का मकान प्राप्त होने से परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा में आए परिवर्तन के संबंध में उत्तरदाताओं की राय दर्शायी गई है। कुल उत्तरदाताओं में से 42.86 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि पक्का मकान मिलने से उनके परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है। वहीं 40.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि योजना से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कोई विशेष परिवर्तन नहीं आया। इसके अतिरिक्त 17.14 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। इससे स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का सामाजिक प्रतिष्ठा पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलता है। हालांकि, लगभग समान अनुपात में उत्तरदाताओं ने इसका प्रभाव अनुभव नहीं किया। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि योजना ने अनेक परिवारों के सामाजिक सम्मान में वृद्धि की है, किन्तु इसका प्रभाव सभी लाभार्थियों में समान रूप से परिलक्षित नहीं हुआ।

सारणी–4 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रसोई गैस (एलपीजी) उपलब्ध होने से महिलाओं के स्वास्थ्य और जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं की राय प्रस्तुत की गई है। कुल उत्तरदाताओं में से

42.86 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि उज्ज्वला योजना से उन्हें सकारात्मक लाभ प्राप्त हुआ तथा महिलाओं के स्वास्थ्य एवं जीवन स्तर में सुधार हुआ। इसके विपरीत 37.14 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि योजना का कोई विशेष सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा। वहीं 20.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। इससे स्पष्ट होता है कि सर्वाधिक (42.86 प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने उज्ज्वला योजना के सकारात्मक प्रभाव को स्वीकार किया है। इससे यह संकेत मिलता है कि स्वच्छ ईंधन के उपयोग से धुएँ के संपर्क में कमी आई, जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य तथा घरेलू जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ। हालांकि, पर्याप्त संख्या में उत्तरदाताओं ने इसके प्रभाव को अनुभव नहीं किया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि योजना का लाभ सभी लाभार्थियों तक समान रूप से नहीं पहुँच पाया है।

सारणी-4: प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना योजना का प्रभाव

योजना के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या उज्ज्वला योजना में रसोई गैस मिलने से महिलाओं के स्वास्थ्य और समय की बचत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है?	हां	30	42.86
	नहीं	26	37.14
	अनिश्चित	14	20.00
	कुल योग	70	100

सारणी-5: राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम का प्रभाव

योजना के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या एनएसएपी (वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग) के माध्यम से लाभार्थियों को बुढ़ापे में संबल मिला है?	हां	33	47.14
	नहीं	27	38.57
	अनिश्चित	10	14.29
	कुल योग	70	100

सारणी–5 में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन) के माध्यम से लाभार्थियों को सामाजिक एवं आर्थिक संबल मिलने के संबंध में उत्तरदाताओं की राय प्रस्तुत की गई है। कुल उत्तरदाताओं में से 47.14 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि कार्यक्रम से उन्हें वृद्धावस्था, विधवा अथवा दिव्यांगता की स्थिति में आवश्यक सहायता प्राप्त हुई। इसके विपरीत 38.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि उन्हें अपेक्षित सहायता नहीं मिली, जबकि 14.29 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। इससे स्पष्ट होता है कि राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम का प्रभाव अधिकांश उत्तरदाताओं के लिए सकारात्मक रहा है। लगभग आधे उत्तरदाताओं ने माना कि योजना ने आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फिर भी, एक उल्लेखनीय प्रतिशत ने योजना के प्रभाव को नकारा है, जिससे यह संकेत मिलता है कि योजना के क्रियान्वयन, लाभ वितरण अथवा पहुँच में कुछ व्यावहारिक चुनौतियाँ विद्यमान हैं।

इस तरह यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम दोनों का लाभार्थियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। यद्यपि अधिकांश उत्तरदाताओं ने इन योजनाओं के लाभों को स्वीकार किया है, फिर भी कुछ उत्तरदाताओं ने अपेक्षित लाभ न मिलने अथवा प्रभाव स्पष्ट न होने की बात कही है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि योजनाओं की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए उनके क्रियान्वयन, जागरूकता तथा लाभ वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है।

सारणी-6: महात्मा गांधी नरेगा का प्रभाव

योजना के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या मनरेगा के तहत रोजगार मिलने से लाभार्थियों परिवारों की बुनियादी जरूरतें पूरी हो पाती हैं?	हां	31	44.29
	नहीं	26	37.14
	अनिश्चित	13	18.57
	कुल योग	70	100

सारणी-7: राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का प्रभाव

योजना के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद महिलाओं की वित्तीय आत्मनिर्भरता में सुधार हुआ है?	हां	31	44.29
	नहीं	30	42.86
	अनिश्चित	09	12.86
	कुल योग	70	100

सारणी–6 में मनरेगा के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध होने से लाभार्थी परिवारों की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति पर पड़े प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं की राय प्रस्तुत की गई है। कुल उत्तरदाताओं में से 44.29 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि मनरेगा के माध्यम से रोजगार मिलने से उनके परिवार की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता मिली। इसके विपरीत 37.14 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि योजना से उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा। वहीं 18.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। इससे स्पष्ट होता है कि मनरेगा का लाभार्थियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, क्योंकि सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने रोजगार उपलब्ध होने से परिवार की आर्थिक स्थिति एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में सुधार होने की पुष्टि की है। हालांकि, एक उल्लेखनीय संख्या ने योजना के अपेक्षित लाभ से असहमति व्यक्त की है, जिससे यह संकेत मिलता है कि योजना का प्रभाव सभी लाभार्थियों पर समान रूप से नहीं पड़ा है।

सारणी–7 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ने के बाद महिलाओं की वित्तीय आत्मनिर्भरता में सुधार के संबंध में उत्तरदाताओं की राय प्रस्तुत की गई है। कुल उत्तरदाताओं में से 44.29 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि मिशन से जुड़ने के बाद महिलाओं की वित्तीय आत्मनिर्भरता में सुधार हुआ है।

इसके विपरीत 42.86 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि उन्हें इस प्रकार का कोई विशेष सुधार अनुभव नहीं हुआ। जबकि 12.86 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। इससे स्पष्ट होता है कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण पर सकारात्मक प्रभाव दिखाई देता है, क्योंकि सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि, 'हाँ' और 'नहीं' के उत्तरों में बहुत कम अंतर है, जिससे यह संकेत मिलता है कि योजना का प्रभाव मिश्रित रहा है। यह स्थिति दर्शाती है कि जहाँ कुछ महिलाओं को स्वरोजगार, स्वयं सहायता समूहों एवं वित्तीय गतिविधियों से लाभ मिला, वहीं कुछ लाभार्थियों तक इसका अपेक्षित प्रभाव पूरी तरह नहीं पहुँच पाया है।

इस तरह यह कहा जा सकता है कि मनरेगा तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन दोनों का लाभार्थियों के सामाजिक एवं आर्थिक जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। मनरेगा ने रोजगार उपलब्ध कराकर परिवारों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में योगदान दिया, जबकि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने महिलाओं की वित्तीय आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फिर भी, पर्याप्त संख्या में उत्तरदाताओं द्वारा नकारात्मक अथवा अनिश्चित राय व्यक्त किए जाने से यह स्पष्ट होता है कि इन योजनाओं के प्रभाव को व्यापक एवं प्रभावी बनाने के लिए उनके क्रियान्वयन, जागरूकता तथा लाभों की पहुँच में सुधार की आवश्यकता है।

सारणी-8: पीएम किसान सम्मान निधि का प्रभाव

योजना के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या पीएम किसान सम्मान निधि से मिलने वाली राशि के उपयोग से आर्थिक स्तर में सुधार हुआ है?	हां	30	42.86
	नहीं	27	38.57
	अनिश्चित	13	18.57
	कुल योग	70	100

सारणी-9: सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रभाव

योजना के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सार्वजनिक वितरण प्रणाली ने चित्रकूट के गरीब परिवारों में खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित किया है?	हां	40	57.14
	नहीं	19	27.14
	अनिश्चित	11	15.71
	कुल योग	70	100

सारणी–8 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत प्राप्त आर्थिक सहायता का लाभार्थियों की आर्थिक स्थिति पर पड़े प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं की राय प्रस्तुत की गई है। कुल उत्तरदाताओं में से 42.86 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि पीएम–किसान योजना से प्राप्त राशि के उपयोग से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। इसके विपरीत 38.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि योजना से उनकी आर्थिक स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। वहीं 18.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। इससे स्पष्ट है कि सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने योजना को आर्थिक सहायता प्रदान करने में उपयोगी माना है। योजना से प्राप्त राशि ने किसानों की कृषि संबंधी आवश्यकताओं तथा दैनिक खर्चों की पूर्ति में कुछ हद तक सहायता की है। हालांकि, 'हाँ' और 'नहीं' के उत्तरों के बीच कम अंतर यह दर्शाता है कि योजना का प्रभाव सभी लाभार्थियों के लिए समान रूप से संतोषजनक नहीं रहा। अतः योजना की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए सहायता राशि एवं उसके समयबद्ध वितरण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

सारणी–9 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होने के संबंध में उत्तरदाताओं की राय प्रस्तुत की गई है। कुल उत्तरदाताओं में से 57.14 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली ने उनके परिवार की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके विपरीत 27.14 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि योजना से उन्हें अपेक्षित लाभ नहीं मिला, जबकि 15.71 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अनिश्चित प्रतिक्रिया दी है। इससे स्पष्ट होता है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रभाव अन्य योजनाओं की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक सकारात्मक रहा है, क्योंकि आधे से अधिक उत्तरदाताओं ने इसके पक्ष में राय व्यक्त की है। इससे यह संकेत मिलता है कि रियायती दरों पर खाद्यान्न की उपलब्धता ने गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा उनकी आर्थिक कठिनाइयों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फिर भी, कुछ उत्तरदाताओं द्वारा असंतोष व्यक्त किया जाना यह दर्शाता है कि योजना के क्रियान्वयन एवं वितरण व्यवस्था में अभी भी सुधार की आवश्यकता है।

इस तरह यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली दोनों ने लाभार्थियों के आर्थिक एवं सामाजिक जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। पीएम–किसान योजना ने किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता प्रदान कर उनकी वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने में योगदान दिया, जबकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में अधिक प्रभावी भूमिका निभाई। विशेष रूप से पीडीएस के पक्ष में 57.14 प्रतिशत उत्तरदाताओं की सहमति यह दर्शाती है कि गरीबी निवारण एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में यह योजना अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुई है। हालांकि, दोनों योजनाओं के संदर्भ में कुछ उत्तरदाताओं ने असंतोष अथवा अनिश्चितता व्यक्त की है, जिससे यह संकेत मिलता है कि योजनाओं के प्रभाव को व्यापक एवं प्रभावी बनाने के लिए उनके क्रियान्वयन, पारदर्शिता और लाभों की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है।

4.2. गरीबी निवारण में सरकारी योजनाओं का आर्थिक प्रभाव : गरीबी निवारण में विभिन्न सरकारी योजनाओं के आर्थिक प्रभाव का आकलन सारणी–10 से 19 तक प्रस्तुत किया गया है, जिनके तहत सरकारी योजनाओं के आर्थिक प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं की राय का विश्लेषण किया गया है।

सारणी–10 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं से यह पूछा गया कि क्या सरकारी योजनाओं से जुड़ने के बाद लाभार्थियों के परिवारों की मासिक आय में वृद्धि हुई है और कुल उत्तरदाताओं में से 48.57 प्रतिशत ने स्वीकार किया कि सरकारी योजनाओं से जुड़ने के बाद उनके परिवार की मासिक आय में वृद्धि हुई है। इसके विपरीत 38.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि उन्हें आय में कोई विशेष वृद्धि अनुभव नहीं हुई। जबकि 12.86 प्रतिशत अनिश्चित रहे और स्पष्ट राय नहीं दे सके। इससे स्पष्ट होता है कि लगभग आधे (48.57 प्रतिशत) लाभार्थियों का मानना है कि सरकारी योजनाओं का उनकी मासिक आय बढ़ाने में सकारात्मक योगदान रहा है। हालांकि, 38.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने आय में वृद्धि से इनकार किया, जिससे यह संकेत मिलता है कि योजनाओं का लाभ सभी परिवारों तक समान रूप से नहीं पहुँच पाया। वहीं 12.86 प्रतिशत उत्तरदाताओं की अनिश्चितता यह दर्शाती है कि कुछ लाभार्थियों को योजनाओं के आर्थिक प्रभाव का स्पष्ट अनुभव नहीं हुआ। कुल मिलाकर, सरकारी योजनाओं का परिवारों की मासिक आय पर सकारात्मक लेकिन सीमित प्रभाव दिखाई देता है।

सारणी-10: परिवारों की मासिक आय में वृद्धि पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से जुड़ने के बाद लाभार्थियों परिवारों की मासिक आय में वृद्धि हुई है?	हां	34	48.57
	नहीं	27	38.57
	अनिश्चित	09	12.86
	कुल योग	70	100

सारणी-11: चित्रकूट जिले में गरीबी निवारण पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं का चित्रकूट जिले में गरीबी निवारण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है?	हां	42	60.00
	नहीं	18	25.71
	अनिश्चित	10	14.29
	कुल योग	70	100

सारणी–11 में कुल उत्तरदाताओं से पूछा गया कि क्या सरकारी योजनाओं का चित्रकूट जिले में गरीबी निवारण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और कुल उत्तरदाताओं में से 60.00 प्रतिशत ने स्वीकार किया कि सरकारी योजनाओं ने गरीबी निवारण में सकारात्मक भूमिका निभाई है। इसके विपरीत 25.71 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि योजनाओं का अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ा है। जबकि 14.29 प्रतिशत अनिश्चित रहे और स्पष्ट राय नहीं दे सके। इससे स्पष्ट होता है कि अधिकांश उत्तरदाता (60.00 प्रतिशत) यह मानते हैं कि सरकारी योजनाओं ने चित्रकूट जिले में गरीबी कम करने में सकारात्मक योगदान दिया है। इसके विपरीत 25.71 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस प्रभाव को स्वीकार नहीं किया, जबकि 14.29 प्रतिशत उत्तरदाता निश्चित राय नहीं दे सके। इससे निष्कर्ष निकलता है कि सरकारी योजनाओं का गरीबी निवारण पर सकारात्मक प्रभाव दिखाई देता है, किंतु योजनाओं के प्रभाव को व्यापक एवं प्रभावी बनाने की आवश्यकता है ताकि अधिक से अधिक परिवार इनका लाभ प्राप्त कर सकें।

सारणी-12: परिवारों के आय स्तर पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या गरीबी निवारक सरकारी योजनाओं ने गरीब परिवारों के आय स्तर को बढ़ाया है?	हां	33	47.14
	नहीं	27	38.57
	अनिश्चित	10	14.29
	कुल योग	70	100

सारणी-13: परिवारों के वित्तीय समावेशन पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं के लाभ से गरीब परिवारों का वित्तीय समावेशन हुआ है?	हां	41	58.57
	नहीं	20	28.57
	अनिश्चित	09	12.86
	कुल योग	70	100

सारणी–12 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं से यह प्रश्न पूछा गया कि क्या गरीबी निवारण सरकारी योजनाओं ने गरीब परिवारों के आय स्तर को बढ़ाया है और कुल उत्तरदाताओं में से 47.14 प्रतिशत ने स्वीकार किया कि सरकारी योजनाओं के कारण परिवारों के आय स्तर में वृद्धि हुई है। इसके विपरीत 38.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार योजनाओं का आय स्तर पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है। जबकि 14.29 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित रहे और उन्होंने कोई स्पष्ट राय व्यक्त नहीं की है। इससे स्पष्ट होता है कि सर्वाधिक 47.14 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने यह स्वीकार किया कि गरीबी निवारण सरकारी योजनाओं ने परिवारों के आय स्तर में वृद्धि करने में सकारात्मक योगदान दिया है। हालांकि 38.57 प्रतिशत उत्तरदाता इस मत से सहमत नहीं हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि योजनाओं का लाभ सभी परिवारों तक समान रूप से नहीं पहुँच पाया है। वहीं 14.29 प्रतिशत उत्तरदाताओं की अनिश्चितता यह दर्शाती है कि कुछ लोगों को योजनाओं के प्रभाव का स्पष्ट अनुभव नहीं हुआ। अतः यह कहा जा सकता है कि गरीबी निवारण योजनाओं का परिवारों के आय स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, किंतु इसकी प्रभावशीलता को बढ़ाने की आवश्यकता है।

सारणी–13 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं से यह प्रश्न पूछा गया कि क्या सरकारी योजनाओं के लाभ से गरीब परिवारों का वित्तीय समावेशन हुआ है और कुल उत्तरदाताओं में से 58.57 प्रतिशत ने स्वीकार किया कि सरकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवार वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया से जुड़े हैं। इसके विपरीत 28.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार योजनाओं का वित्तीय समावेशन पर अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ा है। जबकि 12.86 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित रहे। इससे स्पष्ट होता है कि 58.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत है कि सरकारी योजनाओं ने गरीब परिवारों के वित्तीय समावेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे यह संकेत मिलता है कि योजनाओं के माध्यम से अधिक लोगों के बैंक खाते खुले, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), बचत, ऋण और अन्य वित्तीय सेवाओं तक उनकी पहुँच बढ़ी है। दूसरी ओर 28.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस प्रभाव को स्वीकार नहीं किया, जबकि 12.86 प्रतिशत उत्तरदाता कोई निश्चित राय नहीं दे सके। अतः यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाओं ने गरीब परिवारों के वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करने में सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण योगदान दिया है, यद्यपि इसकी पहुँच और प्रभावशीलता को बढ़ाने की आवश्यकता बनी हुई है।

सारणी-14: लाभार्थियों के उपभोग स्तर पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से लाभार्थियों के उपभोग स्तर में सुधार हुआ है?	हां	34	48.57
	नहीं	25	35.71
	अनिश्चित	11	15.71
	कुल योग	70	100

सारणी-15: बचत और बीमा में वृद्धि पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से लाभार्थियों परिवारों के बचत और बीमा में वृद्धि हुई है?	हां	38	54.29
	नहीं	22	31.43
	अनिश्चित	10	14.29
	कुल योग	70	100

सारणी–14 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं से यह प्रश्न पूछा गया कि क्या सरकारी योजनाओं से लाभार्थियों के उपभोग स्तर में सुधार हुआ है और कुल उत्तरदाताओं में से 48.57 प्रतिशत ने स्वीकार किया कि सरकारी योजनाओं से उनके परिवार के उपभोग स्तर में सुधार हुआ है। इसके विपरीत 35.71 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार योजनाओं का उपभोग स्तर पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है। जबकि 15.71 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित रहे और उन्होंने कोई स्पष्ट राय व्यक्त नहीं की है। इससे स्पष्ट होता है कि लगभग आधे (48.57 प्रतिशत) उत्तरदाताओं का मानना है कि सरकारी योजनाओं के कारण लाभार्थियों के उपभोग स्तर में सुधार हुआ है। इससे संकेत मिलता है कि योजनाओं से प्राप्त आय एवं अन्य सुविधाओं के कारण परिवारों की दैनिक आवश्यकताओं, खाद्य सामग्री, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य उपभोग संबंधी खर्चों को पूरा करने की क्षमता में वृद्धि हुई है। दूसरी ओर 35.71 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस प्रभाव को स्वीकार नहीं किया, जबकि 15.71 प्रतिशत उत्तरदाता निश्चित राय नहीं दे सके। अतः यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभार्थियों के उपभोग स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, किन्तु इस प्रभाव को अधिक व्यापक बनाने की आवश्यकता है।

सारणी–15 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं से यह प्रश्न पूछा गया कि क्या सरकारी योजनाओं से लाभार्थी परिवारों की बचत और बीमा में वृद्धि हुई है और कुल उत्तरदाताओं में से 54.29 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि सरकारी योजनाओं के कारण परिवारों की बचत तथा बीमा सुरक्षा में वृद्धि हुई है। इसके विपरीत 31.43 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार योजनाओं का बचत एवं बीमा पर अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ा है। जबकि 14.29 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि 54.29 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि सरकारी योजनाओं ने लाभार्थी परिवारों में बचत की प्रवृत्ति तथा बीमा सुविधाओं के उपयोग को बढ़ावा दिया है। इसका अर्थ है कि योजनाओं के माध्यम से परिवारों की आर्थिक सुरक्षा में सुधार हुआ और वे भविष्य के जोखिमों से बचाव के प्रति अधिक जागरूक हुए हैं। हालांकि 31.43 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस प्रभाव को स्वीकार नहीं किया और 14.29 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित रहे। अतः यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाओं ने लाभार्थी परिवारों की बचत एवं बीमा कवरेज में सकारात्मक योगदान दिया है, किन्तु सभी पात्र परिवारों तक इन लाभों की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

सारणी-16: वित्तीय सहायता के अवसर पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं के लाभ से लाभांवित परिवारों को वित्तीय सहायता के अवसर बढे हैं?	हां	41	58.57
	नहीं	23	32.86
	अनिश्चित	06	8.57
	कुल योग	70	100

सारणी-17: वित्तीय समझ और बाजार पहुंच पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से लाभार्थियों परिवारों के वित्तीय समझ और बाजार पहुंच में वृद्धि हुई है?	हां	45	64.29
	नहीं	18	25.71
	अनिश्चित	07	10.00
	कुल योग	70	100

सारणी–16 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं से यह प्रश्न पूछा गया कि क्या सरकारी योजनाओं के लाभ से लाभार्थी परिवारों को वित्तीय सहायता के अवसर बढ़े हैं और कुल उत्तरदाताओं में से 58.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि सरकारी योजनाओं के माध्यम से उन्हें वित्तीय सहायता प्राप्त करने के अवसरों में वृद्धि हुई है। इसके विपरीत 32.86 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार योजनाओं से वित्तीय सहायता के अवसरों में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई। जबकि 8.57 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित रहे और उन्होंने कोई स्पष्ट राय व्यक्त नहीं की है। इससे स्पष्ट होता है कि 58.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत है कि सरकारी योजनाओं ने लाभार्थी परिवारों के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने के अवसरों का विस्तार किया है। इससे यह संकेत मिलता है कि योजनाओं के माध्यम से ऋण, अनुदान, सब्सिडी और अन्य आर्थिक सहायता तक पहुँच पहले की अपेक्षा बेहतर हुई है। दूसरी ओर 32.86 प्रतिशत उत्तरदाता इस मत से सहमत नहीं हैं, जबकि 8.57 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित रहे। अतः यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाओं का वित्तीय सहायता के अवसरों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, यद्यपि इसकी पहुँच और प्रभावशीलता को मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

सारणी–17 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं से यह प्रश्न पूछा गया कि क्या सरकारी योजनाओं से लाभार्थियों की वित्तीय समझ और बाजार तक पहुँच में वृद्धि हुई है और कुल उत्तरदाताओं में से 64.29 प्रतिशत ने स्वीकार किया कि सरकारी योजनाओं ने उनकी वित्तीय जागरूकता तथा बाजार तक पहुँच को बढ़ाया है। इसके विपरीत 25.71 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार योजनाओं का अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ा है। जबकि 10.00 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित रहे। इससे स्पष्ट होता है कि 64.29 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि सरकारी योजनाओं के कारण लाभार्थियों की वित्तीय समझ में वृद्धि हुई है तथा उन्हें बाजार, बैंकिंग सेवाओं और आर्थिक अवसरों तक बेहतर पहुँच प्राप्त हुई है। यह प्रतिशत सभी उत्तरों में सर्वाधिक है, जो दर्शाता है कि योजनाओं ने लाभार्थियों की आर्थिक जागरूकता और बाजार से जुड़ाव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दूसरी ओर 25.71 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस प्रभाव को स्वीकार नहीं किया, जबकि 10.00 प्रतिशत उत्तरदाता निश्चित राय व्यक्त नहीं कर सके। अतः यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाओं का वित्तीय साक्षरता, आर्थिक जागरूकता एवं बाजार पहुँच पर उल्लेखनीय सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जिससे लाभार्थियों की आर्थिक भागीदारी और आत्मनिर्भरता में वृद्धि हुई है।

सारणी-18: अनौपचारिक ऋण की कमी पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या वित्तीय समर्थन देने वाली योजनाओं के लाभ से परिवार की अनौपचारिक ऋण पर निर्भरता कम हुई है?	हां	38	54.29
	नहीं	21	30.00
	अनिश्चित	11	15.71
	कुल योग	70	100

सारणी-19: उत्पादक संसाधनों की उपलब्धता पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं के लाभ से लाभांवित परिवारों के उत्पादक संसाधनों की उपलब्धता बढ़ी है?	हां	42	60.00
	नहीं	20	28.57
	अनिश्चित	08	11.43
	कुल योग	70	100

सारणी–18 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं से यह प्रश्न पूछा गया कि क्या वित्तीय समर्थन देने वाली सरकारी योजनाओं के लाभ से परिवारों की अनौपचारिक ऋण (साहूकार, महाजन आदि) पर निर्भरता कम हुई है और कुल उत्तरदाताओं में से 54.29 प्रतिशत ने स्वीकार किया कि सरकारी योजनाओं के कारण अनौपचारिक ऋण पर निर्भरता में कमी आई है। इसके विपरीत 30.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार योजनाओं का अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ा है। जबकि 15.71 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित रहे और उन्होंने कोई स्पष्ट राय व्यक्त नहीं की है। इससे स्पष्ट होता है कि 54.29 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि सरकारी योजनाओं से मिलने वाली वित्तीय सहायता, बैंकिंग सुविधाओं और अन्य संस्थागत सहायता के कारण परिवारों की साहूकारों एवं अन्य अनौपचारिक स्रोतों से ऋण लेने की आवश्यकता में कमी आई है। दूसरी ओर 30.00 प्रतिशत उत्तरदाता इस मत से सहमत नहीं हैं, जबकि 15.71 प्रतिशत उत्तरदाता निश्चित राय नहीं दे सके। इससे स्पष्ट है कि सरकारी योजनाओं ने अनौपचारिक ऋण पर निर्भरता कम करने में सकारात्मक योगदान दिया है, यद्यपि इस लाभ को अधिक व्यापक बनाने के लिए योजनाओं की पहुँच और प्रभावशीलता में सुधार की आवश्यकता है।

सारणी–19 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं से यह प्रश्न पूछा गया कि क्या सरकारी योजनाओं के लाभ से लाभार्थी परिवारों के उत्पादक संसाधनों की उपलब्धता बढ़ी है और कुल उत्तरदाताओं में से 60.00 प्रतिशत ने स्वीकार किया कि सरकारी योजनाओं के कारण उत्पादक संसाधनों की उपलब्धता में वृद्धि हुई है। इसके विपरीत 28.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार योजनाओं का अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ा है। जबकि 11.43 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि 60.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत है कि सरकारी योजनाओं ने लाभार्थी परिवारों को कृषि उपकरण, सिंचाई सुविधाएँ, पशुपालन, स्वरोजगार हेतु उपकरण, ऋण एवं अन्य उत्पादक संसाधनों तक बेहतर पहुँच प्रदान की है। इससे उनकी आय सृजन क्षमता तथा आर्थिक उत्पादकता में वृद्धि हुई है। दूसरी ओर 28.57 प्रतिशत उत्तरदाता इस मत से सहमत नहीं हैं, जबकि 11.43 प्रतिशत उत्तरदाता कोई निश्चित राय व्यक्त नहीं

कर सके। अतः यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाओं का उत्पादक संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने में महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जिससे लाभार्थी परिवारों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सहायता मिली है।

4.3. गरीबी निवारण में सरकारी योजनाओं का सामाजिक प्रभाव : गरीबी निवारण में विभिन्न सरकारी योजनाओं के सामाजिक प्रभाव का आकलन सारणी–20 से 31 तक प्रस्तुत किया गया है, जिनके तहत सरकारी योजनाओं के सामजिक प्रभाव के संबंध में उत्तरदाताओं की राय का विश्लेषण किया गया है।

सारणी–20 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं में से 50.00 प्रतिशत का मानना है कि सरकारी योजनाओं के लाभ से गरीब परिवारों का सशक्तिकरण हुआ है। इसके विपरीत 31.43 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत है कि योजनाओं से गरीब परिवारों का सशक्तिकरण नहीं हुआ। जबकि 18.57 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित हैं। इससे स्पष्ट है कि आधे (50 प्रतिशत) उत्तरदाता सरकारी योजनाओं को गरीब परिवारों के सशक्तिकरण में प्रभावी मानते हैं। यद्यपि लगभग एक–तिहाई उत्तरदाता (31.43 प्रतिशत) इससे सहमत नहीं हैं, फिर भी सकारात्मक मत रखने वालों की संख्या अधिक है। इससे संकेत मिलता है कि सरकारी योजनाओं का गरीब परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, हालांकि इसकी प्रभावशीलता सभी लाभार्थियों तक समान रूप से नहीं पहुँच सकी है।

सारणी-20: गरीब परिवारों के सशक्तिकरण पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं के लाभ से गरीब परिवारों का सशक्तिकरण हुआ है?	हां	35	50.00
	नहीं	22	31.43
	अनिश्चित	13	18.57
	कुल योग	70	100

सारणी-21: महिलाओं के सशक्तिकरण पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं के लाभ से महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है?	हां	37	52.86
	नहीं	23	32.86
	अनिश्चित	10	14.29
	कुल योग	70	100

सारणी–21 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं में से 52.86 प्रतिशत का मानना है कि सरकारी योजनाओं के लाभ से महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है। इसके विपरीत 32.86 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत है कि महिलाओं का सशक्तिकरण नहीं हुआ। जबकि 14.29 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित हैं। इससे स्पष्ट होता है कि अधिकांश उत्तरदाता (52.86 प्रतिशत) सरकारी योजनाओं को महिलाओं के सशक्तिकरण में सहायक मानते हैं। जबकि 32.86 प्रतिशत उत्तरदाता इससे असहमत हैं और 14.29 प्रतिशत उत्तरदाता कोई स्पष्ट राय नहीं दे सके। इससे स्पष्ट है कि सरकारी योजनाओं ने महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं निर्णयात्मक भागीदारी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस तरह दोनों सारणियों के तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट है कि सरकारी योजनाओं का प्रभाव महिलाओं के सशक्तिकरण (52.86 प्रतिशत) पर गरीब परिवारों के सशक्तिकरण (50.00 प्रतिशत) की अपेक्षा थोड़ा अधिक सकारात्मक पाया गया। अधिकांश उत्तरदाता मानते हैं कि सरकारी योजनाओं ने गरीबी निवारण के साथ–साथ समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर गरीब परिवारों एवं महिलाओं, के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि कुछ उत्तरदाता असहमत या अनिश्चित भी हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि योजनाओं के प्रभाव को व्यापक एवं प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

सारणी-22: ग्रामीण परिवारों के पलायन पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या गाँव में ही रोजगार योजनाओं का लाभ मिलने से ग्रामीण परिवारों की ओर होने वाले पलायन में कमी आई है?	हां	33	47.14
	नहीं	21	30.00
	अनिश्चित	16	22.86
	कुल योग	70	100

सारणी-23: युवाओं के स्थानीय रोजगार पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकार संचालित कौशल विकास योजनाओं से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार या स्वरोजगार मिला है?	हां	35	50.00
	नहीं	20	28.57
	अनिश्चित	15	21.43
	कुल योग	70	100

सारणी–22 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं में से 47.14 प्रतिशत का मत है कि गाँव में रोजगार योजनाओं का लाभ मिलने से ग्रामीण परिवारों के पलायन में कमी आई है। इसके विपरीत 30.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि योजनाओं से पलायन में कोई कमी नहीं आई। जबकि 22.86 प्रतिशत उत्तरदाता इस संबंध में अनिश्चित पाए गए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि सर्वाधिक 47.14 प्रतिशत उत्तरदाता मानते हैं कि सरकारी रोजगार योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाकर पलायन को कम करने में सकारात्मक भूमिका निभाई है। हालांकि 30 प्रतिशत उत्तरदाता इससे असहमत हैं तथा 22.86 प्रतिशत उत्तरदाता कोई स्पष्ट राय नहीं दे सके। इससे संकेत मिलता है कि योजनाओं का प्रभाव सकारात्मक है, लेकिन सभी क्षेत्रों में यह समान रूप से प्रभावी नहीं रहा है।

सारणी–23 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं में से 50.00 प्रतिशत का मत है कि सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास योजनाओं से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार अथवा स्वरोजगार प्राप्त हुआ है। इसके विपरीत 28.57 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि कौशल विकास योजनाओं से स्थानीय रोजगार उपलब्ध नहीं हुआ। जबकि 21. 43 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित हैं। इससे स्पष्ट होता है कि आधे उत्तरदाता कौशल विकास योजनाओं को स्थानीय रोजगार सृजन की दृष्टि से प्रभावी मानते हैं। वहीं एक चौथाई से अधिक उत्तरदाता इससे असहमत हैं तथा 21.43 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित हैं। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी कौशल विकास एवं रोजगारपरक योजनाओं ने युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस तरह, दोनों सारणियों के तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाओं का प्रभाव युवाओं के स्थानीय रोजगार (50.00 प्रतिशत) पर ग्रामीण परिवारों के पलायन में कमी (47.14 प्रतिशत) की तुलना में थोड़ा अधिक सकारात्मक पाया गया। अधिकांश उत्तरदाता मानते हैं कि रोजगार एवं कौशल विकास से संबंधित सरकारी योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाए हैं, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त हुआ है और ग्रामीण परिवारों के पलायन में भी कमी आई है। फिर भी, एक उल्लेखनीय संख्या ऐसे उत्तरदाताओं की है जो इन योजनाओं के प्रभाव से असहमत या अनिश्चित हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि योजनाओं के क्रियान्वयन और लाभों की पहुँच को प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

सारणी-24: बच्चों की शिक्षा के अवसर पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं के लाभांवित परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर मिले हैं?	हां	34	48.57
	नहीं	23	32.86
	अनिश्चित	13	18.57
	कुल योग	70	100

सारणी-25: अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं के अवसर पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं के लाभांवित परिवारों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं के अवसर मिले हैं?	हां	36	51.43
	नहीं	24	34.29
	अनिश्चित	10	14.29
	कुल योग	70	100

सारणी–24 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं में से 48.57 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं के लाभ से उनके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर प्राप्त हुए हैं। इसके विपरीत 32.86 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि सरकारी योजनाओं से बच्चों की शिक्षा के अवसरों में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। जबकि 18.57 प्रतिशत उत्तरदाता इस संबंध में अनिश्चित रहे। इससे स्पष्ट होता है कि लगभग आधे (48.57 प्रतिशत) उत्तरदाता मानते हैं कि सरकारी योजनाओं ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए हैं। वहीं लगभग एक–तिहाई उत्तरदाता इस मत से सहमत नहीं हैं और 18.57 प्रतिशत उत्तरदाता कोई स्पष्ट राय नहीं दे सके। इससे संकेत मिलता है कि शिक्षा संबंधी सरकारी योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव दिखाई देता है, किंतु इनका लाभ सभी लाभार्थियों तक समान रूप से नहीं पहुँच पाया है।

सारणी–25 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं में से 51.43 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं के लाभ से लाभार्थी परिवारों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं के अवसर प्राप्त हुए हैं। इसके विपरीत 34.29 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि योजनाओं से स्वास्थ्य सुविधाओं में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। जबकि 14.29 प्रतिशत उत्तरदाता इस संबंध में अनिश्चित रहे। इससे ज्ञात होता है कि अधिकांश उत्तरदाता (51.43 प्रतिशत) सरकारी योजनाओं को स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने में प्रभावी मानते हैं। दूसरी ओर एक–तिहाई उत्तरदाता इससे असहमत हैं तथा 14.29 प्रतिशत उत्तरदाता अनिश्चित हैं। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं ने गरीब एवं लाभार्थी परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस तरह, दोनों सारणियों के तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाओं का प्रभाव अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता (51.43 प्रतिशत) पर बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर (48.57 प्रतिशत) की अपेक्षा थोड़ा अधिक सकारात्मक पाया गया। अधिकांश उत्तरदाता यह मानते हैं कि सरकारी योजनाओं ने गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा लाभार्थी परिवारों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यद्यपि कुछ उत्तरदाता इन योजनाओं के प्रभाव से असहमत या अनिश्चित हैं, फिर भी समग्र रूप से यह निष्कर्ष निकलता है कि सरकारी योजनाओं ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे सामाजिक विकास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सकारात्मक योगदान दिया है।

सारणी–26 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं में से 52.86 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं के लाभ से रोजगार के अवसर बढ़े हैं। इसके विपरीत 31.43 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि सरकारी योजनाओं से रोजगार के अवसरों में वृद्धि नहीं हुई। जबकि 15.71 प्रतिशत उत्तरदाता इस संबंध में अनिश्चित हैं। इससे स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाताओं (52.86 प्रतिशत) का मानना है कि सरकारी योजनाओं ने रोजगार के अवसरों में वृद्धि की है। जबकि लगभग एक–तिहाई उत्तरदाता इससे असहमत हैं और 15.71 प्रतिशत उत्तरदाता कोई स्पष्ट राय नहीं दे

सके। इससे संकेत मिलता है कि रोजगारोन्मुखी सरकारी योजनाओं ने लाभार्थियों के लिए रोजगार एवं आजीविका के अवसरों का विस्तार करने में सकारात्मक भूमिका निभाई है, यद्यपि इसका लाभ सभी तक समान रूप से नहीं पहुँच पाया है।

सारणी-26: रोजगार के अवसर पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं के लाभ से रोजगार के अवसर बढे हैं?	हां	37	52.86
	नहीं	22	31.43
	अनिश्चित	11	15.71
	कुल योग	70	100

सारणी-27: लाभार्थियों के जीवन स्तर पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं से लाभार्थियों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है?	हां	36	51.43
	नहीं	19	27.14
	अनिश्चित	15	21.43
	कुल योग	70	100

सारणी–27 के अनुसार कुल उत्तरदाताओं में से 51.43 प्रतिशत का मत है कि सरकारी योजनाओं से लाभार्थियों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। इसके विपरीत 27.14 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि योजनाओं से जीवन स्तर में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। जबकि 21.43 प्रतिशत उत्तरदाता इस संबंध में अनिश्चित हैं। इससे ज्ञात होता है कि अधिकांश उत्तरदाता (51.43 प्रतिशत) यह मानते हैं कि सरकारी योजनाओं ने लाभार्थियों के जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार किया है। वहीं लगभग एक–चौथाई प्रतिशत उत्तरदाता इससे असहमत हैं तथा 21.43 प्रतिशत उत्तरदाता कोई निश्चित राय व्यक्त नहीं कर सके। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाओं ने आय, जीवन–यापन की सुविधाओं तथा सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस तरह दोनों सारणियों के तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाओं का प्रभाव रोजगार के अवसरों में वृद्धि (52.86 प्रतिशत) तथा लाभार्थियों के जीवन स्तर में सुधार (51.43 प्रतिशत) दोनों ही क्षेत्रों में सकारात्मक पाया गया है। रोजगार के अवसरों पर प्रभाव का प्रतिशत जीवन स्तर में सुधार की तुलना में थोड़ा अधिक है। अधिकांश उत्तरदाताओं का मत है कि सरकारी योजनाओं ने रोजगार सृजन, आय में वृद्धि तथा जीवन–यापन की गुणवत्ता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यद्यपि कुछ उत्तरदाता इन योजनाओं के प्रभाव से असहमत या अनिश्चित हैं, फिर भी समग्र रूप से यह निष्कर्ष निकलता है कि सरकारी योजनाएँ गरीबी उन्मूलन एवं लाभार्थियों के सामाजिक–आर्थिक विकास में प्रभावी सिद्ध हुई हैं।

सारणी-28: नए कौशल सीखने के अवसर पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं के लाभांवित परिवारों को नए कौशल सीखने के अवसर मिले हैं?	हां	35	50.00
	नहीं	21	30.00
	अनिश्चित	14	20.00
	कुल योग	70	100

सारणी-29: सामाजिक सुरक्षा के स्तर पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं के लाभांवित परिवारों के सामाजिक सुरक्षा का स्तर बढ़ा है?	हां	34	48.57
	नहीं	25	35.71
	अनिश्चित	11	15.71
	कुल योग	70	100

सारणी–28 में यह जानने का प्रयास किया गया है कि क्या सरकारी योजनाओं के लाभांवित परिवारों को नए कौशल सीखने के अवसर मिले हैं और कुल उत्तरदाताओं में से 50.00 प्रतिशत का मानना है कि सरकारी योजनाओं के माध्यम से लाभांवित परिवारों को नए कौशल सीखने के अवसर मिले हैं। यह दर्शाता है कि योजनाएं कौशल विकास में काफी हद तक सफल रही हैं। इसके विपरीत 30.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि उन्हें नए कौशल सीखने का कोई प्रभाव नहीं पडा है। जबकि 20.00 प्रतिशत उत्तरदाता इस विषय में स्पष्ट नहीं हैं और उन्होंने श्अनिश्चितश का विकल्प चुना है।

सारणी–29 में यह जानने का प्रयास किया गया है कि क्या सरकारी योजनाओं के लाभांवित परिवारों के सामाजिक सुरक्षा का स्तर बढ़ा है और कुल उत्तरदाताओं में से 48.57 प्रतिशत ने माना कि सरकारी योजनाओं से उनके सामाजिक सुरक्षा के स्तर में सुधार हुआ है। इसके विपरीत 35.71 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि सामाजिक सुरक्षा के स्तर में कोई वृद्धि नहीं हुई है। जबकि 15.71 प्रतिशत उत्तरदाता इस प्रभाव को लेकर अनिश्चित हैं। उपर्युक्त दोनों सारणियों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाओं का गरीबी निवारण पर सकारात्मक प्रभाव अधिक रहा है। लगभग आधे उत्तरदाता मानते हैं कि इन योजनाओं से कौशल विकास (50 प्रतिशत) और सामाजिक सुरक्षा (48.57 प्रतिशत) दोनों क्षेत्रों में सुधार हुआ है, हालांकि अभी भी एक बड़ा वर्ग (30 प्रतिशत से 35 प्रतिशत) ऐसा है जिसे इन लाभों का अनुभव नहीं हुआ है।

सारणी–30 में यह जानने का प्रयास किया गया है कि क्या सरकारी योजनाओं के लाभांवित परिवारों की बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच बढ़ी है और कुल उत्तरदाताओं में से 50.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि सरकारी योजनाओं के माध्यम से लाभांवित परिवारों की बुनियादी सुविधाओं (जैसे बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा

आदि) तक पहुंच में सुधार हुआ है। यह दर्शाता है कि आधी आबादी इन योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन से सीधे तौर पर लाभान्वित महसूस कर रही है। इसके विपरीत 32.86 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच में कोई खास सुधार या वृद्धि नहीं हुई है। यह संकेत करता है कि योजनाओं का लाभ अभी भी पूरी तरह से समाज के हर तबके तक नहीं पहुंच पाया है। जबकि 17.14 प्रतिशत उत्तरदाता स्पष्ट राय नहीं रखते हैं या उन्होंने 'अनिश्चित' विकल्प का चुनाव किया है।

सारणी-30: बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या सरकारी योजनाओं के लाभांवित परिवारों की बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच बढ़ी है?	हां	35	50.00
	नहीं	23	32.86
	अनिश्चित	12	17.14
	कुल योग	70	100

सारणी-31: महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन पर प्रभाव

प्रभाव के प्रति राय		आवृत्ति	प्रतिशत
प्रश्न: क्या स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन की क्षमता में बदलाव आया है?	हां	33	47.14
	नहीं	21	30.00
	अनिश्चित	16	22.86
	कुल योग	70	100

सारणी–31 में यह जानने का प्रयास किया गया है कि क्या स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन की क्षमता में बदलाव आया है और कुल उत्तरदाताओं में से 47.14 प्रतिशत ने स्वीकार किया है कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्वावलंबन की क्षमता में सकारात्मक सुधार हुआ है। यह दर्शाता है कि ये समूह महिलाओं को वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाने में काफी हद तक सफल हो रहे हैं। इसके विपरीत 30.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन की क्षमता में कोई बदलाव नहीं आया है। जबकि 22.86 प्रतिशत उत्तरदाता स्पष्ट राय देने में असमर्थ रहे हैं। महिलाओं के स्वावलंबन को लेकर अनिश्चितता का यह प्रतिशत (लगभग 23 प्रतिशत) बुनियादी सुविधाओं की तुलना में थोड़ा अधिक है।

उपर्युक्त दोनों सारणियों के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि सरकारी योजनाओं का समाज पर अनुकूल और सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। बुनियादी सुविधाओं के स्तर पर आधी आबादी (50 प्रतिशत) सकारात्मक सुधार का अनुभव कर रही है। जबकि महिला सशक्तिकरण के स्तर पर लगभग 47 प्रतिशत का मानना है कि स्वयं सहायता समूह महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर रहे हैं। हालांकि, दोनों ही क्षेत्रों में अभी भी 30 प्रतिशत से अधिक लोगों तक योजनाओं के सकारात्मक परिणाम नहीं पहुंच पाए हैं, जो नीति निर्माताओं और योजना क्रियान्वयन एजेंसियों के लिए सुधार पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

4.4. लिकर्ट स्केल पर सरकारी योजनाओं का गरीबी निवारण पर प्रभाव का आकलनः लिकर्ट स्केल (सहमत, अनिश्चित एवं असहमत) के माध्यम से सरकारी गरीबी निवारक योजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन सारणी–32 में प्रस्तुत किया गया है। इस सारणी में कुल 70 उत्तरदाताओं की राय के आधार पर विभिन्न प्रभावकारी कारकों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

सारणी–32 के पहले प्रश्न में यह जानने का प्रयास किया गया है कि क्या गरीबी निवारक सरकारी योजनाओं से परिवार का जीवन स्तर बेहतर हुआ है और इस पर 45.71 प्रतिशत उत्तरदाता सहमत, 18.57 प्रतिशत अनिश्चित तथा 35.71 प्रतिशत असहमत पाए गए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि अधिकांश उत्तरदाताओं का मानना है कि सरकारी योजनाओं ने गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार किया है।

सारणी के दूसरे प्रश्न में यह जानने का प्रयास किया गया है कि क्या सरकारी योजनाएँ गरीबों तक प्रभावी ढंग से पहुँच रही हैं और इस पर 52.86 प्रतिशत उत्तरदाता सहमत, 14.29 प्रतिशत अनिश्चित तथा 32.86 प्रतिशत असहमत पाए गए हैं। इससे संकेत मिलता है कि आधे से अधिक उत्तरदाता योजनाओं की पहुँच को प्रभावी मानते हैं।

सारणी के तीसरे प्रश्न में यह जानने का प्रयास किया गया है कि क्या गरीबी निवारक सरकारी योजनाओं के लाभार्थी चयन में पारदर्शिता है और इस पर 48.57 प्रतिशत उत्तरदाता सहमत, 24.29 प्रतिशत अनिश्चित तथा 27.14 प्रतिशत असहमत पाए गए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि अधिकांश उत्तरदाता लाभार्थी चयन प्रक्रिया को अपेक्षाकृत पारदर्शी मानते हैं, यद्यपि कुछ उत्तरदाताओं में संशय भी है।

सारणी के चौथे प्रश्न में यह जानने का प्रयास किया गया है कि क्या गरीबी निवारक सरकारी योजनाओं से गरीबी कम करने में सहायता मिली है और इस पर 54.29 प्रतिशत उत्तरदाता सहमत, 15.71 प्रतिशत अनिश्चित तथा 30.00 प्रतिशत असहमत पाए गए हैं। यह दर्शाता है कि अधिकांश लाभार्थियों के अनुसार सरकारी योजनाओं ने गरीबी कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

सारणी के पांचवें प्रश्न में यह जानने का प्रयास किया गया है कि क्या गरीबी निवारक सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में भ्रष्टाचार है और इस पर 58.57 प्रतिशत उत्तरदाता सहमत, 14.29 प्रतिशत अनिश्चित तथा 27.14

प्रतिशत असहमत हैं। इससे स्पष्ट होता है कि यद्यपि आधे से अधिक उत्तरदाता योजनाओं के कार्यान्वयन में भ्रष्टाचार को स्वीकार करते हैं, फिर भी एक छोटा वर्ग इससे असहमत है।

सारणी-32: लिकर्ट स्केल पर सरकारी योजनाओं का गरीबी निवारण पर प्रभाव का आकलन

प्रभाव कारक	इकाई	समग्र सहमति	अनिश्चित	समग्र असहमति	कुल योग
क्या गरीबी निवारक सरकारी योजनाओं से परिवार का जीवन स्तर बेहतर हुआ है?	आवृत्ति	32	13	25	70
	प्रतिशत	45.71	18.57	35.71	100
क्या सरकारी योजनाएँ गरीबों तक प्रभावी ढंग से पहुँच रही हैं?	आवृत्ति	37	10	23	70
	प्रतिशत	52.86	14.29	32.86	100
क्या गरीबी निवारक सरकारी योजनाओं के लाभार्थी चयन में पारदर्शिता है?	आवृत्ति	34	17	19	70
	प्रतिशत	48.57	24.29	27.14	100
क्या गरीबी निवारक सरकारी योजनाओं से गरीबी कम करने में सहायता मिली है?	आवृत्ति	38	11	21	70
	प्रतिशत	54.29	15.71	30.00	100
क्या गरीबी निवारक सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में भ्रष्टाचार है?	आवृत्ति	41	10	19	70
	प्रतिशत	58.57	14.29	27.14	100
क्या गरीबी निवारक सरकारी योजनाओं के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं?	आवृत्ति	40	09	21	70
	प्रतिशत	57.14	12.86	30.00	100
क्या गरीबी निवारक सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने के बाद गाँव से पलायन में कमी आई है?	आवृत्ति	32	15	23	70
	प्रतिशत	45.71	21.43	32.86	100
